आषाढ़ शुक्ल पक्ष तृतीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 जुलाई 2024
वर्ष 4, अंक 141, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अभिषेक के शतक से जीता भारत 13

अक्षरा सिंह के नया गाना मोहिनी का टीजर रिलीज 14



**जगन्नाथ रथ यात्रा**

पुरी में जगन्नाथ रथ यात्रा शुरू हो गई है। जगन्नाथ मंदिर में तीन घंटे के पहांडी अनुष्ठान संपन्न होने के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा रथों पर सवार किया गया। इस दौरान भगवान के रथ को खींचने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।

## पुरी रथ यात्रा में भगदड़ से एक की मौत, पांच श्रद्धालु घायल

**पुरी।** ओडिशा की तीर्थनगरी पुरी में रविवार को श्रीजगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा की वार्षिक रथ यात्रा के दौरान मची भगदड़ में एक श्रद्धालु की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए, जिनमें से एक गंभीर है। हादसा उस समय हुआ जब भगवान बलभद्र के तालध्वज के रथ को खींचने के लिए भक्तों में होड़ मच गई। सूत्रों ने बताया कि भगदड़ हिंदी स्कूल के पास हुई, जहां एक 60 वर्षीय व्यक्ति बेहोश हो गया। उसे जिला मुख्यालय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। भगदड़ में घायल पांच अन्य श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके अलावा रथ यात्रा का तीन किलोमीटर लंबा बड़ाडांडा मार्ग (जो असल में जन सैलाब में बदल गया था) की उच्च आर्द्रता की स्थिति के कारण निर्जलीकरण और दम घुटने के कारण 300 से अधिक भक्तों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**300** से अधिक श्रद्धालु दम घुटने से अस्पताल में भर्ती

# सोने की चमक बरकरार, 75 हजार पार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सहालग के पहले दिन से ही सोने की चमक बढ़ना शुरू हो गई है। पीली धातु के 24 कैरेट का भाव 75,200 रुपये प्रति दस ग्राम पहुंच गया है। वहीं सफेद धातु भी 94 हजार रुपये प्रति किलो के पार निकल गई है। बुलियन कारोबारियों का मानना है कि तेजी से चढ़ते भाव को देख कर कहा जा सकता है कि सोना रिकार्ड स्तर की ओर बढ़ रहा है। सहालग में ही रिकार्ड स्थापित कर देगा। चांदी अब तक के सबसे ज्यादा रेट पर है। इसमें तीन प्रतिशत जीएसटी शामिल है।

- 24 कैरेट सोने की कीमत 75,200 रुपये प्रति दस ग्राम

**94 हजार रुपये प्रति किलो के पार चांदी भी पहुंची**

### कीमतें बढ़ने के तमाम कारण मान रहे कारोबारी

इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (इब्जा) के स्टेट हेड अनुराग रस्तोगी बताते हैं कि कीमत बढ़ने का कारण केवल सहालग ही नहीं है। वैश्विक पटल पर उथल-पुथल, देशों के बीच युद्ध की विभीषिका और भंडारण से सोने की चमक बढ़ रही है। भले ही आमजन की पकड़ से सोना दूर हो रहा है। निवेशकों के लिए भी सोना पसंदीदा धातु है। वर्षों की कौन कहे दशकों बाद पीली और सफेद धातु अपने सर्वोच्च ऊंचाई पर है। सर्राफा पटल पर इन दोनों धातुओं की बढ़ती चमक से आमजन और सर्राफ दोनों हैरान हैं।

**लखनऊ में सोने का भाव**

| माह | सोने (10 ग्राम) | चांदी (किग्रा.) |
|---|---|---|
| 01 अप्रैल | 71,100 | 78,200 |
| 01 मई | 72, 800 | 82,000 |
| 01 जून | 73,900 | 93,500 |
| 07 जुलाई | 75,200 | 94, 200 |

**नोट-** यह आंकड़े इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन इब्जा की ओर से दिए गए हैं। इनमें जीएसटी जुड़ी है।

## एक नजर

### एनसीडब्ल्यू प्रमुख पर टिप्पणी, महुआ पर केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा के खिलाफ राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा के बारे में सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक वीडियो पर टिप्पणी की, जिसमें शर्मा को उत्तर प्रदेश के हाथरस में भगदड़ वाली जगह पर पहुंचते हुए दिखाया गया था। मोइत्रा ने बाद में पोस्ट को डिलीट कर दिया था। मूल पोस्ट में एक व्यक्ति को छाता पकड़ कर राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) प्रमुख के पीछे चलते हुए दिखाया गया था।

### झारखंड में इमारत ढही तीन लोगों की मौत

**देवघर (झारखंड)।** झारखंड के देवघर जिले में रविवार की सुबह एक इमारत ढह जाने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि देवघर के एक इलाके में सुबह करीब छह बजे दो मंजिला इमारत ढह गई थी। मलबे में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है और वहां राहत एवं बचाव अभियान जारी है। देवघर के सिविल सर्जन रंजन सिन्हा ने बताया कि मलबे में दबे छह लोगों को बाहर निकालकर यहां सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनमें से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक बच्चे समेत तीन अन्य का उपचार जारी है।

### बस्तर में नक्सलियों ने की अपने पूर्व साथी की हत्या

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर में नक्सलियों ने इस बार अपने ही एक पूर्व साथी नक्सली को मौत के घाट उतार दिया। दिनदहाड़े हुई इस हत्या से इलाके में भय का वातावरण हैं। माओवादियों ने जिस साथी नक्सली की हत्या की है वह कोई और नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर चुका बारसे मासा हैं। किस्टाराम एरिया कमेटी के सदस्य बारसे मासा पर चार लाख रुपये का इनाम घोषित था। उस पर कई थानों में मामले भी दर्ज थे।

**चकलुवा में बहाव में पुलिया बह जाने से हल्द्वानी-देहरादून मार्ग बंद, मलबा आने से हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे ठप**

# भारी बारिश और भूस्खलन से मैदान से पहाड़ का टूटा संपर्क

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** तीन दिन से लगातार हो रही बारिश व भूस्खलन के चलते कुमाऊं में मैदान का पहाड़ से संपर्क पूरी तरह कट गया है। नैनीताल व चंपावत जिले से पहाड़ को जाने वाले सभी रास्ते बंद हो गए हैं। हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे समेत कुमाऊं में सौ से अधिक सड़कें अवरुद्ध हैं। शनिवार रात को निहाल नदी में पानी के तेज बहाव से चकलुवा में पुलिया के नीचे की जमीन बह जाने से हल्द्वानी-कालाढूंगी-देहरादून मार्ग बंद हो गया। मलबा आने से बंद टनकपुर-तवाघाट हाईवे को रविवार देरशाम 24 घंटे बाद खोल दिया गया।

कुमाऊं में शुक्रवार रात से लगातार हो रही बारिश से रफ्तार थम गई है। नदी, नाले उफान पर हैं। हल्द्वानी-अल्मोड़ा हाईवे पर दोपाटी व क्वारब के पास भूस्खलन होने से आवाजाही ठप हो गई है। इस स्थान पर दो दिनों से बोल्डर गिरने से सिलसिला जारी है, जिससे रुक-रुक कर ट्रैफिक चल रहा था। लेकिन शनिवार रात भारी मात्रा में मलबा आने से हाईवे पर आवाजाही रविवार को ठप रही। धानाचूली-खुटानी मार्ग भी मलबा आने से बंद हो गया है। वाया रामगढ़ अल्मोड़ा जाने वाला मार्ग भी भूस्खलन की वजह से बंद है।

रामनगर-रानीखेत मार्ग शनिवार को मोहान के पास एक पुल ध्वस्त हो जाने से बंद हो गया था। इधर, शनिवार रात निहाल नदी में तेज बहाव की वजह से चकलुवा के पास स्थित पुलिया के नीचे का हिस्सा बह गया। जिससे हल्द्वानी से कालाढूंगी होकर देहरादून जाने वाला स्टेट हाईवे बंद हो गया। इस मार्ग के बंद होने से हल्द्वानी से रामनगर, देहरादून अब वाया रुद्रपुर आवाजाही हो रही है। हल्द्वानी में गौला नदी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। दोपहर में नदी का जल स्तर बढ़कर 20700 क्यूसेक हो गया था। पहाड़ पर लगातार हो रही बारिश की वजह से नंधौर नदी भी उफान पर रही। शेरनाला व सूर्यानाला में बरसाती पानी रपटों पर तेज बहाव के साथ बहता रहा, जिससे हल्द्वानी-सितारगंज मार्ग दिनभर बंद रहा।

उधर, टनकपुर-तवाघाट में स्वांला के पास मलबा आ जाने से हाईवे बंद हो गया था। इस हाईवे पर कई स्थानों पर मलबा आया है। प्रशासन की टीमें जेसीबी के साथ मुस्तैद होने की वजह से देर शाम साढ़े छह बजे हाईवे को 24 घंटे बाद खोल दिया। शारदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। बनबसा बैराज में दो लाख क्यूसेक से अधिक जलस्तर रिकॉर्ड किया गया।

चकलुवा में पुलिया के नीचे का हिस्सा बहने से हल्द्वानी-देहरादून मार्ग बंद हो गया। ● अमृत विचार

कुमाऊं में आपदा की स्थिति में बचाव एवं प्रबंधन के लिए एनडीआरएफ की 4 और एसडीआरएफ की 16 टीमें लगाई गई हैं। स्थानीय पुलिस भी लगातार निगरानी कर रही है।

**-डॉ योगेंद्र रावत, पुलिस उपमहानिरीक्षक**

**कुमाऊं में 100 सड़कें बंद**

| | |
|---|---|
| राष्ट्रीय राजमार्ग | 1 |
| राज्यमार्ग | 13 |
| अन्य मार्ग | 86 |
| नैनीताल | 23 |
| पिथौरागढ़ | 27 |
| बागेश्वर | 10 |
| चम्पावत | 23 |
| अल्मोड़ा | 08 |

**13** स्टेट हाईवे समेत कुमाऊं में सौ से अधिक छोटी-बड़ी सड़कें अवरुद्ध, टनकपुर-तवाघाट 24 घंटे बाद खुला

### अब रेड की जगह बारिश का येलो अलर्ट

**हल्द्वानी।** कुमाऊं मंडल में तीन दिनों में मूसलाधार बारिश हुई। सोमवार को भी बारिश होने के आसार हैं लेकिन रेड की जगह अब येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार सोमवार को नैनीताल और बागेश्वर जिलों में कहीं भारी तो कहीं अत्यंत भारी बारिश हो सकती है। देहरादून, पौड़ी, चमोली, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, चम्पावत और पिथौरागढ़ जिलों में भी बारिश हो सकती है। रविवार को गदरपुर में 104 मिमी, नैनीताल में 87 मिमी, हल्द्वानी में 118 मिमी, लोहाघाट में 82 .5 मिमी बारिश हुई है। देहरादून में अधिकतम तापमान 32 .4 डिग्री रहा यहां केवल दो मिमी बारिश दर्ज की गई।

# सत्संग में कुछ लोगों ने खोले थे जहरीले पदार्थ के डिब्बे

नई दिल्ली, एजेंसी

हाथरस हादसे के आरोपी साकार विश्व हरि उर्फ भोले बाबा के अधिवक्ता एपी सिंह ने रविवार को दावा किया कि दो जुलाई को हाथरस में हुए सत्संग के दौरान भीड़ में कुछ लोगों ने जहरीले पदार्थ से भरे डिब्बे खोले थे, जिससे भगदड़ मच गई।

नई दिल्ली में आयोजित प्रेसवार्ता में अधिवक्ता ने भगदड़ के पीछे साजिश का आरोप लगाया। कहा कि यह साजिश भोले बाबा की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए रची गई। अधिवक्ता ने दावा किया कि प्रत्यक्षदर्शियों ने उनसे संपर्क किया और बताया कि वहां 15-16 लोग जहरीले पदार्थ के डिब्बे लेकर आए थे और भीड़ में खोल दिया। अधिवक्ता ने कहा कि मारे गए लोगों की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से पता चला है कि उनकी मौत चोट के कारण नहीं, दम घुटने से हुई है। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर लोगों को भागने में मदद करने के लिए वाहन खड़े थे। उनके पास सबूत हैं।

**हाथरस हादसा**

- भोले बाबा के अधिवक्ता का दावा इसी वजह से मची थी भगदड़

### राहुल की योगी को चिट्ठी

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने मुआवजा राशि बढ़ाने व समय पर उपलब्ध कराने की मांग की है। पत्र में राहुल गांधी ने हाथरस हादसा स्थल पर स्वयं के पहुंचने व यथास्थिति की जानकारी साझा की है।

### न्यायिक आयोग ने की स्थानीय लोगों से पूछताछ

**लखनऊ।** हादसे की जांच कर रहे न्यायिक आयोग ने रविवार को घटना के प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों के अलावा अधिकारियों से पूछताछ की। लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में पूछताछ के दौरान हाथरस के जिलाधिकारी आशीष कुमार और पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल भी मौजूद थे।

# बंद सड़कों को यथाशीघ्र खोला जाए : सुमन

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन ने रविवार को आईटी पार्क स्थित राज्य आपदा कंट्रोल रूम से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये जिलों की स्थिति की समीक्षा की।

सुमन ने सभी जिलाधिकारियों को बारिश में भूस्खलन व मलबा आने से बंद एनएच, स्टेट हाईवे, जिला और ग्रामीण मार्गों को खुलवाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि बंद मार्गों पर साइनेज लगाएं तथा जनता तक इसकी जानकारी पहुंचाएं। उन्होंने नदियों के जलस्तर की भी जानकारी ली और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने और नदी-नालों से दूर रहने को लेकर जागरूक करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर विभिन्न आपदाओं को लेकर भ्रामक तथा फर्जी पोस्ट अपलोड करने की सूचना है। आम जन में भय और डर का माहौल न रहे इसलिए ऐसे भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट का तुरंत खंडन किया जाए। प्रभावितों को तत्काल राहत राशि देने और 15 जून से अब तक बांटी गई राशि की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सख्त लहजे में कहा कि जिलों में कनेक्टिविटी बने रहे इसके लिए सिर्फ एक नेटवर्क के भरोसे नहीं रहा जाए और अन्य कंपनियों के नेटवर्क की भी सेवाएं ली जाएं। किसी भी आपदा से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए यह जरूरी है कि सूचनाओं का आदान-प्रदान समय पर हो।

- आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव ने की जिलों की स्थिति की समीक्षा

### शिक्षा विभाग में बना कंट्रोल रूम

**देहरादून।** बरसाती सीजन को देखते हुए समस्याओं के निवारण के लिए शिक्षा विभाग ने कंट्रोल रूम की स्थापना की है। साथ ही विभाग ने टोलफ्री नंबर भी जारी किया है। जिस पर छात्र-छात्राएं, अभिभावक व शिक्षक अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे। शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि शिकायतों व समस्याओं के निराकरण के लिए टोल फ्री नंबर 18001804132 भी जारी किया है। टोल फ्री नंबर पर दर्ज शिकायतों व समस्याओं के तत्काल निवारण के लिए विभाग ने नोडल अधिकारी, सह नोडल अधिकारी व 10 कंप्यूटर ऑपरेटर की तैनाती की है।

# नेपाल से छोड़ा पानी, 13 गांव खाली कराए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रावस्ती के 18 गांव के करीब 400 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया
- मुख्यमंत्री योगी के मुस्तैदी बढ़ाने के आदेश के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू

**अमृत विचार :** नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद शनिवार रात अचानक पांच लाख क्यूसेक से अधिक पानी छोड़े जाने से श्रावस्ती और कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 87 लोगों को रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सुरक्षित निकाला गया है। पानी छोड़े जाने की सूचना रात्रि 8 बजे राज्य सरकार को मिली इसके बाद बचाव कार्यों की तैयारी हुई और आधी रात से 3 बजे तक आपरेशन चला। 13 गांव खाली कराए गए। कुशीनगर में बाढ़ में फंसे 20 मवेशियों को भी बचाया गया। रविवार को भी बाढ़ प्रभावित 18 गांव के लगभग 400 लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि शनिवार रात लगभग आठ बजे राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को श्रावस्ती के तहसील जमुनहा की ग्राम पंचायत गजोभरी के ग्राम मोहनपुर भरथा एवं केवटन पुरवा में नेपाल से अचानक छोड़े गए पानी में 11 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली, जिसमें तीन बच्चे, पांच महिलाएं और 3 पुरुष थे। तत्काल श्रावस्ती के जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी को जानकारी दी गई। वे अपनी टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल से छोड़े गए पानी से प्रभावित श्रावस्ती और कुशीनगर के जिलाधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने क्षतिग्रस्त फसल का 24 घंटे के अंदर सर्वे कर रिपोर्ट शासन को देने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट मिलते ही मुआवजा देने के भी आदेश हैं।

श्रावस्ती के रेहरा गांव में राहत व बचाव कार्य में लगे एनडीआरएफ के जवान।

### 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़ा

राहत आयुक्त ने बताया कि शनिवार रात नेपाल में मूसलाधार बारिश के बाद देवघाट बैराज से 5,71,850 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इस पर कुशीनगर डीएम उमेश मिश्रा को बड़ी गंडक में बाल्मीकि नगर बैराज द्वारा 3 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की संभावना पर तहसील खड्डा के गांवों के प्रभावित होने की जानकारी दी। तहसील खड्डा के प्रभावित 13 गांवों का निरीक्षण किया।

# राजौरी में सैन्य शिविर पर आतंकियों ने किया हमला, एक जवान घायल

- मंजाकोट इलाके में गोलीबारी का जवानों ने दिया करारा जवाब

जम्मू, एजेंसी

जम्मू-कश्मीर में राजौरी जिले के मंजाकोट इलाके में सेना के शिविर पर संदिग्ध आतंकवादियों के हमले में एक जवान घायल हो गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि संदिग्ध आतंकवादियों ने मंजाकोट इलाके में गलुथी गांव में सेना की चौकी पर रविवार तड़के गोलीबारी की। उन्होंने कहा कि सेना के जवानों ने तेजी से कार्रवाई की और अपनी पोजीशन ले ली तथा गोलीबारी का करारा जवाब दिया। करीब आधा घंटे तक हुई गोलीबारी के दौरान एक जवान गोली लगने से घायल हो गया, उसे तुरंत वहां से निकाल लिया गया। जवानों के मोर्चा संभालने पर आतंकी निकट के जंगल में भाग गए। सेना ने पुलिस के साथ मिलकर आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इलाके में व्यापक तलाश अभियान शुरू किया है।

### कुलगाम में दो और आतंकी मार गिराए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में हुई दो मुठभेड़ों में कुल छह आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए जबकि चिन्नीगाम स्थल से चार शव बरामद किए गए थे। कुलगाम जिले के दो गांवों में शनिवार को आतंकियों से मुठभेड़ शुरू हुई थी। जिसमें एक पैरा कमांडो समेत दो सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि निस्संदेह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा मील का पत्थर है। ये सफलताएं वास्तविक रूप से और संदेश के लिहाज से भी बहुत सार्थक हैं। स्वैन ने कहा कि अभियान की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अपने अंजाम तक पहुंचेगी।

## तालाब में डूबे 7 बच्चे, 4 की मौत

**आगरा।** खंदौली थाना क्षेत्र के यमुना एक्सप्रेस-वे इंटरचेंज के पास बने तालाब (गड्ढे) में रविवार सुबह नहाने गए सात बच्चे गहरे पानी में डूबने लगे। बच्चों को डूबते देख एक महिला भी तालाब में कूदी तो वह भी डूबने लगी। पता चलने पर पास ही खेल रहे कुछ युवक तत्काल तालाब पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद ग्रामीणों और पुलिसकर्मियों की मदद से पहले तीन बच्चों तथा एक महिला को बाहर निकाला गया। ये चारों गंभीर हालत में थे। पुलिस ने इनको तत्काल एसएन अस्पताल भिजवाया। इसके साथ ही अन्य चार बच्चों की तालाब में तलाश जारी रही। कई घंटे की मशक्कत के बाद इन चारों बच्चों को भी बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

# कार ने बाइक को टक्कर मारी, महिला की मौत

मुंबई, एजेंसी

मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार सुबह बीएमडब्ल्यू कार ने एक दुपहिया वाहन को टक्कर मारी दी जिससे एक महिला की मौत हो गई। कार चालक राजेश शाह और सवार राजश्री राजेंद्रसिंह बिदावत पर मामला दर्ज कर कर उन्हें हिरासत में लिया गया है। वर्ली थाने के एक अधिकारी ने बताया कि कावेरी नखवा (45) सुबह करीब साढ़े पांच बजे एनी बेसेंट रोड पर पति प्रदीप के साथ बाइक से जा रही थीं तभी बीएमडब्ल्यू कार के चालक ने टक्कर मार दी जिससे कावेरी सड़क पर गिर गईं। कावेरी को सरकारी नायर हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दंपती मछुआरा समुदाय से हैं और वे कोलाबा में ससून डॉक से घर जा रहे थे।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और किसी को बख्शा नहीं जाएगा। यह पूछने पर कि क्या इस दुर्घटना में शामिल व्यक्ति शिवसेना के एक नेता का बेटा है, इस पर शिंदे ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और सरकार हर मामले को एक ही नजरिए से देखती है। यह मामला ऐसे वक्त में सामने आया है जब दो महीने से भी कम समय पहले 19 मई को पुणे के कल्याणी नगर में पोर्श कार दुर्घटना हुई थी जिसमें कथित तौर पर शराब के नशे में गाड़ी चला रहे नाबालिग ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिसमें दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

**मुंबई में पुणे जैसा हादसा, शिवसेना नेता की बताई जा रही बीएमडब्ल्यू**

इसी बीएमडब्ल्यू कार से हुआ हादसा।

### नाबालिगों के वाहन चलाने के खिलाफ अभियान शुरू

**लखनऊ।** नाबालिग बच्चे अगर दोपहिया अथवा चार पहिया गाड़ी चलाते मिले तो उनके अभिभावकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। इतना ही नहीं अभिभावकों से 25 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला जाएगा। इस अभियान की शुरुआत पूरे प्रदेश में रविवार से हो गई है। जानकारी के मुताबिक ट्रैफिक पुलिस सुबह 11 बजे से चौराहों के आस-पास निरंतर यह चेकिंग अभियान चलाएगी। पुलिस उपायुक्त यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि आए दिन हो रहे हादसों के मद्देनजर यह व्यवस्था की जा रही है। 18 साल के कम उम्र के बिना ड्राइविंग लाइसेंस वाले बच्चे वाहन नियंत्रित नहीं कर पाते, इसलिए हादसे होते हैं।

पहाड़ों में बारिश के बाद उफनाई गौला नदी से बिंदुखत्ता क्षेत्र में होता भू-कटाव। ● अमृत विचार

लालकुआं के इंदिरानगर द्वितीय क्षेत्र में गौला नदी के किनारे खतरे की जद में मकान। ● अमृत विचार

# श्रीलंका टापू का मार्ग क्षतिग्रस्त, संपर्क कटा

## बारिश से इंदिरानगर और गबदा में तटबंध हुए क्षतिग्रस्त, ग्रामीण भयभीत, रात में कर रहे सामूहिक चौकीदारी

संवाददाता, लालकुआं

**20** हजार क्यूसेक पानी छोड़ने से गौला नदी ने लिया रौद्र रूप

**2021** में आई बाढ़ में इंदिरानगर व गबदा में छह परिवारों के मकान हो गये थे जमींदोज

**अमृत विचार :** बारिश के कारण गौला नदी उफान पर है। नदी का रूख लालकुआं के इंदिरानगर और बिंदुखत्ता क्षेत्र की ओर होने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। हालात ये हैं कि इंदिरानगर से खुरियाखत्ता तक ग्रामीण रात में सामूहिक चौकीदारी कर रहे हैं। रविवार को गौला नदी में करीब 20 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिससे नदी ने रौद्र रूप ले लिया। पानी बढ़ने से इंदिरानगर प्रथम और द्वितीय गबदा क्षेत्र में वन विभाग के बनाये कुछ तटबंध क्षतिग्रस्त हो गये।

वर्ष 2021 में आई बाढ़ में इंदिरानगर व गबदा में छह परिवारों के मकान जमींदोज हो गये थे। साथ ही कई एकड़ भूमि गौला नदी में समा गई थी। यही कारण है कि आज ग्रामीण नदी के रौद्र रूप को देखकर सिहर उठे हैं। ग्रामीणों का कहना है प्रशासन आपदा के नाम पर करोड़ों रुपए चैनल डाइवर्जन के नाम पर ठिकाने लगा देता है, लेकिन ग्रामीणों की स्थायी तटबंध बनाने की मांग को दरकिनार किए हुए है। महिलाओं का कहना है कि अगर शासन ने समय रहते नदी में स्थायी तटबंध बनाए होते तो आज ग्रामीणों को यह दिन नहीं देखना पड़ता। इधर, वन विभाग के फॉरेस्टर नीरज रावत ने इंदिरानगर से खुरियाखत्ता तक नदी की स्थिति का जायजा लिया और उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट की है। उधर, श्रीलंका टापू क्षेत्र में भी भू-कटाव जारी है। नदी ने श्रीलंका टापू के मार्ग को क्षतिग्रस्त कर अपनी जद में ले लिया है। श्रीलंका टापू वासियों का लालकुआं व बिंदुखत्ता क्षेत्र से संपर्क कट गया है। अब उन्हें वाया चोरगलिया गौलापुल के रास्ते बाजार आना होगा।

लगातार हो रही बारिश के बाद पानी से लबालब हुई नैनी झील। ● अमृत विचार

### बारिश से पांच फीट बढ़ा नैनी झील का जलस्तर

**नैनीताल, अमृत विचार :** भले ही बारिश स्थानीय लोगों के साथ-साथ प्रशासन के लिए चुनौती का कारण बनी है। मगर नैनी झील के लिए वरदान से कम नहीं है। बारिश के चलते झील का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। रविवार को जलस्तर 5 फीट बढ़ गया। हालांकि गत वर्ष की अपेक्षा झील का जलस्तर 9 इंच कम दर्ज हुआ है। बारिश न होने के चलते झील का जलस्तर काफी नीचे पहुंच गया था। जिससे नैनीताल में पेयजल किल्लत देखने को मिल रही थी।

### तटबंध बनाने की मांग

**लालकुआं :** कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू व भाकपा माले के जिला सचिव कैलाश पांडे ने कहा कि अगर स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन ने समय रहते गौला नदी की बाढ़ की समस्या को गंभीरता से लिया होता तो अब तक नदी में स्थाई तटबंधों का निर्माण कराया जा सकता था। उन्होंने देवरामपुर हल्दूचौड़ से खुरियाखत्ता श्रीलंका टापू तक स्थायी तटबंध बनाने की मांग की है।

# गिरिजा मंदिर की तलहटी तक पहुंचा पानी, कई दुकानें बहीं

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। क्षेत्र में छुटपुट जलभराव की खबरों के अलावा फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। बीते दिन कोसी नदी का जलस्तर जहां 11,170 क्यूसेक रहा, वहीं रविवार को यह घटकर 10 हजार क्यूसेक पहुंच गया।

रविवार की सांय लगभग सवा सात बजे तक कोसी बैराज में पानी घटकर 9 हजार क्यूसेक हो गया था। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि रामनगर क्षेत्र में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि अभी तक जन हानि, पशु हानि, फसल हानि नहीं हुई है। न ही कोई भूस्खलन हुआ है। प्रशासन रात दिन चौकसी बरते हुए है। इधर, रविवार की सुबह गिरिजा मंदिर में की तलहटी में कोसी के रोखड़ पर छप्पर के रूप में बनी कई दुकानें बह गई। इन दुकानों से पहले ही सामान निकाल लिया गया था।

**रेन बसेरा, पंचायत घर में शरण लें नदी किनारे ठहरे लोग :** पूछड़ी क्षेत्र का एसडीएम राहुल शाह, तहसीलदार कुलदीप पांडे, एसएसआई मनोज नयाल, राजस्व उप निरीक्षक आरिफ, राहुल, गोविन्द, ग्राम प्रधान ने निरीक्षण कर लोगों से बारिश के रेड अलर्ट को देखते हुए राजकीय विद्यालय, पंचायत घर, रैन बसेरा आदि स्थानों पर जाने की अपील की।

गिरिजा मंदिर की तलहटी में बनी अस्थायी दुकानों तक पहुंचा पानी। ● अमृत विचार

### दो दिन में 20 परिवारों को किया शिफ्ट

**रामनगर :** प्रशासन ने पूछड़ी गांव से आठ परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। रविवार को पूछड़ी गांव में कोसी किनारे झोपड़ी बनाकर रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया। अब तक कुल 20 परिवारों को संवेदनशील स्थानों से हटाया जा चुका है। कोसी के जलस्तर में वृद्धि होने के अनुमान को देखते हुए गर्जिया चौकी पुलिस ने गिरिजा मंदिर परिसर में प्रसाद बेचने की दुकानें भी नदी से हटवा दीं। रविवार को धनगढ़ी, पनोद नाले में पानी का बहाव जरूर बढ़ा, लेकिन यातायात बाधित नहीं रहा। ढेला नदी में अत्यधिक पानी आने से कुछ देर के लिए यातायात रोकना पड़ा। सिंचाई विभाग के कोसी बैराज कंट्रोल रूम के अनुसार रविवार सुबह तक 29 .2 मिमी बारिश दर्ज की गई।

## सार-संक्षेप

भूस्खलन होने से सलड़ी के समीप खतरे की जद में आया बिजली का टावर।

### खतरे की जद में आया पिटकुल का टावर

**भीमताल :** सलड़ी के समीप पहाड़ी में भूस्खलन होने से पिटकुल का एक टावर खतरे की जद में आ गया है। स्थानीय निवासी रमेश पलड़िया ने बताया कि सलड़ी हरीनगर में अम्बेडकर सड़क के ऊपर विद्युत विभाग पिटकुल की बड़ी लाइन है जो महरा गांव को जाती है। उसके नीचे का पहाड़ खिसक गया है। जिससे बिजली के टावर के गिरने का खतरा बना है। जिसको समय रहते न रोका गया और भीडा और खिसकने गिर सकता है। यह टावर काफी समय से खतरे की जद में है। कुछ वर्ष पूर्व टावर के नीचे से पहाड़ी गिरनी प्रारंभ हुई थी और इसका काफी मलबा सड़क तक गिरा था। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से भूस्खलन रोकने के शीघ्र कारगर उपाय करने की मांग की है।

देवीधूरा-बसानी मोटर मार्ग में गिरे बोल्डर। ● अमृत विचार

### देवीधूरा-बसानी मोटर मार्ग बोल्डर गिरने से बंद

**नैनीताल :** देवीधूरा-बसानी मोटर मार्ग बारिश के चलते कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। वहीं कई स्थानों में बोल्डर गिरने से मार्ग में वाहनों की आवाजाही भी बंद हो गई है। बारिश के दौरान सड़क में मलबा व पत्थर गिरने का खतरा बना हुआ है। रविवार को बारिश के दौरान देवीधूरा-पापड़ी के बीच पहाड़ी में भूकटाव होने से बड़े-बड़े बोल्डर सड़क पर आ गिये। इससे सड़क में वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई है। पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार ने बताया कि बारिश के दौरान सड़क में लगातार मलबा गिर रहा है। जिसको साफ करने के लिए दो जेसीबी मशीनें तैनात की गई हैं। सड़क से बोल्डर व मलबा हटा दिया जाएगा।

### सड़क धंसने से मोटर मार्ग हुआ बंद

**भीमताल :** विकासखंड धारी के मौना कालापाथर में मोटर मार्ग धंससे से यातायात बंद हो गया। ग्रामीण मोहन सिंह ने बताया कि धारी के एसडीएम केएन गोस्वामी ने लोक निर्माण विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों से साथ सड़क का निरीक्षण किया। साथ ही मोटर मार्ग की स्थिति को देखते हुए मार्ग पर आवाजाही बंद करने के आदेश दिए हैं।

# भीमताल में 24 घंटे में बरसा 99 मिमी पानी, नाले-गधेरे उफान पर

**बारिश से आफत**

- सड़कों में हुए गड्ढे, झील से सिल्ट निकालने का कार्य ठप
- बारिश से भीमताल झील का जलस्तर बढ़ा

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नगर में शनिवार की रात से लगातार हो रही बारिश से नाले व गधेरे उफान पर आ गए हैं। सिंचाई विभाग के कार्यालय में लगे वर्षा मापक यंत्र के मुताबिक भीमताल में 24 घंटे में करीब 99 मिमी बारिश हुई है। वहीं बारिश से भीमताल झील के जलस्तर में भी हल्की बढ़ोत्तरी हुई है।

बारिश के कारण नगर की अधिकांश सड़कों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं।

लोक निर्माण विभाग ने कुछ समय पूर्व बाईपास मार्ग खुटानी से ऊपर पहाड़ की तरफ डामरीकरण किया था, जिसकी गुणवत्ता की पोल खुल गई है। सड़क पर गड्ढे होने से वाहन चालकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सिंचाई विभाग ने भीमताल झील से सिल्ट निकालने का कार्य बारिश के कारण बंद कर दिया है।

मगर डैम की दरार भरने का कार्य बारिश में भी जारी है। इधर, बारिश के कारण भीमताल के कई जल स्रोत चार्ज नहीं हुए हैं। बिना सर्वे के की गई बोरिंग से यह स्तिथि उत्पन्न हुई है।

प्रयास किया जाएगा कि सही समय में झील की सफाई की जाए, ताकि सरकार का धन भी बर्बाद न हो और सफाई भी अच्छे से हो सके। इसके लिए सचिव सिंचाई विभाग और मुख्यमंत्री से निवेदन किया जाएगा।
– **दिनेश सांगुड़ी**, पूर्व जिला मंत्री भाजपा

झील से सिल्ट निकालने का कार्य मानसून आने से पहले ही प्रारंभ कर देना चाहिए था। सही समय पर कार्य प्रारंभ हो जाता तो काफी कूड़ा करकट व मलबा आदि झील से निकाला जा सकता था।
– **हितेन्द्र बिष्ट**, स्थानीय कारोबारी

## विद्यालय की सुरक्षा दीवार गिरी, हड़कंप

**गरमपानी, अमृत विचार :** भुजान रिची मोटर मार्ग पर स्थित जीआइसी मंडलकोट की सुरक्षा दीवार ढहने से हड़कंप मच गया। गनीमत रही की विद्यालय में अवकाश था। सुरक्षा दीवार के धराशाई होने से तीन कक्षा कक्ष भी खतरे की जद में आ गए हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य ललित सिंह के अनुसार उच्चाधिकारियों को मामले की सूचना दे दी गई है। सोमवार को विद्यालय खुलने पर नौनिहालों को दूसरे कक्षा कक्षों में बिठाए जाने की व्यवस्था बनाई जाएगी। मध्यरात्रि से हो रही बारिश से मंडलकोट गांव में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज की सुरक्षा दीवार भरभरा कर गिर गई। विद्यालय के ठीक नीचे के हिस्से में नए भवन निर्माण के लिए हुई खुदाई से भी विद्यालय की दीवार के भू-धंसाव की जद में आने का अंदेशा है।

# प्रशासन भूस्खलन रोकने में कर रहा है लापरवाही

संवाददाता, नैनीताल

**आरोप**

- चार्टन लॉज के लोगों ने लगाया आरोप, लोनिवि की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**अमृत विचार :** चार्टन लॉज में बारिश से लगातार भूस्खलन हो रहा है। जिला प्रशासन ने खतरे की जद में आए परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भिजवा दिया है। वहीं लोक निर्माण विभाग क्षेत्र की पहाड़ियों में तिरपाल डालकर भू-कटाव रोकने में लगा है। इससे प्रभावित लोगों में रोष है। उन्होंने लोनिवि की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रशासन भूस्खलन रोकने में लापरवाही कर रहा है।

क्षेत्रीय निवासी भारती जोशी ने बताया कि गत वर्ष सितंबर माह में चार्टन लॉज की पहाड़ियों में भूस्खलन हुआ था। जिसके बाद से लोग पहाड़ी की मरम्मत की मांग कर रहे हैं, लेकिन लोनिवि और जिला प्रशासन की टीम ने भूस्खलन रोकने के नाम पर पहाड़ी में केवल जिओ बैग में मिट्टी भरकर खानापूर्ति कर दी। जबकि प्रभावित क्षेत्र में पहाड़ी के ऊपरी छोर से पानी का रिसाव हो रहा है।

इधर, कुमाऊं विश्वविद्यालय के वरिष्ठ भू-वैज्ञानिक राजीव उपाध्याय ने बताया कि नैनीताल में ड्रेनेज की बेहतर व्यवस्था न होने के चलते शहर के अधिकांश क्षेत्रों में भूस्खलन की घटनाएं देखने को मिल रही हैं।

**पर्यटन** नाव और टैक्सी चालकों में निराशा, शहर के 80 प्रतिशत होटल हुए खाली, पहाड़ों में हो रही भारी बारिश के कारण आने से बच रहे पर्यटक

# सरोवर नगरी में पटरी से उतरा पर्यटन कारोबार, सैलानियों की संख्या घटी

**हालात**

- बारिश के चलते वीरान पड़े शहर के पर्यटक स्थल
- रविवार को दिनभर वीरान रहे नैनीताल के पर्यटक स्थल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** बारिश का असर उत्तराखंड के पर्यटन कारोबार पर पड़ने लगा है। बीते तीन दिन से लगातार हो रही बारिश के चलते सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटन कारोबार पटरी से उतर गया है। पर्यटकों की आमद से गुलजार रहने वाले पर्यटक स्थल रविवार को दिनभर वीरान पड़े रहे। जो पर्यटक बीते दिनों घूमने के लिए नैनीताल पहुंचे थे, उनमें से अधिकांश पर्यटक अब बारिश के चलते अपने होटल में ही दुबकने को मजबूर हैं। हालांकि नैनीताल पहुंचे कुछ पर्यटक शहर के पर्यटक स्थलों में बारिश के दौरान घूमते नजर आए। हिमालय दर्शन, माल रोड, पंत पार्क, चिड़ियाघर, रोप वे, केव गार्डन समेत नैनी झील में पर्यटकों के न आने से वीरानी छाई रही। शहर में पर्यटकों की आमद न होने से पर्यटन कारोबारी निराश हैं।

बोट एसोसिएशन के अध्यक्ष राम सिंह बिष्ट का कहना हैकि शहर में नाव व्यवसाय से करीब 600 परिवार जुड़े हैं। बरसात के चलते अधिकांश नाव चालकों ने अपनी नाव नहीं चलाई है, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वहीं दूसरी तरफ पर्यटकों को नैनीताल के पर्यटक स्थल घूमाने वाले टैक्सी कारोबारी भी बरसात होने से निराश नजर आ रहे हैं। टैक्सी एसोसिएशन के पुनीत शाह का कहना है कि शहर में पर्यटकों की संख्या न के बराबर है, ऐसे में उनके कारोबार पर भी असर पड़ा है।

इधर, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय बिष्ट ने कहा कि बरसात के दौरान पर्यटकों की संख्या में कमी देखी जा रही है। शहर के 80 प्रतिशत होटल अब खाली हो चुके हैं। मैदानी क्षेत्र से इन दिनों पहाड़ आने वाले पर्यटक बरसात भूस्खलन की घटनाओं से काफी डर जाते हैं। जिसकी वजह से पर्यटक बरसात के दौरान नैनीताल और उसके आसपास के पर्यटक स्थलों में आने से बचते हैं।

नैनीताल में बारिश के दौरान छाता और बरसाती लेकर चहल-कदमी करते पर्यटक। ● अमृत विचार

बारिश के दौरान छाता लेकर गुजरती पर्यटक।

## आज का मौसम

आसमान साफ रहेगा धूप खिली रहेगी।

| 30.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.17 | सूर्यास्त 07.16 |

## एक नजर

### जिले में आज भी बंद रहेंगे स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र

**हल्द्वानी :** डीएम वंदना सिंह ने जनपद में भारी बारिश के येलो अलर्ट को देखते हुए सोमवार को सभी सरकारी, निजी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद रहने के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश में गाढ़-गधेरों को उफान पर आने के मद्देनजर बच्चों की सुरक्षा के तहत कक्षा 1 से 12 तक सभी स्कूलों में अवकाश रहेगा।

### विद्युत लाइनों में पेड़ गिरने से आपूर्ति ठप

**नैनीताल :** रविवार को ठंडी सड़क पर विद्युत लाइनों में पेड़ गिर गया। जिस कारण तल्लीताल क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति ठप है। वहीं भवाली रेहड़ के जंगल में भी विद्युत लाइन पर पेड़ गिरा है। सुबह लगभग 9 बजे से गेठिया, भूमियाधार, वीर भट्टी, छीटा, गॉजा, बेलुवाखान, शिमलखेत, ज्योलीकोट, चोपड़ा, दोगांव सहित दर्जनों गांवों में बिजली गुल है। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियंता एसके सहगल ने बताया बताया कि जल्द ही पेड़ कटवाकर बिजली आपूर्ति सुचारु की जाएगी।

# चकलुवा में टूटी पुलिया, दून-हल्द्वानी हाईवे बंद

## निहाल नाला उफनाने से टूटा पुलिया का एक हिस्सा, लोहे के गार्डर से पुलिया को बचाने की कोशिश

संवाददाता, हल्द्वानी/कालाढूंगी

देहरादून-हल्द्वानी हाईवे पर चकलुवा के पास पुलिया को बचाने के लिए लगाया गया लोहे का गार्डर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पिछले तीन दिन से लगातार हो रही बारिश से नैनीताल जनपद में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नदी, नाले और गधेरे उफान पर आ गये हैं। पहाड़ों में कई स्थानों पर भूस्खलन और मलबा आ गया है। जिससे राजमार्ग समेत कई ग्रामीण मार्ग बंद हो गये हैं। वहीं जलभराव के कारण कई कॉलोनियों के घरों में पानी घुस गया है। प्रशासनिक अधिकारी राहत और बचाव कार्य में जुटे हुए हैं।

इधर, बारिश के चलते कालाढूंगी में देहरादून-हल्द्वानी स्टेट हाईवे पर निहाल नाले के उफान पर आने से शनिवार रात चकलुवा के पास बनी पुलिया का एक हिस्सा टूट गया है। जिससे आवाजाही पूरी तरह बंद हो गई है। रविवार की सुबह एसडीएम रेखा कोहली ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ मौका मुआयना किया।

वाहनों को रामपुर-विदारामपुर गांव के रास्ते भेजा जा रहा है। बताया जा रहा है कि निहाल नदी के बहाव से पुलिया के नीचे एक हिस्से की मिट्टी बह गई, जिससे पुलिया हवा में लटक गयी। एसडीएम कोहली ने लोनिवि के अधिकारियों को पुलिया को टूटने से बचाने के लिए लोहे के गार्डर और मिट्टी से भरे कट्टे लगाने के निर्देश दिये। जिसके तुरंत बाद कार्य शुरू कर दिया गया। देर शाम तक पुलिया के नीचे लोहे का गार्डर लगा दिया गया था। एसडीएम ने बताया कि रामनगर से आ रहे भारी व बड़े वाहनों को नयागांव तिराहे से वाया बाजपुर व हल्द्वानी से आ रहे वाहनों को रुद्रपुर-बाजपुर से भेजा जा रहा है। अन्य वाहनों को चकलुवा के ग्रामीण क्षेत्र रामपुर-विदरामपुर से भेजा जा रहा है। उधर, विदरामपुर गांव में भारी ट्रक फंसने से कई घंटे जाम लग गया। जिससे राहगीरों व ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### हल्द्वानी में दिनभर बरसते रहे बादल

**हल्द्वानी :** शनिवार की मध्यरात्रि से जारी बारिश रविवार को पूरे दिन होती रही। बारिश कभी मध्यम तो कभी मूसलाधार रही। दोपहर बाद एक बार बारिश हल्की हुई तो लगा कि अब बारिश रुक जाएगी, लेकिन बारिश फिर से तेज हो गई और देर शाम तक होती रही। हल्द्वानी में 24 घंटे में 118 मिलीमीटर से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि रविवार को मूसलाधार बारिश का रेड अलर्ट था। सोमवार से बुधवार तक भी बारिश होगी, लेकिन अब मध्यम बारिश होगी। फिलहाल बुधवार तक बारिश से कोई राहत नहीं मिलेगी। उसके बाद ही मौसम साफ होगा। मौसम साफ होने के बाद ही तापमान में उछाल आएगा। रविवार को अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतमत तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जो सामान्य से करीब 10 डिग्री कम है। जुलाई माह में लोगों को हल्की ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 10 वर्षों में जुलाई में इतना कम अधिकतम तापमान कभी नहीं रहा। बारिश के चलते सड़कों पर बहुत ही कम आवाजाही रही। बाजार में भी सन्नाटा पसरा रहा।

नैनीताल के बलियानाला में भूस्खलन वाला क्षेत्र। ● अमृत विचार

# बलियानाला और नैना पीक में बढ़ा भूस्खलन का खतरा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लगातार हो रही बारिश से पहाड़ों में भूस्खलन का खतरा बढ़ने लगा है। शनिवार देर शाम चार्टन लॉज में भूस्खलन के बाद जहां दर्जनों परिवार खतरे की जद में हैं। वहीं रविवार को बारिश के दौरान नगर की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक और बलियानाला में भूस्खलन का खतरा बढ़ गया है।

बलियानाला क्षेत्र में दशकों से हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिये करीब दो सौ करोड़ से अधिक की धनराशि से मरम्मत का कार्य शुरू हो गया है। भूगर्भीय अध्ययन के बाद बलियानाले में प्रस्तावित कार्यों की डीपीआर तैयार की गयी है। इस रिपोर्ट के आधार पर शुरुआती चरण में एसडीए, एंकरिंग, प्रोडक्शन, डेमसिंग और रिप्रोफाइलिंग का कार्य किया जा रहा था, लेकिन मानसून सीजन शुरू होने के बाद एक बार फिर से काम को बंद करना पड़ा है। इस बार मानसून के रौद्र रूप को देखते हुए फिर से भूस्खलन की संभावना बढ़ने लगी है।

इधर, नैना पीक की चोटी में भी दरार दिखने लगी है। स्थानीय निवासी भूपेंद्र रावत ने कहा कि कई बार रात को पत्थर गिर रहे हैं। इससे लोगों में डर का माहौल है।

### रैमजे अस्पताल के समीप सुरक्षा दीवार ढही

**नैनीताल :** बारिश से नाले उफान पर आ गए हैं। जगह-जगह सड़कों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। रविवार देर शाम तक नगर में करीब 50 मिलीमीटर बारिश हुई। इधर, बारिश से रविवार को नगर के रैमजे अस्पताल के समीप एक सुरक्षा दीवार रह गई। वहीं बड़ा बाजार के एक घर में बारिश का पानी घुस गया। रविवार को नगर का अधिकतम तापमान 14 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रहा।

प्रेमपुर लोश्ज्ञानी को जाने वाली सड़क हुई जलमग्न, घरों के अंदर घुसा पानी।

बरेली रोड तीनपानी में नहर उफनाने से सड़क के दूसरी ओर हुआ जलभराव।

### हिमालय कॉलोनी में मोटर से निकाला पानी

**हल्द्वानी :** हिमालय कॉलोनी क्षेत्र में रकसिया नाला उफान पर आने से घरों व खेतों में जलभराव हो गया। नगर निगम की टीम को मौके पर बुलाकर मोटर से पानी खिंचवाया जा रहा है। इसके अलावा पांच ह्यूम पाइप पहुंच गए और पांच कल पहुंच जाएंगे। जल्द ही तिकोनिया नहर का भी काम शुरू हो जाएगा। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बताया कि कई इलाकों में जलभराव हुआ है। हालांकि बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। गौला नदी में 26,810 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम और हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर भूकटाव पर नजर रखी जा रही है। एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि लालकुआं में इंदिरा नगर खत्ता के समीप दो परिवारों को शिफ्ट किया गया है।

# गौला उफनाई, स्टेडियम और रेलवे स्टेशन को खतरा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पहाड़ों में लगातार हो रही बारिश से गौला नदी उफान पर है। नदी जलस्तर 24 हजार क्यूसेक के पार पहुंच गया है। वहीं गौला के उफनाने से अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम और हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर खतरा मंडरा रहा है।

रविवार को काठगोदाम गौला बैराज से करीब 24,840 क्यूसेक पानी गौला नदी में छोड़ा गया। इस वजह से नदी उफान पर आ गई। नदी के बढ़ते जलस्तर से गौलापार के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम को खतरा बना हुआ है। तेज बहाव के कारण लगातार स्टेडियम की ओर भू-कटाव हो रहा है। रविवार की शाम तक भू-कटाव के चलते नदी व स्टेडियम की दूरी मात्र 20 मीटर रह गई। स्टेडियम की सुरक्षा दीवार पूर्व में ढह गई थी, जिसका अभी तक पुनर्निर्माण नहीं हो पाया है। मौसम विभाग ने आगे भी बारिश का अनुमान जताया है। ऐसे में नदी का जलस्तर बढ़ने से स्टेडियम के अंदर तक पानी घुसने की संभावना है। वहीं हल्द्वानी रेलवे स्टेशन पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्टेडियम के बाद नदी की ठोकर सीधे स्टेशन की पटरियों की तरफ है। रेलवे ने विगत वर्ष रेलवे पटरियों के बचाव के लिए गौला नदी में सुरक्षा दीवार बनाई थी। यह दीवार कमजोर निकली और इस साल पहली ही बारिश में बह गई। अब पटरियों के नीचे नदी लगातार कटाव रही है। जिससे पटरियों के नीचे का आधार कमजोर होता जा रहा है। गौला बैराज के प्रभारी मनोज तिवारी ने बताया कि बैराज के सभी गेट खोले गए हैं। गौला नदी के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। हल्दूचौड़, देवरामपुर, बिंदुखत्ता, इंदिरानगर, शांतिपुरी समेत कई इलाकों में भू-कटाव की स्थिति बनी हुई है।

गौला बैराज से पानी छोड़ने के बाद उफनाई गौला नदी। ● अमृत विचार

### रविवार को गौला नदी का जलस्तर

रात 8:30 बजे- 28,980 क्यूसेक
रात 9 बजे- 31,050 हजार क्यूसेक
शाम 9:30 बजे- 33,120 क्यूसेक

# कई घरों में घुसा रकसिया का मलबा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बारिश से रकसिया नाला उफान पर आ गया है। इस वजह से हिम्मतपुर बैजनाथ और छड़ायल क्षेत्र के कई घरों में पानी और मलबा घुस गया। क्षेत्र के नंद किशोर पांडे ने बताया कि शनिवार शाम से हो रही बारिश से नाले में बहाव तेज हो गया है।

गलियों में पानी भरा है। खेतों में मलबा और पानी दिख रहा है। नवीन बिष्ट ने कहा कि प्रशासन ने नाले को साफ करने के दावे किए थे, लेकिन ऐसा दिख नहीं रहा है। दोपहर बाद नगर निगम ने यहां जल निकासी की व्यवस्था की। दमुवाढूंगा में कमेटिया नाला भी उफान पर आ गया है। नाले का पानी बिठौरिया में खेतों और घरों में घुस गया। जिससे लोगों की फसल व घरों में रखा सामान खराब हो गया। अधिवक्ता गंगा प्रसाद ने बताया कि नहर कवर करने के बाद अब नाले का पानी सीधे बिठौरिया में जा रहा है। कलसिया नाले में भी जलस्तर बढ़ गया है।

बारिश से उफनाया रकसिया नाला। ● अमृत विचार

# जिले में दो राज्य मार्ग समेत 23 सड़कें बंद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रविवार को भवाली से धानाचूली होते हुए ओखलकांडा जाने वाला राज्य मार्ग संख्या 64 बंद हो गया। वहीं गर्जिया से बेतालघाट जाने वाला राज्य मार्ग संख्या 62 भी भूस्खलन की वजह से दिन के समय बंद रहा।

इन दोनों मार्गों को शाम तक खोल दिया गया था। हल्द्वानी से कालाढूंगी होते हुए रामनगर जाने वाले राज्य मार्ग संख्या 41 को शाम के समय बंद कर दिया गया था। साथ ही बेतालघाट क्षेत्र में राज्य मार्ग संख्या 71 बंद हो गया है, जिसे खोला जा रहा है। इसके अलावा जिले में रविवार को 29 ग्रामीण व अन्य मार्ग बंद हो गए थे। प्रशासन के अनुसार रविवार की शाम तक जिले में 23 मार्ग बंद रहे, जिनमें दो राज्य मार्ग, एक-एक प्रारंभिक और आरंभिक जिला मार्ग और 17 ग्रामीण मार्ग शामिल हैं। इधर, हल्द्वानी से चोरगलिया मार्ग में पड़ने वाले शेरनाला और सूर्यानाला में बहाव तेज हो गया है। पुलिस ने मार्ग पर आवागमन बंद करवा दी है।

जान जोखिम में डालकर सूखी नदी को पार करते विजयपुर गांव के लोग। ● अमृत विचार

### जलभराव वाले क्षेत्रों में नहीं पहुंची टीम

**हल्द्वानी :** बारिश से कुसुमखेड़ा के भूमिया विहार, द्वारिकापुरी, संगम विहार आदि कॉलोनियों में जलभराव हो गया। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों से जलभराव की शिकायत की, लेकिन टीम नहीं पहुंची। भूमिया विहार में गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया। इधर, शनि बाजार स्थित नाला भी उफान पर रहा। ज्योति विहार, चौधरी कॉलोनी आदि की सड़कें जलमग्न रहीं। शिवराम गुंसाई मंदिर के पास नाला क्षतिग्रस्त होने से हादसों का खतरा है। पुरानी आईटीआई परिसर में भी पानी जमा हो गया और तीनपानी बरेली रोड नाले का गंदा पानी सड़कों पर आ गया। वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने कहा कि छड़ायल, कुसुमखेड़ा, शनि बाजार में पानी की निकासी कराई गई।

हल्दूपोखरा के पास बारिश से लोगों के घरों में घुसा पानी। ● अमृत विचार

प्रेमपुर लोश्ज्ञानी को जाने वाली सड़क हुई जलमग्न। ● अमृत विचार

**बारिश का असर** | बारिश व भूस्खलन से सिर्फ दैनिक उपयोग की जरूरी वस्तुएं सब्जी, दूध, राशन वगैरह ही पर्वतीय जिलों को भेजा जा रहा

# माल लेकर पहाड़ जाने वाले वाहनों की संख्या में 60 प्रतिशत कमी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण भूस्खलन होने से पर्वतीय जिलों में खाद्य एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं को लेकर जाने वाले मालवाहक वाहनों की संख्या घटी है। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों की मानें तो बारिश की वजह से प्रतिदिन जाने वाले वाहनों की संख्या में 60 प्रतिशत से अधिक की कमी हुई है।

पर्वतीय अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत में हल्द्वानी से सब्जी-फल, राशन, सीमेंट-सरिया वगैरह सामान जाता है। आम दिनों में ट्रांसपोर्ट नगर व मंडी से 600 से 700 मालवाहक वाहन जाते थे। पिछले तीन-चार दिनों से लगातार हो रही बारिश से पर्वतीय क्षेत्रों में मालवाहक वाहनों की जावक भी घटी है। लगातार बारिश की वजह से सीमेंट-सरिया व अन्य उपयोगी वस्तुओं के वाहन नहीं जा रहे हैं। इसके पीछे बारिश में मकान का निर्माण बंद होना और वाहन स्वामियों का बेवजह रिस्क लेना वजह मानी जा रही है। अब सिर्फ जरूरी वस्तुएं जैसे सब्जी-फल, दूध-राशन वगैरह का माल ही भेजा जा रहा है।

पर्वतीय जिलों में भारी बारिश से बाजार प्रभावित हुआ है, इसलिए इन वस्तुओं की जावक में भी भारी कटौती हो गई है। अमूमन जो व्यापारी दो ट्रक भरकर सब्जी-फल लेकर जाता था अब उसका ऑर्डर वाहन की आधी क्षमता में ही पूरा हो जा रहा है। इसके अलावा मलबा आने से वाहन व चालक को भी खतरा बना हुआ है। कभी भी मार्ग बंद होने से परेशानी बढ़ सकती है। ऐसे में पर्वतीय जिलों व क्षेत्रों में जाने वाले मालवाहक वाहनों की संख्या में कमी आई है। आंकड़ों पर गौर करें तो रोजाना 200 से 250 मालवाहक वाहन ही पर्वतीय जिलों की ओर जा रहे हैं। जबकि सामान्य दिनों में इन वाहनों की संख्या काफी अधिक होती है। इधर पहाड़ जाने वाले यात्री वाहनों की सख्या भी घटी है।

**04** से 5 घंटे में आम दिनों में अल्मोड़ा पहुंचता है ट्रक

बारिश में भूस्खलन से एक वाहन को पहुंचने में दोगुना समय लग रहा है। जगह-जगह मलबा आने से नुकसान का खतरा बना हुआ है, इसलिए बहुत कम वाहन पहाड़ जा रहे हैं। 50 से 60 प्रतिशत तक वाहन पहाड़ नहीं जा रहे हैं। -**राजकुमार नेगी**, देवभूमि व्यापार मंडल

**08** से 9 घंटे लग रहे हैं अब अल्मोड़ा पहुंचने में

पहाड़ी रूट पर कई जगह मलबा आने से रास्ते बंद हैं। बारिश में पहाड़ जाना खतरे से खाली नहीं है। पानी से माल खराब होने का भी खतरा है। रामनगर, गरमपानी, चकुलवा सभी रास्ते बंद हैं। वाहन फंस जा रहे हैं, इसलिए वाहन पर्वतीय क्षेत्रों को 50 प्रतिशत से अधिक वाहन नहीं जा रहे हैं। -**प्रदीप सब्बरवाल**, ट्रांसपोर्ट कारोबारी

### सैलानियों के पसंदीदा पर्यटन स्थलों में शुमार होने लगा यह पर्यटन स्थल, इस वर्ष हजारों सैलानी पहुंचे यहां

# आधुनिकीकरण व ग्रामीण परिवेश का मिश्रण है खुर्पाताल

**पर्यटन**

- नैनीताल से मात्र 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित खुर्पाताल
- पर्वतीय कृषि से रुबरु होने सैलानी यहां पहुंचते हैं

संवाददाता, नैनीताल

आधुनिकीकरण और ग्रामीण परिवेश का अद्भुत मिश्रण है खुर्पाताल।

**अमृत विचार :** नैसर्गिक सुंदरता से परिपूर्ण खुर्पाताल सैलानियों के पसंदीदा पर्यटन स्थलों में शुमार होने लगा है। यह पर्यटन स्थल एक ओर आधुनिकीकरण तो दूसरी ओर ग्रामीण परिवेश का अद्भुत मिश्रण है। ग्रीष्मकाल में इस वर्ष हजारों की संख्या में सैलानियों ने इस पर्यटन स्थल की सैर की।

नैनीताल से मात्र 9 किलोमीटर की दूरी पर स्थित खुर्पाताल की झील मुख्य आकर्षण है। झील के ठीक सामने हरे भरे वृक्षों से लदा विशाल पर्वत प्राकृतिक सुंदरता में निखार लाता है। वहीं दूसरी ओर झील से लगे आधुनिक व आरामदायक होमस्टे समेत आधा दर्जन होटल हैं। हरे-भरे खेत इस क्षेत्र की सुंदरता को बढ़ाते हैं। इस क्षेत्र की सबसे बढ़ी खासियत झील की प्राकृतिक सुंदरता है। नैनीताल के समीपवर्ती झीलों में यही एकमात्र झील है, जो आज भी अपने स्वरूप को अतीत में समेटे हुए है। अन्य झीलों की तरह इस झील में नौकाविहार समेत किसी भी तरह की कोई गतिविधि नहीं होती है। जिस कारण यह झील अन्य झीलों की तुलना में अपने अनूठे स्वरूप में सिमटी नजर आती है, जो सैलानियों को खूब भाती है। इस क्षेत्र के दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र बसा हुआ है। दरअसल खुर्पाताल पूर्व से कृषि क्षेत्र के रूप में पहचान रखता है, जो आज भी बनाए हुए है। पर्वतीय कृषि से रुबरु होने सैलानी यहां पहुंचते हैं।

### नैनीताल से पहले बसा था खुर्पाताल

**नैनीताल :** खुर्पाताल को विशेष पहचान दिलाने और विकास में उत्तराखंड राज्य आन्दोलन संगठन के जिलाध्यक्ष व पूर्व ग्राम प्रधान गणेश सिंह बिष्ट के पूर्वजों का खास योगदान रहा है। गणेश सिंह बिष्ट कहते हैं कि नैनीताल में बसासत 1841 के बाद शुरू हुई थ, जबकि खुर्पाताल में इससे भी पहले बसासत शुरू हो चुकी थी। वह कहते हैं कि युवाओं का पलायन रोकने के लिए इस क्षेत्र को पूर्णत: पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किए जाने की सख्त जरूरत है। खुर्पाताल की झील में मत्स्यपालन के पर्याप्त अवसर हैं, जबकि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देकर क्षेत्र का समुचित विकास कियाजासकताहै।

## जीवन बने मंदिर समिति के अध्यक्ष

**लालकुआं, अमृत विचार :** अवंतिका कुंज देवी मंदिर समिति में लंबे समय से अध्यक्ष पद खाली चल रहा था। इस पर विचार-विमर्श के बाद जीवन कबड्वाल को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

जीवन कबड्वाल ने कहा कि मंदिर में दो कक्ष निर्माण हेतु सांसद निधि से 4 लाख रुपए व विधायक निधि से एक लाख रुपए की धनराशि जारी हुई है। धनराशि प्राप्त होने के साथ ही निर्माण कार्य आरम्भ किया जाएगा। बैठक में मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य चन्द्रशेखर जोशी, पूरन सिंह रजवार, रामबाबू मिश्रा, हेमंत नरूला, भुवन पांडे, जेपी गुप्ता, कुन्दन सिंह नेगी, रविन्द्र यादव, विनोद श्रीवास्तव, कृष्णा नन्द भट्ट, कमलेश यादव, राकेश गुप्ता, भरत सिंह मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

हरेला की बुवाई करतीं लेक सिटी की महिलाएं। ● अमृत विचार

### हरेला बुवाई के साथ पखवाड़े का शुभारंभ

**नैनीताल :** पर्यावरण और कृषि को समर्पित पारंपरिक लोक पर्व हरेला की बुवाई के साथ नैनीताल में हरेला पखवाड़े का शुभारंभ हो गया। रविवार को लेक सिटी वेलफेयर क्लब ने पवेलियन होटल में भव्य कार्यक्रम के दौरान 21 टोकरियों में शगुन आंखर के साथ हरेला बोकर पखवाड़े की शुरुआत की। कार्यक्रम में क्लब की वरिष्ठ सदस्य गीता शाह, अध्यक्ष ज्योति ढोंडियाल, सचिव दीपा पांडे, प्रगति जैन, मीनू बुधलाकोटी, रानी साह, अमिता साह, कंचन जोशी, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, रमा भट्ट, जया वर्मा, सरस्वती सिराला, नीलम गुप्ता समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

### जिले में 1,32,857 कार्ड धारकों को मिलेगा नमक

**नैनीताल :** मुख्यमंत्री नमक पोषण योजना के तहत जुलाई माह में सभी अंत्योदय और प्राथमिक राशन कार्ड धारकों को हर माह एक किलो नमक आठ रुपये में दिया जाएगा। जनपद नैनीताल में 1,15,023 प्राथमिक राशन कार्ड (सफेद) और 1,7,834 अंत्योदय (गुलाबी) राशन कार्ड धारक हैं। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी विजय जोशी ने बताया कि जनपद की 667 राशन की दुकानों में सभी अंत्योदय और प्राथमिक राशन कार्ड धारकों के लिए नमक आ गया है।

### धरा को हरा भरा करने का संकल्प लिया

**गरमपानी :** रामगढ़ ब्लॉक के सिरसा गांव में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष अंकित पांडे ने पौधरोपण अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने लोगों से अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी की अपील की। कहा कि भविष्य के लिए वर्तमान में पौधरोपण जरुरी है। गांव में हुई गोष्ठी के दौरान लोगों को सही ढंग से पौधरोपण करने के तौर तरीके बताए गए। ग्राम प्रधान इंदु जीना ने ग्रामीणों को रोपित पौधों की देखभाल व सुरक्षा का संकल्प दिलाया।

पुलिस द्वारा रेस्क्यू कर बचाए गए चारों युवक। ● अमृत विचार

### जंगल में फंसे चार युवओं को रेस्क्यू किया

**कालाढूंगी :** कोटाबाग के जंगल में घूमना हल्द्वानी के चार युवकों भारी पड़ गया। बारिश में अंधेरा होने के साथ ही युवकों की कार भी बंद हो गयी। चारों युवकों के लिए कालाढूंगी पुलिस देवदूत बनी। थानाध्यक्ष भगवान सिंह महर ने बताया कि शनिवार को रात 10 बजे 112 में नदीम निवासी हल्द्वानी ने सूचना दी की उनके परिवार के चार युवक दोपहर को कालाढूंगी-कोटाबाग के जंगल में घूमने गये थे। युवकों ने फोन पर बताया कि उनकी कार खराब हो गयी है, उन्हें अंधेरा व बारिश के कारण जंगल से बाहर आने रास्ता नहीं मिल रहा है। सूचना पर थानाध्यक्ष महर ने पुलिस व वन विभाग की टीम के साथ कोटाबाग के जंगलों में तलाश शुरू कर दी। चारों युवक सिद्ध स्थल मंदिर वाले मार्ग में गधेरों व नालों को पार करते हुए दस किलोमीटर अंदर जंगल में मिले। युवकों को रस्सी के सहारे नाला पार कराकर रेस्क्यू किया गया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। आसिफ, अरसान, वसीम व राजा सैफी निवासी उत्तर उजाला बरेली रोड हल्द्वानी ने बताया कि वह जंगल में घूमते हुए अंदर आ गये।

बारिश के बीच निकलती भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा। ● अमृत विचार

### बारिश के बीच निकाली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

**रामनगर :** मूसलाधार बारिश भी भगवान जगन्नाथ के प्रति भक्तों की आस्था और विश्वास को नहीं डिगा पाई। बारिश के बीच जगन्नाथ के रथ को भक्तजन पानी की बौछारों से तरबतर होकर रस्सियों से नंगे पांव चलकर खींचते रहे। रविवार को बारिश के बीच गाजे-बाजे के साथ नागा बाबा मंदिर से रथ यात्रा शुरू हुई। यात्रा मंदिर से जसपुरिया, कसेरा, ज्वाला और बजाजा लाइन होते हुए रानीखेत रोड, कोसी रोड, नंदा लाइन से भवानीगंज होती हुई वापस मंदिर परिसर में आकर समाप्त हुई। मंदिर में ही भगवान जगन्नाथ की आरती के बाद प्रसाद वितरण तथा भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान शरद मेहरोत्रा, आमोद मेहरोत्रा, डॉ. मानस, डॉ. चारू टंडन, डॉ. अरविंद कुमार, मनीष मल्होत्रा, शशांक मल्होत्रा, नीता, गौतम चड्ढा, पवन जैन, प्रदीप मेहरोत्रा, पुनीत शंकर अग्रवाल के अलावा कई भक्त मौजूद रहे।

# रामपुर रोड पर दो कारों की भिड़ंत, दंपति गंभीर घायल

### बिजनौर से आ रहे थे पति-पत्नी, डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती

रामपुर रोड में घटना के बाद क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रामपुर रोड स्थित एक कार शोरूम के पास रविवार देर रात करीब 10 बजे दो कारों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। गाड़ियों की रफ्तार इतनी तेज थी कि टकराने के बाद एक कार फिसलती हुई सड़क से नीचे उतर गई। वहीं दूसरी कार में बैठे एक दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद लोगों ने बिना समय गंवाए घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल भिजवाया। टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक सिंह बिष्ट ने बताया कि हादसे में स्विफ्ट कार संख्या यूके04 आर-9745 में सवार जयपाल (65 वर्ष) पुत्र रामपाल और रश्मि रानी (55 वर्ष) पत्नी जयपाल निवासी श्रीजी विहार हल्द्वानी गंभीर रूप से घायल हो गये। जबकि दूसर कार में सवार घायलों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। वहीं दोनों क्षतिग्रस्त कारों को सड़क से हटाकर किनारे करवा दिया गया है। हादसा कैसे हुआ इसकी जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार दम्पति बिजनौर की ओर से आ रहे थे।

## पौधरोपण अभियान के बहिष्कार का ऐलान

**गरमपानी, अमृत विचार :** लगातार मांगों की अनदेखी पर रामगढ़ ब्लॉक के वन पंचायत सरपंच संगठन का पारा चढ़ गया है। उन्होंने आगामी हरेला पर्व पर पौधरोपण अभियान के बहिष्कार का ऐलान किया है।

संगठन के अध्यक्ष कमल सुनाल के अनुसार लगातार की जा रही उपेक्षा से कई सरपंच पद से त्यागपत्र देने को मजबूर हो चुके हैं। सरपंचों के हितों से लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरपंच जल, जंगल, जमीन बचाने को हर संभव प्रयास करते हैं पर सरकार व विभाग अनदेखी पर आमादा है। प्रतिवर्ष जगह-जगह वृहद पौधरोपण अभियान चलाकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे जाते हैं उनकी देखभाल भी की जाती है पर विभागीय लापरवाही से जंगलों की आग पौधों को नष्ट कर दे रही है। सरपंच भीम सिंह नेगी, जगदीश चंद्र, कमलेश सिंह नेगी, राकेश राणा, सोहन बिष्ट ने भी संगठन अध्यक्ष के स्वर में स्वर मिलाते हुए हरेला पर्व पर पौधरोपण अभियान का बहिष्कार करने का ऐलान किया है।

# ढोंगी बाबा सूरजपाल को गिरफ्तार करने की मांग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** साइंस फॉर सोसायटी की बैठक में हाथरस में भगदड़ के दौरान 121 से ज्यादा लोगों की मौत पर शोक प्रकट किया गया। साथ ही ढोंगी बाबा सूरज पाल को गिरफ्तार करने की मांग उठाई गई। सोसायटी ने मृतकों के परिजनों को 25 लाख रुपये मुआवजा देने और संविधान के अनुच्छेद 51 ए एच का सख्ती से अनुपालन कर ढोंग और अंधविश्वासों पर रोक लगाने की भी मांग की।

संयोजक मदन सिंह ने कहा कि सूरजपाल सिंह जाटव उर्फ नारायण साकार हरि पुलिस कांस्टेबल से एक नामी-गिरामी बाबा बन गया, जो जनता के बीच अंधविश्वास फैला रहा है। प्रवक्ता गिरीश चंद्र आर्या ने कहा कि एक ओर हम 21वीं सादी में चंद्रयान- 3 पर जा रहे हैं और चालक रहित कारों का निर्माण कर रहे हैं। दूसरी ओर सूरजपाल सिंह जैसे बाबा अपने आश्रम के हैंड पंप का पानी पिलाकर आम जनता के दुख-दर्द व बीमारी को दूर करने का दावा कर रहे हैं। सोसाइटी ने ढोंगी बाबाओं को चुनौती दी कि वे अपनी दिव्य शक्ति से बंद लिफाफे के नोट का नंबर बता दे तो उन्हें पांच लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। इस दौरान वीर सिंह, दिगंबर, जमनराम हेमचंद आर्य, उषा मौजूद रहे।

बैठक में मौजूद साइंस फॉर सोसायटी के लोग। ● अमृत विचार

# दस वर्षों से पूरी नहीं हुई मंडी खोलने की मांग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल विधानसभा के शत-प्रतिशत क्षेत्र में कृषि होती है। रामगढ़ क्षेत्र तो पूरा ही फल उत्पादक पट्टी है। भीमताल, रामगढ़, धारी और ओखलकांडा ब्लॉक के लोगों की आजीविका का साधन कृषि है। ऐसे में किसान पिछले दस वर्षों से भीमताल विधानसभा में कृषि मंडी खोलने की मांग कर रहे हैं, जो आज तक पूरी नहीं हो पाई है।

मंडी न होने के कारण किसानों को अपने कृषि उत्पाद हल्द्वानी नवीन मंडी में पहुंचाने पड़ते हैं, लेकिन मंडी से मिलने वाली राशि का 70 प्रतिशत उत्पाद को मंडी पहुंचाने में खर्च हो जाता है। इससे उनकी आमदनी कम हो जाती है। साथ ही सही समय में उत्पाद मंडी न पहुंचने पर हानि भी उठानी पड़ती है।

क्षेत्रीय किसानों के मुताबिक कुछ वर्ष पूर्व भीमताल विधानसभा में मंडी के लिए स्थान का चयन किया गया था। कहा गया था कि शीघ्र ही मंडी का निर्माण होगा, पर उसके बाद कोई हलचल नहीं दिखी। किसानों ने प्रदेश की भाजपा सरकार से मंडी खोलने की मांग की है।

भीमताल विधानसभा में यदि मंडी खुल जाए तो किसानों को काफी राहत होगी। काश्तकार और फल उत्पादक स्वयं अपने कृषि उत्पाद मंडी ले जा सकेंगे। जिससे उन्हें अच्छे दाम भी मिलेंगे। **-लाखन नेगी**, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामगढ़

## मालरोड में मृत पड़ा मिला फड़ कारोबारी

**नैनीताल, अमृत विचार :** शहर के माल रोड क्षेत्र में पुस्तकालय के सामने एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान न्यू कॉलोनी दुर्गापुर निवासी लाल सिंह (45 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस ने पंचनामे और पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पालिका कर्मचारी धीरज कटियार रविवार सुबह दुर्गालाल साह पुस्तकालय खोलने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने पुस्तकालय के बाहर कुर्सी पर एक व्यक्ति को बेसुध पड़ा पाया। तत्काल पुलिस और आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। सूचना पर एसआई भावना बिष्ट, चीता कांस्टेबल अमित गहलोत मौके पर पहुंचे और बेसुध व्यक्ति को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि उक्त व्यक्ति माल रोड में भुट्टे बेचने का कार्य करता था।

# चुकुम-कुनखेत पैदल मार्ग को अविलंब दुरुस्त करे प्रशासन

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** चुकुम की ग्राम प्रधान सीमा आर्या ने जिला प्रशासन से चुकुम से कुनखेत को जोड़ने वाले पैदल मार्ग को दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि कोसी नदी में बाढ़ के दौरान केवल कुनखेत मार्ग ही ग्रामीणों का सहारा होता है। स्कूली छात्र-छात्राओं के अलावा ग्रामीण कुनखेत स्थित झूलापुल से आते-जाते हैं। मगर पिछले कई वर्षों से यह मार्ग जीर्ण-शीर्ण हालत में है।

वर्तमान समय में कुनखेत पैदल मार्ग की स्थिति बहुत खराब है। ग्राम प्रधान सीमा ने बताया कि वर्ष 2022 में जिलाधिकारी धीराज गर्ब्याल के निर्देश पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा पटवारी ने पैदल मार्ग का निरीक्षण किया तथा जिलाधिकारी कोष से मार्ग का पुनर्निर्माण करने की बात कही थी। साथ ही समय-समय पर वन विभाग को भी इस रास्ते की मरम्मत हेतु पत्राचार किया गया, लेकिन अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। कहा कि इसी वर्ष 12 मार्च को मंडलायुक्त कमिशनर दीपक रावत के चुकुम भ्रमण के दौरान उन्हें भी समस्या से अवगत कराया गया था। मगर फिर भी प्रशासन ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस पैदल मार्ग पर हिंसक वन्य जीवों से भी सामना होता रहता है। इसलिए इसको सुधारने की नितांत आवश्यकता है।

चुकुम-कुनखेत मार्ग को खुद ठीक करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

# खंडहर हुई अंग्रेजी काल की पटवारी चौकी

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भवाली से मात्र चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित रोडवेज बस अड्डे के ऊपर अंग्रेजों के जमाने की पटवारी चौकी है, जो वर्तमान में खंडहर हो गई है। स्थानीय लोगों ने कई बार चौकी के जीर्णोद्धार की मांग उठाई पर किसी भी जनप्रतिनिधि ने सुध नहीं ली। ऐसे में एक बार फिर पटवारी चौकी के जीर्णोद्धार की मांग उठने लगी है।

वर्षों पुराना पटवारी चौकी का भवन कभी भी गिर सकता है। इस भय से अब न तो कानूनगो यहां बैठते हैं और न ही पटवारी। आजादी से पहले से स्थापित इस पटवारी चौकी में मेहरा गांव, ल्वेशाल नगरी, क्हेल क्वीरा और भवाली नगर पालिका का संपूर्ण क्षेत्र भूमियाधर व बेलवा खान ग्राम सभा की सभी राजस्व संबंधी दस्तावेज मौजूद थे। क्षेत्र के लोगों के भूमि से संबंधित सभी कार्य चौकी में होते थे। कई बार चौकी की मरम्मत के लिए लोगों ने तत्कालीन डीएम से मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस चौकी के खंडहर होने और पटवारी व कानूनगो के यहां न बैठने के कारण क्षेत्र की एक लाख से अधिक की आबादी परेशान है।

अंग्रेजों के समय की पटवारी चौकी जो खंडहर हो गई। ● अमृत विचार

पटवारी चौकी की स्थिति को लेकर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायत की थी। एसडीएम से लेकर तत्कालीन डीएम धीराज गर्ब्याल से भी बात हुई थी पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। **-संजीव भगत**, पूर्व ग्राम प्रधान नगारी गांव

## पर्यटकों को भा रही ट्राउट फिश

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जिले की ट्राउट फिश पर्यटकों को खूब भा रही है। साथ ही अन्य राज्यों में भी इसकी आपूर्ति की जा रही है। वर्तमान में एक दर्जन से ज्यादा किसान इसका पालन कर रहे हैं। पारंपरिक रूप से खेती में मेहनत अधिक व लाभ कम होने के कारण अब किसान आय के अन्य विकल्पों को अपना रहे हैं। ऐसे में, जिले के कई किसानमछली पालन करके बढ़िया मुनाफा कमा रहे हैं।

जिले में ट्राउट फिश का भी पालन किया जा रहा है। मछलीपालनके लिए इसे सबसे अच्छी प्रजाति का माना जाता है। बाजार में ट्राउट फिश करीब 1000 से 1500 रुपये प्रति किलो तक बिकती है। जिला मतस्य अधिकारी डॉ. विशाल दत्ता ने बताया कि ट्राउट फिश ठंडे जलवायु में भी पाली जा सकती है। इसे बड़ा होने में चार महीने का समय लगता है।

# प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए मिलेगा ऋण

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) के तहत स्वरोजगार के लिए नगर निगम कार्यालय में आवेदन लिए जा रहे हैं। साथ ही नए स्वयं सहायता समूहों का गठन भी किया जा रहा है।

नगर निगम की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर व स्वरोजगार करने के इच्छुक लोगों के लिए ऋण की व्यवस्था की जा रही है, जिसके तहत स्वरोजगार के लिए करीब दो लाख रुपये का लोन दिया जाता है। केंद्र सरकार की एनयूएलएम योजना के तहत आगामी सितंबर माह तक लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है, जिसके तहत 10 बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने, 5 स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपलब्ध कराने, 10 नए स्वयं सहायता समूह बनाने और दस समूहों को मिलाकर एक क्षेत्रीय संघ का गठन किया जाएगा। वर्तमान लक्ष्य की प्राप्ति के बाद इसे बढ़ा दिया जाता है। योजना का लाभ लेने के लिए नगर निगम कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है।

साक्षात्कार के बाद ही चयनित अभ्यर्थियों व समूहों के आवेदनों को बैंकों को भेजा जाता है। नगर निगम के सिटी मैनेजर डॉ. आईपी पंत ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में रहने वाला कोई भी बेरोजगार व्यक्ति रोजगार करने के लिए आवेदन कर सकता है, पशुपालन को छोड़कर सभी क्षेत्रों में लोन दिया जाता है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

## एक नजर

### खेल विभाग की बैठक 9 को विकास भवन में

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए खेल विभाग की संयुक्त बैठक 9 जुलाई को भीमताल स्थित विकास भवन में होगी। जिला प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना को लेकर बैठक की जानी है। बैठक में जिले भर में आयोजित होने वाले खिलाड़ियों के चयन ट्रायल को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। इसमें मुख्य रूप से शिक्षा विभाग, युवा कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी शामिल होंगे। खेल विभाग की अगुवाई में इस बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल की बैठक आज

**हल्द्वानी :** अखिल एकता उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा ने बताया कि व्यापारी हितों को लेकर बैठक सोमवार को दोपहर 2:30 बजे नगर निगम के ऑडिटोरियम में होगी। इसमें संगठन की कार्यकारिणी का विस्तार और आगामी कार्यक्रमों पर मंथन होगा। उन्होंने व्यापारियों से समय से पहुंचने की अपील की है।

# दुकान में चरस का थैला रखकर फरार हो गई महिला तस्कर, वीडियो वायरल

## बीती 28 जून को महिला तस्कर ने एक दुकान में रख दी थी करीब 900 ग्राम चरस

**दुस्साहस**

- पुलिस पर दुकानदार को फंसाने का लगाया आरोप, मंडलायुक्त दीपक रावत से की शिकायत
- नवाबी रोड के कुल्यालपुरा क्षेत्र की घटना, 10 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** दुकान में चरस रखकर फरार महिला तस्कर चर्चा में है और उस पर वहां नारकोटिक्स अफसर बनकर पहुंचे तीन लोग भी। घटना को 10 दिन से ज्यादा हो चुके हैं और पुलिस के हाथ खाली हैं। दुकानदार महिला ने उसके पति को फंसाए जाने की आशंका जाहिर करते हुए मंडलायुक्त दीपक रावत से शिकायत की है।

सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई दुकान में चरस रखती महिला तस्कर। ● अमृत विचार

नवाबी रोड कुल्यालपुरा गली नंबर तीन निवासी पूनम देवी पत्नी सूरज टम्टा ने मंडलायुक्त को बताया कि यहां उनकी दुकान भी है। दुकान के एक हिस्से में परचून और दूसरे हिस्से में कॉस्मेटिक सामान की बिक्री होती है। परचून की दुकान से कॉस्मेटिक दुकान में जाने का रास्ता है। बीती 28 जून को एक महिला परचून की दुकान में पहुंची। उस वक्त पूनम घर पर थी। वह कॉस्मेटिक स्टोर गई, वहां से कुछ सामान लिया और थैला वहीं रख दिया। जिसके बाद वह बाहर आकर खड़ी हो गई। तभी तीन लोग खुद को नारकोटिक्स अफसर बताते हुए दुकान में घुसे। उन्होंने थैला उठाया और उसमें मौजूद चरस के बारे में पूछा। वह पति को जबरदस्ती ले जाने लगे तो पूनम ने पुलिस को सूचना दी। सीओ मौके पर पहुंचे और वहां लगे सीसीटीवी फुटेज चेक किए तो दुकानदार की बात सही साबित हुई।

पूनम का कहना है कि उसका पड़ोसियों से विवाद चल रहा है। 21 मई को पड़ोसियों ने उसके परिवार से मारपीट की। उसने भोटियापड़ाव चौकी में शिकायत भी की, लेकिन चरस वाली घटना के बाद वह दोबारा चौकी पहुंची तो पता लगा कि उसकी पूर्व में दी शिकायत भी दर्ज नहीं की गई।

## किसान फसल का बीमा 15 तक कराएं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जनपद के किसान 15 जुलाई तक अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। जिले में धान, मडुवे आदि फसलों का बीमा किया जायेगा। फसल बीमा के लिए क्षेमा जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड को सरकार की ओर से अधिकृत किया गया है।

कंपनी के प्रतिनिधि कपिल सागर ने बताया कि इच्छुक किसान 15 जुलाई तक बीमा करवा सकते हैं। खरीफ वर्ष 2024 में पर्वतीय क्षेत्र में मडुवा के लिए 2 प्रतिशत की दर से 1063.38 रुपये प्रति हेक्टेयर (21 रुपये प्रति नाली) तथा पर्वतीय धान के लिए 1250 रुपये प्रति हेक्टेयर (25 रुपये प्रति नाली) प्रीमियम निर्धारित किया गया है। मैदानी क्षेत्रों में धान के लिए 2 प्रतिशत की दर से 1930.64 रुपये प्रति हेक्टेयर (38.61 रुपये प्रति नाली) प्रीमियम निर्धारित किया गया है। मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. विकेश कुमार सिंह यादव ने बताया कि किसान स्वेच्छा से फसल बीमा कर सकते हैं, लेकिन सभी किसानों को बीमा कराना चाहिए, जिससे फसल को नुकसान होने पर उन्हें आर्थिक हानि न हो।

## सार-संक्षेप

शिविर में मरीज की जांच करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### राजेंद्र नगर में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया

**हल्द्वानी :** शिल्पकार सेवा संस्थान ने गली नंबर-1 राजेंद्र नगर में निवर्तमान पार्षद व निजी अस्पताल के सहयोग से निशुल्क नेत्र शिविर लगाया। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने आंखों की जांच की और दवाइयां भी वितरित कीं। शिविर का 150 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया, जबकि 10 लोगों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया। निवर्तमान पार्षद राधा आर्या ने भविष्य में भी इस तरह के शिविर लगा कर क्षेत्र की जनता को इसका लाभ देने की बात कही। इस दौरान विनोद कुमार, हरीश सिरोली, करन आर्या, स्पर्श जयसवाल, हिमांशु आर्या, शुभम माहेश्वरी मौजूद रहे।

### बाजार गए बुजुर्ग की स्कूटी फिसलने से मौत

**हल्द्वानी :** घर से बाजार के लिए निकले बुजुर्ग की स्कूटी फिसल गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। कार्तिकेय कॉलोनी मुखानी निवासी नवीन चंद्र जोशी (80 वर्ष) शनिवार रात स्कूटी से बाजार के लिए निकले थे। कुसुमखेड़ा चौराहे से गुजरते हुए उनकी स्कूटी अचानक फिसल गई। वह बुरी तरह लहूलुहान हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उन्हें एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

### मतदाता अभिनंदन यात्रा का आज होगा शुभारंभ

**हल्द्वानी :** नैनीताल संसदीय सीट पर लगातार तीसरी बार जीत दर्ज करने के उपलक्ष्य में भाजपा का 'मतदाता अभिनंदन यात्रा' सम्मेलन सोमवार सुबह 10 बजे से कालाढूंगी रोड स्थित एक बैंक्वेट हॉल में होगा। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि भाजपा की ओर से नैनीताल-ऊधमसिंह नगर संसदीय सीट के सभी विधानसभा क्षेत्रों में 1 से 17 जुलाई तक मतदाता अभिनंदन यात्रा होगी। इसी क्रम में 8 जुलाई को कालाढूंगी विस क्षेत्र के बिठौरिया मंडल में मतदाताओं का अभिनंदन होगा। इसमें सभी मंडलों के सर्वाधिक वोट लाने वाले 10 बूथों के अध्यक्षों समेत अन्य पदाधिकारियों को सांसद अजय भट्ट सम्मानित करेंगे।

# दुश्मन का सिर कलम कर फहराई विजय पताका

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** देश में सरकार अटल बिहारी वाजपेई की थी। पाकिस्तान से रिश्ते बेहद नाजुक थे। इधर, प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई शांति संदेश लेकर बस से रवाना हुए और उधर पाकिस्तानी सैनिक भारत की सीमा में दाखिल हो गए। इन्हें 2 नागा रेजीमेंट के जांबाज सैनिकों ने सबक सिखाया। नागा रेजीमेंट ने युद्ध का अंत और विजय पताका पाकिस्तानी सैनिक का सिर कलम कर फहराई।

इसी जज्बे को याद रखने और कारगिल युद्ध की रजत जयंती के साथ 2 नागा रेजीमेंट ने फतेहपुर पीपल पोखरा नंबर 2 जगदम्बा विहार में युद्ध सम्मान दिवस मनाया। कारगिल युद्ध में 2 नागा में रेकी और सर्विलांस हवलदार के पद पर और वर्तमान में सेवा निवृत कैप्टन सुरेश चंद्र भट्ट ने बताया कि हमारी पल्टन 2 नागा

युद्ध सम्मान दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

रेजिमेंट जम्मू-कश्मीर में पट्टन में तैनात थी। कारगिल में घुसपैठ की सूचना मिलते ही 2 नागा कारगिल के मशकोह रवाना हुई। पॉइंट 4875 और ट्विन बम्प पर कब्जा करने को नागा रेजीमेंट ने 6 व 7 जुलाई की रात चढ़ाई शुरू की। रात लगभग 10 बजे चोटी के पास पहुंचते ही पाकिस्तानी सैनिकों ने फायर कर दिया। 16 भारतीय जवान शहीद हुए, लेकिन भारतीयों ने अंत में पाकिस्तानी सैनिक का सिर कलम कर विजय पताका फहराई। इस ऐतिहासिक वीरता और साहस के लिए पल्टन को एक महावीर चक्र, दो वीर चक्र, एक युद्ध सेवा मैडल और 12 सेना मैडल मिले। कार्यक्रम में सूबेदार नंदावल्लभ, कप्तान नारायण दत्त पांडेय, सूबेदार मेजर गोविंद सिंह बाड़ती, कप्तान सुरेश भट्ट, सूबेदार मेजर जगदीश चंद्र, कप्तान हीरा सिंह, कप्तान राजेंद्र सिंह, कप्तान गोविन्द सिंह, सूबेदार दिवान सिंह, सूबेदार त्रिलोक चंद्र, नायब सूबेदार नारायण साही, हवालदार चन्दन सिंह आदि मौजूद रहे।

# बहू ने सास को परिजनों के साथ मिलकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- सास ने बहू व उसके परिजनों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा
- पीड़िता ने बहू से छुटकारा दिलाने की पुलिस से लगाई है गुहार

**अमृत विचार :** ससुर की मौत होते ही बहू सास पर हावी हो गई। उसने अपने माता-पिता व अन्य लोगों के साथ मिलकर उसे बुरी तरह पीटा। इस मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मल्ली बमौरी में लालडांठ प्राइमरी स्कूल के पास रहने वाली जानकी जोशी पत्नी स्व. पूरन चंद्र जोशी ने पुलिस को बताया कि बीती एक जून को लंबी बीमारी के बाद उनके पति का निधन हो गया। पूर्व से हिंसक व्यवहार रखने वाली बहू रेखा पत्नी नितेश जोशी, ससुर की मौत के बाद और हिंसक हो गई। बीती 14 जून की रात करीब साढ़े 11 बजे उसने अपनी मां पार्वती पांडे, पिता गोपाल दत्त निवासी किशन कॉलोनी रोहड़ी सेक्टर 31 दिल्ली, पूजा बधानी पत्नी गोपाल दत्त बधानी निवासी रुद्रपुर और मंजू पालीवाल पत्नी मनोज पालीवाल निवासी रुद्रपुर के साथ मिलकर जानकी को बुरी तरह पीटा और जान से मारने की कोशिश की। बीते वर्ष अक्टूबर को भी बहू ने इसी तरह की घटना की। पुलिस में रिपोर्ट की तो उसने समझौता किया और भविष्य में ऐसा नहीं करेगी, लिख कर दिया। हालांकि कुछ समय बाद ही उसने फिर से मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने पुलिस से गुहार लगाई है कि वह उसके मकान से बहू को बाहर निकाले।

काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर पौधरोपण का संदेश देते लोग। ● अमृत विचार

### रेलवे स्टेशन व कॉलोनियों में लगाए 50 पौधे

**हल्द्वानी :** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल की ओर से काठगोदाम रेलवे स्टेशन व आसपास की कॉलोनियों में पौधरोपण किया। इस दौरान गुलमोहर, अमरूद, आम, नीम और जामुन के करीब 50 पौधे लगाये गये। वहीं काठगोदाम रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को एक पेड़ मां के नाम जैसे वाक्यों व पोस्टरों से पौधरोपण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ब्रजलाल मीना, स्टेशन अधीक्षक वैभव कुमार, राकेश मीना, मनोज नेगी, अनिल समेत कई लोग मौजूद रहे।

### वाहन चालक की भर्ती परीक्षा संपन्न

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित वाहन चालक भर्ती की लिखित परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। हालांकि बारिश की वजह से कई अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। अपर जिलाधिकारी फिंचाराम चौहान ने बताया कि रविवार को वाहन चालक भर्ती की लिखित परीक्षा जिले में बने पांच केंद्रों में आयोजित की गई थी। परीक्षा में 2,062 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, लेकिन सिर्फ 1,313 ने ही परीक्षा दी। जबकि 749 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। बताया जा रहा है कि अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे बंद होने से कई अभ्यर्थी परीक्षा देने के समय से काफी देर से पहुंचे, इसलिए परीक्षा में शामिल नहीं हो सके।

### काठगोदाम क्षेत्र से किशोरी लापता, तलाश शुरू

**हल्द्वानी :** शहर में किशोरियों के लापता होने का सिलसिला जारी है। पिछले 17 दिनों में 7 किशोरियां संदिग्ध हालात में लापता हो चुकी हैं। अब काठगोदाम थाना क्षेत्र से भी एक किशोरी लापता हो गई है। काठगोदाम पुलिस को दी तहरीर में कॉलटैक्स जल निगम कॉलोनी निवासी ओमवती पटेल पत्नी मनजीत ने कहा कि उनकी 16 वर्षीय बेटी आंचल बीती 2 जुलाई की शाम करीब 7 बजे घर से निकली और फिर लौट कर नहीं आई। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई है। 20 जून को बनभूलपुरा थाना क्षेत्र से दो किशोरियां लापता हुई थी, जिन्हें सातवें दिन बरामद किया गया था।

# बीएससी बायोटेक में रुचि नहीं ले रहे छात्र-छात्राएं

संवाददाता, हल्द्वानी

- 13 जुलाई है आवेदन करने की अंतिम तिथि, सीटें हैं 60
- 11 जुलाई से शुरू होंगे एमएससी बायोटेक में प्रवेश

**अमृत विचार :** बीएससी बायोटेक में प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं का रूझान कम दिख रहा है। एमबीपीजी कॉलेज में बीएससी बायोटेक में 60 सीटें हैं, लेकिन अभी तक मात्र 19 छात्रों ने प्रवेश लिया है। पिछले वर्ष की तुलना में अभी तक औसतन कम प्रवेश हुए हैं। हालांकि अभी प्रवेश खुले हुए हैं, लेकिन 13 जुलाई को आवेदन करने की अंतिम तिथि है। पांच दिन के भीतर बीएससी बायोटेक में कितने प्रवेश होते हैं, इस पर बायोटेक विभाग की नजर है।

बायोटेक विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रेम प्रकाश ने बताया कि पंतनगर यूनिवर्सिटी की पशु चिकित्सक (वेटरिनरी) और बीएससी एग्रीकल्चर की परीक्षा और सीयूटी टेस्ट का परीक्षा परिणाम 12 जुलाई को आएगा। बताया कि अधिकांश छात्र इन परीक्षाओं में चयन का इंतजार करते हैं। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद जिन छात्रों का चयन नहीं हो पाता है, उनमें अधिकांश छात्रों की पहली पसंद बीएससी बायोटेक होती है। पिछले वर्ष 60 सीटों में 58 छात्रों ने बीएससी बायोटेक में प्रवेश लिया था, जबकि एमएससी बायोटेक की 40 सीटों में 28 प्रवेश हुए थे। बताया कि इस बार पिछले वर्ष की तुलना में अभी तक औसतन कम प्रवेश हुए हैं। इधर, एमबीपीजी कॉलेज में एमएससी बायोटेक की 40 सीटों के लिए 11 जुलाई से प्रवेश शुरू होंगे।

# एसटीएच में सर्पदंश के 9 मरीज भर्ती

**हालत सुधरी**

- सभी मरीजों के स्वास्थ्य में बताया गया है सुधार
- अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में मौजूद हैं एंटी वेनम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बारिश बढ़ने के साथ ही सर्पदंश के मामले बढ़ते जा रहे हैं। डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में सर्पदंश के नौ मरीज भर्ती हैं। जिनका उपचार चल रहा है। राहत की बात है कि सभी के स्वास्थ्य में सुधार है।

अस्पताल में इस बार बारिश के मौसम में कुल 18 मरीज ऐसे आए हैं, जिनको सांप ने डसा था। इनमें से नौ मरीजों को ठीक किया जा चुका है। साथ ही इस समय अस्पताल में नौ मरीज भर्ती हैं। सर्पदंश के दो मरीजों को रविवार को भर्ती किया गया। अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में एंटी वेनम इंजेक्शन मौजूद है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि सर्पदंश से पीड़ित मरीज के आने पर पहले यह देखा जाता है कि उसे जहरीले सांप ने काटा है या फिर सामान्य सांप ने काटा है। उसके बाद ही उसका उपचार किया जाता है। कहा कि यह मिथ्या है कि अगर किसी अस्पताल में केवल एंटी वेनम इंजेक्शन मौजूद हैं तो सर्पदंश के मरीज को ठीक किया जा सकता है। हर मामले में ऐसा नहीं होता, क्योंकि एंटी वेनम के बाद मरीज को वेंटीलेटर की भी जरूरत पड़ सकती है। कुछ मामलों में मरीज की सर्जरी करानी पड़ती है।

**उत्तर प्रदेश से भी आ रहे मरीज**

**हल्द्वानी :** एसटीएच में सर्पदंश के मरीज केवल हल्द्वानी, लालकुआं, रामनगर या पहाड़ से ही नहीं आ रहे हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती जिलों के भी मरीज आ रहे हैं। एसटीएच में मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत के मरीज भी इलाज करा रहे हैं।

## छात्रवृत्ति परीक्षा की आवेदन तिथि आगे बढ़ाने की मांग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना में चयन परीक्षा के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जुलाई है, लेकिन अभी तक अधिकांश छात्र-छात्राएं इसके लिए आवेदन नहीं कर पाए हैं। राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने आवेदन पत्र जमा करने की तिथि को 15 जुलाई तक बढ़ाने की मांग की है।

संगठन ने इस संबंध में राज्य शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद के निदेशक और प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को पत्र भेजा है। ताकि अधिक से अधिक बच्चे छात्रवृत्ति योजना का लाभ ले सकें। बताया कि 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश होने के कारण स्कूल बंद थे। 1 जुलाई को एक दिन के लिए स्कूल खुले, लेकिन बारिश के कारण 2 से 7 जुलाई तक लगातार स्कूल बंद रहे।

इंडिया वूमेंस वुशु प्रतियोगिता के लिए चुनी गई हल्द्वानी टीम की महिला खिलाड़ी।

### खेलो इंडिया वूमेंस वुशु के लिए टीम का चयन

**हल्द्वानी :** वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया व वुशु एसोसिएशन ऑफ पंजाब की संयुक्त अगुवाई में पटियाला स्थित नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में 9 से 12 जुलाई को खेलो इंडिया वूमेंस वुशु लीज नार्थ जोन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में हल्द्वानी के जय दुर्गा मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें करुणा लखेरा, उन्नति बिष्ट, रिनीशा लोहनी, अपराजिता श्रीवास्तव, यषिका बिष्ट व दीपिका आर्य को शामिल किया गया है। अकदामी के कोच विनोद लखेरा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए रविवार को पटियाला के लिए टीम रवाना होगी।

### साथी संगठन ने चलाया स्वच्छता अभियान

**हल्द्वानी :** साथी संगठन के सदस्यों ने मानसून के रेड अलर्ट में भी जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत अटल पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। इसके बाद व्यायाम, जॉगिंग और दंड बैठक कर स्वास्थ्य लाभ लिया। इस दौरान सदस्यों ने हरेला पर्व पर वृहद पौधरोपण करने पर सहमति जताई। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह गौनिया, आरएस बोरा, डीडी शर्मा, जेएस खोलिया, एमएस महरा, विरेंद्र भाकुनी, सुरेंद्र बिष्ट आदि रहे।

### 16 परीक्षा केंद्रों में 6870 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

**हल्द्वानी :** शहर के 16 परीक्षा केंद्रों में रविवार को केन्द्रीय शिक्षक पात्रता (सीटेट) की परीक्षा हुई। पहली पाली में सुबह 9.30 बजे 12 बजे तक परीक्षा हुई, जिसमें कुल पंजीकृत 7242 विद्यार्थियों में 5612 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। जबकि 1630 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में दोपहर 2 से 4:30 बजे तक हुई। परीक्षा में 1832 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिसमें 1258 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 574 अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# कार्यकारिणी का किया विस्तार

अग्रवाल सभा की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** अग्रवाल सभा ने रविवार को एक बैठक के दौरान कार्यकारिणी का विस्तार किया। साथ ही आगे होने वाले कार्यक्रमों पर चर्चा की। इस दौरान पौधरोपण और युवा समिति की ओर से मीरा मार्ग स्थित प्याऊ का जीर्णोद्धार करने पर सभा की सराहना की गई। सभा का संचालन राजीव अग्रवाल व मनोज अग्रवाल ने किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष नीरज प्रभात गर्ग, महामंत्री मनोज अग्रवाल व कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल की सहमति से भगवान सहाय अग्रवाल, कैलाश चंद्र अग्रवाल, सुशील कुमार अग्रवाल पप्पी, राकेश गर्ग, सुशील बंसल को संरक्षक, दीपक अग्रवाल, अरुण अग्रवाल, निशुल अग्रवाल को उपाध्यक्ष, राजीव अग्रवाल को कार्यक्रम संयोजक, मनोज अग्रवाल, तपन अग्रवाल, अभिषेक मित्तल, सरिल गोयल को सचिव और आय व्यय निरीक्षक विजय बंसल सहित आशुतोष अग्रवाल को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया।

कार्यक्रम में महिला सभा की अध्यक्ष पायल अग्रवाल, महामंत्री राधिका अग्रवाल, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री तरुण बंसल, युवा अध्यक्ष विपुल अग्रवाल, महामंत्री कनव अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, अनिल गुप्ता आदि रहे।

## पार्वती कॉलोनी में पहुंचा गुलदार लोगों में दहशत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** तिकोनिया क्षेत्र में गुलदार दिखने से लोगों में दहशत बरकरार है। वन विभाग की 2 टीमें गुलदार को पकड़ने में जुटी हैं, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है।

इधर, रविवार तड़के लालडांठ के बिठौरिया नंबर एक की पार्वती कॉलोनी में गुलदार दिखने से लोगों में दहशत फैल गई। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक गुलदार जा चुका था। हल्द्वानी रेंज के रेंजर आनंद कुमार ने बताया कि गुलदार की ट्रैकिंग लगातार की जा रही है, लेकिन सटीक लोकेशन नहीं मिल पा रही है। लोगों से अपील है कि रात के समय अंधेरे रास्तों और झाड़ी वाले इलाकों से निकलने से बचें।

# युवती के कहने पर की मारपीट, दांत तोड़ा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** लड़की के कहने पर कुछ लोगों ने एक युवक को कांग्रेस नेता के कार्यालय में बुलाकर बंधक बना लिया। उसे बुरी तरह पीटा और दांत तोड़ दिया। घायल की तहरीर पर मुखानी पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में ऊंचापुल मुखानी निवासी महेश पुत्र हयात सिंह ने लिखा कि बीती 12 मई को उसके पास राहुल रावत का फोन आया और उसने हनुमान मंदिर स्थित एक कांग्रेस नेता के कार्यालय में बुलाया। वह शाम करीब सात बजे अपने दोस्त दिपेन्द्र रावत के साथ पहुंचा। उस वक्त कांग्रेस नेता के कार्यालय में राहुल रावत, सुशील कनवाल और शुभम भंडारी मौजूद थे। उक्त लोगों ने कहा कि तू ब्लॉक के पास रहने वाली अर्चना पांडे को फोन और व्हाट्सएप पर मैसेज करता है। यह कहते ही उक्त लोगों ने हाथापाई शुरू कर दी। कार्यालय का शटर बंद कर बंधक बना लिया और पीट-पीट कर दांत तोड़ दिया। शोर मचाने पर आस-पास के लोगों ने उसकी जान बचाई। आरोपी महेश को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। आरोप है कि अर्चना पांडे के कहने पर उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की कोशिश की। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी का कहना है कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप में जलभराव के बीच से निकलते वाहन। ● अमृत विचार

रुद्रपुर में कल्याणी नदी के किनारे बसे जगतपुरा में हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

# तराई में झमाझम बरसे मेघ, जनजीवन रहा प्रभावित

## कुल 72.8 एमएम बारिश रिकॉर्ड, सबसे अधिक खटीमा में 98 और सबसे कम रुद्रपुर में 22 एमएम बारिश, अगले तीन दिन भी संभावना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** तराई में शनिवार रात से सुबह तक झमाझम बारिश से जहां तापमान में कमी आयी है, वहीं 72.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। इस दौरान सबसे अधिक खटीमा में 98 मिलीमीटर और सबसे कम रुद्रपुर में 22 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। वहीं मौसम वैज्ञानिकों ने अगले तीन दिन तक तराई में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जतायी है।

यहां बता दें कि पिछले एक पखवाड़े से लोग गर्मी के साथ ही उमस भरी गर्मी से परेशान थे। शनिवार की देर सायं से दोपहर तक लगातार बारिश होने से राहत की सांस ली है। बारिश के चलते तराई के तापमान में भी 5 डिग्री सेल्सियस की कमी आयी है। जीबी पंत विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि तराई में विगत रात्रि से दोपहर तक 72.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी है। उन्होंने बताया कि रविवार को तराई का अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वातावरण में नमी की मात्रा 98 प्रतिशत रही, जबकि पूर्व की दिशा से 12.9 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। उन्होंने बताया कि अगले तीन दिन पर्वतीय इलाकों में इसी तरह का मौसम रहने की संभावना बनी हुई है। उन्होंने बारिश को धान की फसल के लिए लाभदायक बताया है। वहीं काशीपुर में बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया। लोगों को जरूरी कार्यों के लिए बारिश के कारण जूझना पड़ा और उन्हें परेशानी हुई।

संजय नगर खेड़ा में नदी किनारे बसे लोगों की समस्याएं सुनते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

जगतपुरा में निरीक्षण के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह। ● अमृत विचार

# बैगुल व कल्याणी नदी उफनाने से सहमे क्षेत्र के लोग

**जलस्तर बढ़ा**

- भूतबंगला, रम्पुरा, पहाड़गंज, संजय नगर खेड़ा, जगतपुरा में जलभराव होने पर विधायक ने लोगों की समस्याओं को सुना

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** तराई में शनिवार रात्रि से हो रही बारिश से रुद्रपुर में कई स्थानों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गयी है। इससे कल्याणी नदी और बैगुल नदी के किनारे बसे लोगों की नींद उड़ गयी है। कारण पहाड़ों में हो रही लगातार बारिश से दोनों नदियों का जल स्तर धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। वहीं मुख्य बाजार में कई स्थानों पर जलभराव से नगर निगम के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खुल गयी है।

यहां बता दें कि शनिवार की देर सायं से तराई में लगातार बारिश हो रही है। इससे शहर के डीडी चौक, सिविल लाइन, गांधी पार्क, अग्रसेन चौक के आसपास जलभराव हो गया है। इससे लोगों को आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं कल्याणी नदी और बैगुल नदी का जल स्तर भी धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। इससे भूतबंगला, रम्पुरा, पहाड़गंज, संजय नगर खेड़ा, जगतपुरा के आसपास जलभराव हो गया है। इससे लोगों की चिंता बढ़ने लगी है।

वहीं विधायक शिव अरोरा ने संजय नगर खेड़ा बसंती मंदिर में नदी किनारे बसे लोगों की समस्याओं को सुना। इसके बाद विधायक ने कल्याणी नदी के बढ़ते जल स्तर की निरीक्षण किया। वहीं निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह व किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने वार्ड नंबर 4 ट्रांजिट कैंप पश्चिमी, वार्ड नंबर 5 मुखर्जी नगर, वार्ड नंबर 6 जगतपुरा, वार्ड नंबर 39 जगतपुरा पूर्वी, वार्ड नंबर 19 खेड़ा उत्तरी में जलभराव की स्थिति का जायजा लिया एवं प्रशासन द्वारा नदी किनारे बसे लोगों के घरों पर लगाए गए निशान के संबंध में लोगों को अस्वस्थ किया कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने जल निकासी के लिए नगर निगम के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस अवसर पर भाजपा उत्तरी मंडल महामंत्री राधेश शर्मा, निवर्तमान पार्षद सुनील कुमार बाबा, पप्पू गुप्ता, मुकेश कुमार, गोपाल रंग, हरीश चंद गाईन, सपन मण्डल, कृष्णा मण्डल, सोनू प्रजापति, मुरली यादव, आतिश साना, सत्यप्रकाश, दीपक चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।

किच्छा में भारी बारिश के चलते गौला नदी का जलस्तर बढ़ गया। ● अमृत विचार

**गौला नदी का जलस्तर बढ़ने पर सतर्कता बढ़ाई**

**किच्छा :** कुमाऊं में लगातार हो रही बारिश के चलते गौला नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है। गौला बैराज से गौला नदी में 20700 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद प्रशासन द्वारा गौला नदी किनारे आबादी क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है तथा नदी किनारे ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं और साथ ही नदी किनारे निवास कर रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की गई है। बता दें कि मूसलाधार बारिश से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति पैदा हो रही है। वहीं दूसरी तरफ गौला नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद प्रशासन भी अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। शनिवार और रविवार को पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हुई भारी बारिश के चलते गौला बैराज से करीब 20700 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। जिसके चलते पुलभट्टा, बंडिया, पुरानी गल्ला मंडी, सतुईया, शांतिपुरी, धौरा डैम, कलकत्ता पुलिस चौकी क्षेत्र आदि इलाकों में भू कटान का खतरा मंडरा रहा है। प्रशासन द्वारा रविवार को जारी की गई रिपोर्ट के अनुसार किच्छा क्षेत्र में 85 एमएम बरसात के चलते जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है।

# जिला और तहसील स्तर के नियंत्रण कक्षों के नंबर जारी

संवाददाता, रुद्रपुर

**मौसम अलर्ट**

- आकस्मिक स्थिति में 24 घंटे कर सकते हैं संपर्क
- डीएम ने सभी अधिकारियों को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने आम लोगों की जानकारी के लिए जिला एवं तहसील स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्षों के नंबर जारी किए हैं। साथ ही कहा है कि किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में नियंत्रण कक्ष से चौबीसों घंटे संपर्क साधा जा सकता है। उन्होंने मानसून को देखते हुए सभी संबंधित विभागों व अधिकारियों को निरंतर सतर्क रहकर किसी भी आकस्मिकता की स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

डीएम उदयराज सिंह।

जिलाधिकारी ने जिला मुख्यालय एवं तहसील स्तर पर स्थापित नियंत्रण कक्ष एवं आपदा प्रबंधन के व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जारी होने वाली किसी भी प्रकार की आकस्मिकता या आपदा की सूचना पर संबंधित विभाग व कार्मिक न्यूनतम रिस्पांस टाइम में कार्रवाई करें। इसके लिए अलग से निर्देशों का इंतजार न करें।

उन्होंने संबंधित विभागों व संगठनों को हिदायत दी है कि सड़कों के अवरुद्ध होने की दशा में वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर रोकने की व्यवस्था की जाय और सड़कों को खोले जाने के काम को युद्धस्तर पर संचालित किया जाय।

जिला मुख्यालय उधमसिंह नगर स्थित जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से दूरभाष नंबर 05944-250250, 250222, 250500, 250719 टोल फ्री नंबर 1077-250823 पर संपर्क किया जा सकता है। तहसील जसपुर के नियंत्रण कक्ष से दूरभाष नंबर 9568457717, 9808822000, तहसील काशीपुर में 05947-274026, 9639711936, तहसील बाजपुर में 05949-281002, 9837224562, तहसील गदरपुर में 05949-231136, 8077482320, तहसील रुद्रपुर में 05944-2350010, तहसील किच्छा में 05944-264348, 9058508966, तहसील सितारगंज में 8392825345 और तहसील खटीमा में दूरभाष नंबर 05943-250023 9758595288 पर संपर्क किया जा सकता है।


**सम्मन बनाम प्रतिवादी**
वाद पदों के लिये स्थिरीकरण के लिये समन
(आदेश-5, नियम 1 और 5)
न्यायालय श्रीमान असिस्टेंट कलक्टर
महोदय धारी जनपद नैनीताल

राजस्व वाद संख्या-22/132 वर्ष 2024
वादी/प्रार्थी टीकम सिंह पुत्र दिलीप सिंह निवासी ग्राम काँता तहसील खनस्यूँ जिला नैनीताल

प्रतिवादी बनाम सरकार उत्तराखण्ड एवं अन्य
समन बनाम प्रतिवादीगण संख्या-62 1. मान सिंह, गंगा सिंह टीकम सिंह पुत्र दलीप सिंह 2. सोवन सिंह पुत्र प्रेमसिंह आपको सूचित किया जाता है कि वादी टीकम सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी ग्राम काँता तहसील खनस्यूँ जिला नैनीताल के द्वारा एक वाद इस न्यायालय में धारा 143 ज.वि. एवं भू.सू.अधि. अन्तर्गत वास्ते भूमि अकृषक हेतु दायर किया है जिसे इस न्यायालय में दर्ज कर लिया गया है उक्त वाद में आपत्ति हेतु दिनांक 10.07.2024 की तिथि नियत है।

अत: आप उक्त नियत तिथि दिनांक 10.07.2024 को इस न्यायालय में प्रात: 10:00 बजे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त मामला एकतरफा सुना व निर्गत किया जायेगा।

दिनांक : 04.07.2024
रीडर
न्यायालय असिस्टेन्ट कलक्टर/
उप जिलाधिकारी धारी।

बाजपुर में ब्लाक के सामने मुख्यमार्ग पर बारिश व बाढ़ के पानी से होकर गुजरते वाहन।

ग्राम बैंतखेड़ी में बारिश से गिरी झोपड़ी व चपेट में आकर चोटिल हुई महिला।

# नदियां उफान पर, बाढ़ के पानी से मार्ग अवरुद्ध

संवाददाता, बाजपुर

**भरभराकर गिरी झोपड़ी**

शनिवार की देर रात तेज बारिश के बीच ग्राम बैंतखेड़ी बन्नाखेड़ा निवासी कर्म सिंह की झोपड़ी भर भराकर गिर गई जिसके चलते झोपड़ी गिरने से शांति देवी के सिर में चोट लग गई है जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने बताया कि सूचना पर राजस्व प्रशासन की टीम को मौके पर भेजकर फौरी तौर पर सहायता उपलब्ध करवाई गई है।

**अमृत विचार:** क्षेत्र में हो रही बारिश के कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर डेढ़ से दो फिट ओवरफ्लो लेवड़ा नदी का पानी सरपट दौड़ रहा है। वहीं पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते कई कालोनियों में जलभराव की समस्या बन गई है। अनेक घरों में बारिश का पानी घुस गया है जिससे प्रभावित परिवारों की दुश्वारियां बढ़ा गई हैं।

रविवार को भी कभी तेज तो कभी बूंदाबांदी के रूप में बारिश का क्रम जारी रहा। इधर पर्वतीय क्षेत्र में हो रही मूसलधार बारिश के चलते क्षेत्र के होकर गुजर रहीं लेवड़ा, गड़री, गड़प्पू आदि नदियों में जल स्तर बढ़ने लगा है। लेवड़ा नदी का ओवरफ्लो हुआ बाढ़ का पानी नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर आ गया और डेढ़ से दो फिट पानी नदी के रूप में बहने लगा जिससे वाहन चालकों को आवागमन में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। निचले इलाकों में बसे मोहल्ला बांकेनगर, मझरा-प्रभु, भोना कालोनी, शक्तिनगर राजीवनगर, इंदिरा कालोनी, चकरपुर, गुमसानी आदि के कुछ हिस्से में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। मोहल्ला आलापुर-चरकपुर मोटरमार्ग से होकर गुज़र रही रेलवे लाइन पर बने रेलवे के अंडरपास पुल में जलभराव होने से आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है। कई कालोनियों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी, तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया।

वहीं पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते ने नगरीय क्षेत्र में बारिश एवं लेवड़ा नदी की बाढ़ से प्रभावित कालोनियों का भ्रमण किया तथा सफाई कर्मियों की मदद से नालों व पुलियों में फंसा कूड़ा निकवाकर पानी निकासी की व्यवस्था को सुचारु करवाया।

**परेशानी** पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने से हुआ जलभराव, लोग हुए आक्रोशित

# मार्डन कालोनी में घुसा पानी, लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते मार्डन कालोनी में जलभराव हो गया। आक्रोशित कालोनीवासियों ने बारिश व बाढ़ के पानी में खड़े होकर विरोध स्वरूप प्रदर्शन किया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

लेवड़ा नदी की माइनर सिंचाई नहर शहर के मोहल्ला बांकेनगर, मझरा-प्रभु, राजीवनगर, एसडीएम कार्यालय, आलापुर के बाद ग्रामीण क्षेत्र मुड़िया पिस्तौर देहात से होते हुए मलेरिया रोड पर बुक्सा छात्रावास के सामने दो हिस्सों में बंटकर पूर्व तथा पश्चित दो धड़ों में बंट जाता है और पश्चचिम साइड का हिस्सा मलेरिया मोड़ से बाजपुर-दोराहा मुख्यमार्ग के बराबर से होकर बह रहे नाले में मिल जाता है, जोकि आगे जाकर गंदे नाले में मिल जाता है। इस सिंचाई नहर में लेवड़ा के साथ ही शहर के काफी बड़े हिस्से का पानी जाता है। बारिश का पानी भी इसी नहर से होकर गुजरता है। समस्या यह है कि मलेरिया मोड़ पर एक सर्विस स्टेशन के आगे दोराहा की तरफ ठीक से सफाई न होने के कारण पानी निकासी की व्यवस्था अवरुद्ध हो गई है जिससे मार्डर कालोनी में जलभराव की विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। आक्रोशित कालोनीवासियों ने रविवार को बहते पानी में खड़े होकर विरोध-प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि वह पिछले करीब पांच वर्षों से वह इस समस्या से जूझ रहे हैं। इन लोगों ने कई बार पानी निकासी के लिए उचित व्यवस्था करने की मांग की है, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस मौके पर आरिफ मोहम्मद, नजाकत अली, दाउद, इंतजार, सरताज, दुल्हा जान, डा.फैयाज, रामवती, शबनम, इकरा, दीपा यादव, गोपाल यादव, रामवीर यादव आदि मौजूद रहे।

बाजपुर में पानी में खड़े होकर आक्रोश जताते मार्डन कालोनी के लोग। ● अमृत विचार

बाजपुर में स्वच्छकारों को रेनकोट देते पालिकाध्यक्ष गित्ते।

**स्वच्छकारों को दिए रेनकोट**

**बाजपुर :** जिला प्रशासन की ओर से बरसात में भी नालों की सफाई लगातार जारी रखने और किसी भी सूरत में बरसाती पानी की निकासी बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में पालिका प्रशासन की ओर से सफाई कर्मियों को बरसात के दिनों में कार्य के लिए सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं, जिसके चलते जहां कूड़ा निकासी के लिए पर्याप्त वाहन लगाए गए हैं। पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते व ईओ मनोद कुमार दास ने संयुक्त रूप से नगरपालिका के 80 स्वच्छकारों (सफाई कर्मी) को रेनकोट उपलब्ध करवाए। अब उन्हें बारिश में भीगना नहीं पड़ेगा। इस मौके पर सीताराम तिवारी, जयदीप तिवारी, हिमांशु, दीपक कुमार, राजदीप तिवारी, रामगोपाल यादव, राजू पांडेय आदि मौजूद रहे।


दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 8476843488 काशीपुर : 7906999205, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### दुष्कर्म का झूठा केस कराने पर महिला के खिलाफ रिपोर्ट

**काशीपुर :** एक व्यक्ति ने एक महिला के खिलाफ उसके भाई को ब्लैकमेल करने के मकसद से दुष्कर्म का झूठा केस कराने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मुरादाबाद के गुलाब बाड़ी निवासी दिनेश सिंह ने आईटीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि काशीपुर निवासी महिला ने 9 फरवरी को उसके भाई अरविंद सिंह के खिलाफ आईटीआई थाने में किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में पॉस्को एक्ट में केस दर्ज कराया था। अरविन्द कुमार रिश्ते में महिला का जीजा है। महिला ने केस दर्ज होने से पूर्व 25 दिसंबर 2023 को अरविंद को कॉल कर उससे मामले को रफा दफा करने के लिए तीन लाख रुपये की मांग की। दोनों के बीच हुई वार्तालाप रिकॉर्ड है। इससे पूर्व महिला के पति ने भी अरविंद पर दुष्कर्म करने का झूठा आरोप लगाया था। पुलिस ने अरविन्द कुमार और महिला के आवाज का नमूना लेकर फॉरेंसिक जांच कराई। इसके बाद पुलिस ने अरविंद के खिलाफ दर्ज केस में एफआर लगा दी। दिनेश ने महिला पर ब्लैकमेल करने की नीयत से केस कराने के आरोप लगाया है। तहरीर पर पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### सड़क दुर्घटना में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**पंतनगर :** वार्ड संख्या-16 विकास कालोनी किच्छा निवासी प्रदीप कुमार की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित ने बताया कि पांच जून को उसका बड़ा भाई अमरजीत पुत्र मुन्नीलाल सुबह नौ बजे अपनी बाइक से ड्यूटी करने सिडकुल की रामा प्लाईवुड फैक्ट्री गया था। सुबह 9 .48 बजे महालक्ष्मी कंपनी के टी प्वांइट पर अनियंत्रित टुकटुक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसका भाई बाइक सहित गिर गया, इसी दौरान दूसरी ओर से आ रहे अनियंत्रित डंपर के अगले पहिए के नीचे आने से भाई का बांया पैर बुरी तरह से कुचल गया। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। रुद्रपुर के निजी अस्पताल में बुरी तरह से कुचले पैर को काट दिया गया। पंतनगर थाना प्रभारी प्रदीप कोहली ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### नए कानूनों को लेकर कार्यशाला आज से

**काशीपुर :** नए तीन कानून भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन 8 जुलाई से 12 जुलाई तक काशीपुर बार भवन में किया जा रहा है। जिसमें काशीपुर, जसपुर व बाजपुर के अधिवक्ताओं को काशीपुर न्यायालय के न्यायिक अधिकारी नए अधिनियमों की जानकारी देंगे।

### ट्रांजिट कैंप में भाजपा कार्यकर्ता पर आरोप, पीड़िता ने एसएसपी को भेजा शिकायती पत्र

# मकान के एवज में पांच लाख मांगने पर आक्रोश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में भाजपा नेता की ओर से मकान बनाने की एवज में लाखों रुपये मांगने का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि भाजपा नेता उनका मकान नहीं बनाने दे रहा है और लाखों रुपये टैक्स का नाम लेकर वसूलने की कोशिश कर रहा है। पीड़िता ने महिलाओं के साथ प्रदर्शन किया और बताया कि एसएसपी को भेजे शिकायती पत्र के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

घर के सामने भाजपा नेता के खिलाफ प्रदर्शन करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

विवेक नगर ट्रांजिट कैंप की रहने वाली मिंटी मंडल ने बताया कि उसने वार्ड 9 में ही मेहनत मजदूरी कर एक प्लाट खरीदा था। जिस पर उसका कब्जा है और मकान बना रही थी कि 11 जून की सुबह वहीं के रहने वाला भाजपा नेता अपने साथियों के साथ आया और निर्माण कार्य को ध्वस्त कर दिया। आरोप था कि भाजपा व उसके साथियों ने धमकाते हुए कहा कि यदि प्लाट पर मकान बनाना है तो पांच लाख रुपये का टैक्स देना होगा, वरना मकान नहीं बनाया जा सकता।

आरोप था कि सभी आरोपी आपराधिक प्रवृति के हैं, जिनके खिलाफ वर्ष 2011 में मुकदमा दर्ज है। पीड़िता ने रविवार को घर के सामने खड़े होकर अन्य महिलाओं के साथ प्रदर्शन किया। आगाह किया कि यदि न्याय नहीं मिला तो एसएसपी कार्यालय के सामने धरना देगी। इस मौके पर अंजू शर्मा गीता सक्सेना, अनीता विश्वास, डाली कुमारी, लवली मंडल आदि मौजूद रहीं।

# पैदल जा रही महिला का मंगलसूत्र लूटने का प्रयास

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर में ऑटो लिफ्टर गैंग की दस्तक के बाद अब चेन लूट गिरोह सक्रिय हो गया। बाइक सवारों ने पैदल जा रही महिला का सोने का मंगलसूत्र लूटने का प्रयास किया और जब विफल हो गए तो उसे धक्का मार दिया, जिससे महिला चोटिल हो गई। लोगों को आता देख बाइक सवार फरार हो गए, जबकि पुलिस का कहना है कि अभी तक चेन स्नेचिंग की कोई तहरीर नहीं आई है।

गदरपुर हाईवे स्थित रहने वाली एक महिला शनिवार की शाम को घर से बाहर निकली। इसी दौरान उसके मोबाइल पर किसी परिचित का फोन आया। जब महिला फोन पर बात कर पैदल चलने लगी तभी अचानक बाइक पर सवार दो युवक आए सोने का मंगलसूत्र लूटने का प्रयास किया। इससे महिला सड़क पर गिरकर चोटिल हो गयी। इस बीच महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर वहां लोगों की भीड़ जुटने लगी। लोगों को अपनी ओर आता देख बाइक सवार फरार हो गये। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को जानकारी नहीं मिली है। यदि पीड़िता की ओर से तहरीर दी जाती है तो पुलिस आरोपियों की तलाश करेगी।

**अपराध**

- असफल होने पर दिया धक्का भीड़ एकत्रित होने पर फरार हुए

# पूंजीपतियों को बढ़ावा देकर बनाए तीन श्रमिक विरोधी कोड : बेहड़

### रामलीला मैदान में हुई श्रमिक संयुक्त मोर्चा की महापंचायत में बोले कांग्रेस नेता तिलक राज बेहड़, गुंडा एक्ट, न्यूनतम वेतन सहित कई मुद्दों को उठाया

**हम साथ-साथ**

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** एनडी तिवारी सरकार में सिडकुल की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि प्रदेश के बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा, लेकिन जब से भाजपा की सरकार से आई, तभी श्रमिक शोषण के मामले बड़े हैं। जिसमें केंद्र की मोदी सरकार की भूमिका अहम है, जिसने पूंजीपतियों को बढ़ावा देते हुए श्रमिक विरोधी तीन श्रमिक कोड बनाए। यही कारण है कि श्रमिकों को बेवजह निकाल दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि महापंचायत के हर निर्णय का वह समर्थन करेंगे और जरूरत पड़ने पर विधानसभा में भी मुद्दा उठाएंगे। इसके अलावा हर आंदोलन में श्रमिकों का साथ दिया जाएगा। यह बात रविवार को रामलीला मैदान में हुई श्रमिक शोषण के खिलाफ श्रमिक संयुक्त मोर्चा की महापंचायत में किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने कही। वहीं कांग्रेस नेता हरीश पनेरु सहित कई किसान एवं श्रमिक संगठनों के नेताओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान श्रमिक नेताओं पर गुंडा एक्ट का नोटिस दिए जाने, न्यूनतम वेतनमान दिए जाने सहित कई मुद्दे उठाए गए। साथ ही निर्णय लिया गया कि संगठित होकर तानाशाही के खिलाफ आवाज बुलंद की जाएगी।

रविवार को हुई महापंचायत में विधायक बेहड़ ने कहा कि कांग्रेस नेता हरीश पनेरू ने कहा कि श्रमिकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए सभी को संगठित होकर आंदोलन कर रणनीति बनानी चाहिए। तभी शासन प्रशासन समाधान की पहल करेगा। इस अवसर पर मुकुल कुमार, कैलाश भट्ट, दलजीत सिंह, प्रकाश मेहरा, गंगा सिंह, साहब सिंह, पंकज कुमार, सुब्रत विश्वास, धीरज जोशी, ठाकुर सिंह, एसएन मिश्रा, केके बोरा, ललित उप्रेती, प्रभात ध्यानी, रोहित रुहेला आदि मौजूद रहे।

महापंचायत में मंचासीन विधायक बेहड़, किसान व श्रमिक संगठन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

महापंचायत में मौजूद सिडकुल श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि व श्रमिक। ● अमृत विचार

**72 श्रमिक एवं किसान संगठनों ने दिया समर्थन**

**रुद्रपुर :** रामलीला मैदान में हुई श्रमिक संयुक्त मोर्चा की महापंचायत में सिडकुल की 40 श्रमिक यूनियन सहित किसान मोर्चा और टेम्पो यूनियन ने अपना समर्थन दिया। जहां यूनियन के प्रतिनिधि ने एक स्वर में निर्णय लिया कि 15 दिन दिन के अंदर गुंडा एक्ट के नोटिस रद्द नहीं हुआ और श्रमिक नेताओं की तहरीर पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। इसके अलावा न्यूनतम वेतन मान, श्रमिक उत्पीड़न बंद होने का भी प्रतिनिधियों ने समर्थन दिया। उन्होंने ऐलान किया कि श्रमिक शोषण के खिलाफ एकजुट होकर सड़कों पर उतारा जाएगा।

**मंथन के बाद महापंचायत में हुई ये घोषणा**

**रुद्रपुर :** रामलीला मैदान में श्रमिक संयुक्त मोर्चा की महापंचायत में मंथन के बाद घोषणा की गई कि यदि 15 दिन के अंदर शासन प्रशासन ने मोर्चा द्वारा उठाए मुद्दों का समाधान नहीं किया तो 28 जुलाई को स्थानीय विधायक आवास का घेराव किया जाएगा। इसके अलावा 31 जुलाई को ऊधमसिंह की शहादत दिवस पर प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम होंगे। जिसमें रुद्रपुर स्तर पर जुलुस प्रदर्शन कर डीएम कार्यालय स्थित शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।

**महापंचायत में ये प्रस्ताव हुए पास**

- श्रमिक नेताओं पर गुंडा एक्ट का नोटिस और फर्जी मुकदमे निरस्त करने।
- महिला-पुरुषों की तहरीर पर गुंडागर्दी का मुकदमा दर्ज करने।
- 57 अधिसूचित उद्योगों में लागू होने वाला 15 मार्च 2024 का न्यूनतम वेतनमान लागू करने।
- आंदोलित सिडकुल कंपनियों के श्रमिकों की समस्याओं का समाधान करने।
- श्रमिक संयुक्त मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष दलजीत सिंह के साथ अभद्रता मामले में एसएसपी द्वारा सार्वजनिक खेद जताने।
- केंद्र सरकार द्वारा लागू चार श्रमिक कोड को तत्काल वापस करने।
- किसान आंदोलन के दौरान केंद्र सरकार द्वारा किए गए समझौते को शीघ्र लागू करने।

# दोस्त संग गए युवक का शव मिला, हत्या का शक

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** दो दिन पूर्व लापता युवक का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ मिला। कुंडेश्वरी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर मेहता वन निवासी भाग सिंह पुत्र बधावा सिंह ने 6 जुलाई को पुलिस में तहरीर सौंपी, जिसमें बताया कि उनका बेटा लवजीत सिंह (23) 5 जुलाई की दोपहर लगभग तीन बजे ग्राम ढकिया नंबर-एक निवासी अपने एक दोस्त के साथ कहीं गया था, जो वापस नहीं लौटा, खोजबीन के बाद उसका कहीं पता नहीं चला। परिजनों के मुताबिक रविवार को जानकारी मिली कि लवजीत सिंह को रामनगर रोड स्थित जिंदल कोठी के पास खाली भूमि के पास देखा था, तब परिवार के सदस्य अपराह्न मौके पर पहुंचे। आसपास खोजबीन करने पर जिंदल कोठी के पास खंडहर में उसका शव पड़ा मिला। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि ढकिया नंबर-एक निवासी उसका एक दोस्त उसको दोपहर लगभग तीन बजे घर से बाइक पर बैठाकर कहीं ले गया था। बताया जब देर रात तक लवजीत घर नहीं लौटा तब पिता भाग सिंह उसके घर पता करने गए, तो परिजनों ने उन्हें भगा दिया। वहीं दोस्त भी नहीं मिला।

लवजीत सिंह।

### सीएमओ से की नशे की दवाएं बेचने की शिकायत

**काशीपुर :** पुलिस कार्रवाई के बाद मेडिकल स्टोर संचालक ने व्यस्ततम इलाके से कारोबार समेटकर घनी आबादी के बीच एक मोहल्ले में फिर से शुरू कर दिया है। मोहल्ले के लोगों ने न सिर्फ मेडिकल स्टोर संचालक को कड़ी फटकार लगाई बल्कि सीएमओ व पुलिस में भी इस बाबत शिकायत दर्ज कराई है। नशे के कैप्सूल और इंजेक्शन बेचने का आरोप लगाते हुए कांवर यात्रा के दौरान 4 मार्च की शाम रतन रोड स्थित मेडिकल स्टोर के पास लोगों ने जमकर हंगामा किया था। हंगामे की सूचना पर पुलिस ने मेडिकल स्टोर संचालक को शांतिभंग में गिरफ्तार किया था। अब एक बार फिर मेडिकल संचालक के खिलाफ सीएमओ एवं कटोराताल पुलिस चौकी को शिकायती पत्र सौंपा गया है। इसमें मोहल्ला कानूनगोयान के लोगों ने श्याम मॉडर्न जूनियर हाईस्कूल के समीप मेडिकल स्टोर में नशे की सामग्री बेचने की बात कही है। शिकायतकर्ताओं में अमित शर्मा, राकेश शर्मा, दुलारी, फैजान, विजय, नवल-किशोर वर्मा, बब्बू, बीना शर्मा, विक्की ठाकुर, ऊषा देवी शर्मा, राजेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर महिला की मौत, बेटा गंभीर

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** अस्पताल में भर्ती बेटी को देखने के लिए बेटे के साथ जा रही महिला की ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल भेज दिया।

कौशल्या कौर।

शनिवार रात्रि 9.30 ग्राम सूरजपुर निवासी कौशल्या कौर (50 )पत्नी स्वर्गीय गुरदयाल सिंह अपने बेटे सतनाम सिंह के साथ रुद्रपुर अस्पताल में भर्ती अपनी बेटी कैलाश कौर को देखने के लिए रुद्रपुर जा रही थी। जब वह पुलिस चौकी महतोश स्थित चौक पर पहुंची। उसी दौरान गदरपुर से रुद्रपुर जा रही धान से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला और उसका बेटा सड़क पर जा गिरे इस दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली महिला के ऊपर से गुजर गई जिस महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके बेटा सतनाम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान को दी। सूचना पर थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तब तक महतोश चौकी प्रभारी पवन जोशी भी मौके पर पहुंच गये। उन्होंने इसकी सूचना 108 को दी सूचना पर 108 मौके पर पहुंची और पुलिस ने लोगों की मदद से घायल सतनाम सिंह को जिला अस्पताल के लिए भेजा।

महिला की मौत पर ग्राम सूरजपुर में रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

### बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत, साथी घायल

**खटीमा :** जमौर में रोडवेज बस की चपेट में आकर बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्राम बरी अंजनिया मुखराम कालोनी निवासी अभिनाश कुमार (21) पुत्र मन्नू गौतम और धर्मेन्द्र कुमार (40) पुत्र विसर्जन कुमार बाइक से मोबाइल फोन लेने सत्रहमील बाजार जा रहे थे। वह जमौर के पास पहुंचे थे कि अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिसके दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। भारी बारिश के बीच वाहनों की टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के घरों से लोग निकले और सड़क दुर्घटना की सूचना सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट को दी। ग्रामीणों की सूचना पर 108 वाहन की सहायता से नागरिक चिकित्सा लाया गया, जहां उपचार के दौरान अभिनाश कुमार की मौत हो गई जबकि धर्मेंद्र कुमार का उपचार चल रहा है। घायल धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी बाइक को टक्कर यूपी की रोडवेज बस ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस आसपास के घरों व राइस मिलों के सीसीटीवी कैमरे के आधार पर वाहन की तलाश में जांच शुरू कर दी है। मृतक अभिनाश कुमार तीन भाई व तीन बहनें है।

अभिनाश कुमार।

**विवाद का पटाक्षेप** | अनेक बैठकों के बाद भी नहीं निकला समाधान, शनिवार सायं हुई वार्ता के बाद लिया निर्णय

# ग्रामीणों ने स्वयं हटा ली बाबा साहब की मूर्ति

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में लगभग दो माह से भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति विवादित स्थल से हटाने को लेकर जारी विवाद का रविवार को पटाक्षेप हो गया, जिसमें सुबह करीब आठ बजे ग्रामीणों द्वारा भारी बारिश के बीच स्वयं ही बाबा साहब की मूर्ति विवादित स्थान से ससम्मान हटा ली।

इसके लिए प्रशासन की ओर से दो माह में समय-समय पर अनेक बैठकें की गई थीं और अनेक बार गांव में फोर्स लगाकर मूर्ति हटाने का प्रयास भी किया गया, लेकिन समाधान शनिवार की सायं वार्ता के बाद ही निकल पाया जिसमें ग्रामीणों द्वारा रविवार को स्वयं मूर्ति हटाने का लिखित आश्वासन दिया था और उसी के अनुरूप यह कार्रवाई की गई है। बताया जाता है कि प्रशासन मूर्ति को अन्य जगह स्थापित करने में पूर्ण सहयोग करेगा। बताते चलें कि ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में विवादित भूमि पर स्थापित भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अंबेडकर की मूर्ति हटाने को लेकर जून में कई बार ग्रामीणों के साथ बैठक कर सर्वमान्य हल निकालने का प्रयास किया, लेकिन वार्ता के बावजूद कोई निष्कर्ष नहीं निकल पा रहा था। प्रशासन चाहता है कि ग्रामीण अन्य जगह मूर्ति स्थापित कर मामले का हल करें जिससे आने वाली दस जुलाई को न्यायालय के आदेश का अनुपालन कराने की रिपोर्ट दी जा सके।

दूसरी जगह मूर्ति स्थापित करने की बात पर कुछ लोग राजी भी हो गए थे, लेकिन बाद में ग्रामीणों ने पुनः भूमि से मूर्ति हटाने से इन्कार कर दिया जिसके चलते एसडीएम की ओर से ग्राम पंचायत क्षेत्र में धारा 163 लागू कर दी गई और पूरे गांव में सरकारी वाहन से इसकी मुनादी भी करवाई जा रही थी। ग्रामीणों द्वारा स्वयं मूर्ति हटाने से प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है।

बाजपुर में विवादित भूमि से बाबा साहब डा .भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लेकर जाते ग्रामीण।

# अश्लील फोटो से किया युवती को ब्लैकमेल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में लव जिहाद के आरोपी के खिलाफ 376 सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। पीड़िता ने तहरीर देकर अश्लील फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया था।

अल्मोड़ा की रहने वाली एक युवती ने तहरीर देकर बताया था कि वर्ष 2021 को उसकी मुलाकात अल्मोड़ा स्थित एक फाइनेंस बैंक में कार्य करने वाले युवक से हुई, जिसने अपना नाम समीर बताया और मुलाकात धीरे-धीरे दोस्ती में बदल गई। बताया कि कुछ माह बाद युवक उसे आवास विकास चौकी इलाके के जगतपुरा वार्ड में लेकर आया और किराए के मकान में रहने लगा। आरोप था कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए और जब उसे पता चला कि युवक का असली नाम समीर नहीं, बल्कि खताड़ी रामनगर निवासी सैफ अली है तो उसने युवक से नाराजगी जताई। आरोप था कि युवक ने उसे अश्लील फोटो दिखाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और धर्म बदलने का दबाव बनाने लगा, जिसके बाद हिंदूवादी संगठनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दुष्कर्म की धारा 376 सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

**आरोप**

- शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए
- कई धाराओं में केस दर्ज, थाना ट्रांजिट कैंप में दी थी तहरीर

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

### इस्कॉन संस्था के तत्वावधान में हुआ कार्यक्रम, भारी बारिश के बावजूद हरे रामा-हरे कृष्णा की धुन पर झूमते नजर आए श्रद्धालु

# धूमधाम से निकाली गई भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** इस्कॉन संस्था के तत्वावधान में नगर में विशाल भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा आयोजित की गई। ढोल नगाड़ों के बीच निकाली गई रथ यात्रा में श्रद्धालु नाचते झूमते नजर आए। लगातार हो रही मूसलाधार बरसात के बावजूद श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने हरे रामा-हरे कृष्णा के जयघोष पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान पूरा वातावरण श्याममय हो गया। रथ यात्रा के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रविवार को इस्कॉन संस्था के तत्वावधान में आयोजित भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा का शुभारंभ पुरानी गल्ला मंडी स्थित रामलीला मंच किया गया।

किच्छा में रथ यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

किच्छा में भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा में उत्साह से झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

यात्रा महाराणा प्रताप चौक, मुख्य बाजार, डीडी चौक, बरेली रोड, आवास विकास होती हुई गुंजन पैलेस में आकर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

विशाल जगन्नाथ यात्रा के रथ को श्रद्धालु विशाल रस्सी के माध्यम से खींचते दिखाई दिए। ढोल नगाड़ों की धुनों पर हरे रामा, हरे कृष्णा की जयघोष करते श्रद्धालुओं ने नृत्य किया। गुंजन पैलेस पहुंच कर यात्रा का समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर संजीव कुमार सिंह, दया डसीला, प्रेमलता चौहान, सुनित शर्मा, डॉ संगीता शर्मा, रितेश बत्रा, विशाल दुआ, पूनम अग्रवाल, गौरव बेहड़, भूपेन्द्र चौधरी, शैली फुटेला, हरीश सक्सेना, गुलशन सिंधी, अक्षय बाबा, शिव कुमार मित्तल, राजीव अग्रवाल, श्रीकांत राठौर, गीता, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

# मार्शल आर्ट में गोबिन्द को मिला दूसरा स्थान

▸▸ महाराष्ट्र में हुआ टूर्नामेंट, 25 राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार :** बीते दिनों महाराष्ट्र में आयोजित नेशनल मिक्स मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में जीआईसी शांतिपुरी के निवर्तमान छात्र सीएम व शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर निवासी गोबिन्द सिंह कोरंगा पुत्र पूरन सिंह कोरंगा ने सानदार प्रदर्शन कर दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

महाराष्ट्र में आजादनगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित प्रो. एमएमए (मिक्स मार्शल आर्ट) ओपन लीग नेशनल टूर्नामेंट में देश भर की 25 राज्यों की टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें शांतिपुरी नंबर पांच सूर्यनगर के

खिलाड़ी गोबिन्द सिंह कोरंगा।

निवासी जीआईसी शांतिपुरी के निवर्तमान छात्र सीएम गोविंद सिंह कोरंगा ने उत्तराखंड से प्रतिभाग कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय व प्रदेश का मान बढ़ाया है। विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीणों ने गोविंद की इस सफलता उन्हें बधाई दी है।

# परिवार नियोजन की सामग्री को अंतिम छोर तक पहुंचाने का लक्ष्य

### स्वास्थ्य कर्मियों को परिवार नियोजन के सूचना प्रणाली पोर्टल का प्रशिक्षण दिया

▸▸ परिवार नियोजन की सामग्रियों का ऑनलाइन वितरण सिर्फ सीएमएसडी स्टोर रुद्रपुर से ही करने का निर्णय

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में परिवार नियोजन लॉजिस्टिक प्रबंधन सूचना प्रणाली पोर्टल का प्रशिक्षण जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से नामित प्रतिभागियों को दिया गया। इस दौरान निर्णय लिया गया कि परिवार नियोजन की सामग्रियों का वितरण ऑनलाइन माध्यम से सिर्फ सीएमएसडी स्टोर रुद्रपुर से ही किया जाएगा। साथ ही सामग्री को अंतिम छोर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा।

इस मौके पर मास्टर ट्रेनर व जिला समन्वयक प्रदीप महर ने बताया कि पोर्टल को वर्ष 2017 से लागू किया गया है। इसका उद्देश्य अंतिम छोर तक परिवार नियोजन

प्रशिक्षण में स्वास्थ्य कर्मियों को जानकारी देते सीएमओ डॉ. मनोज कुमार शर्मा। ● अमृत विचार

सामग्रियों की मांग एवं आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत और सुव्यवस्थित करना है, ताकि परिवार नियोजन लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत भारत सरकार परिवार नियोजन सामग्रियों को राज्य स्तर पर उपलब्ध कराती है। इसके बाद राज्य से जनपदों को, जनपदों से ब्लॉक और ब्लॉक स्तर से स्वास्थ्य इकाइयों तक मांग के आधार पर वितरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन कार्यक्रम की सामग्रियां ऑनलाइन माध्यम से सिर्फ सीएमएसडी स्टोर रुद्रपुर से दी जायेगी। बिना ऑनलाइन किसी भी प्रकार से सामग्री नहीं दी जाएगी। इस दौरान जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से नामित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर प्रदीप महर, डाटा प्रबंधक चांद मिया, प्रदीप प्रजापति की ओर से दिया गया।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि विश्व जनसंख्या पखवाड़ा जो कि 11 से 24 जुलाई के मध्य होना है, जिसको लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रशिक्षण में डॉ. राजेश आर्य, डॉ. एसपी सिंह, दान सिंह भंडारी आदि मौजूद रहे।

## बर्खास्त पुलिस कर्मी ने परिजनों से की मारपीट, केस दर्ज

**जसपुर :** बर्खास्त पुलिस कर्मी ने अपने परिजनों को जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्जी कर ली है। कोतवाली अंतर्गत नादेदी चीनी मिल कॉलोनी निवासी ममता पुत्री हृदया ने पुलिस को तहरीर दे कर कहा कि उसका भाई गणेश प्रसाद शराब के नशे में या बिना नशे के उसे व उसकी मां और भाई-बहन को आए दिन मारता पीटता रहता है। कुछ दिन पहले उसने उसे व उसके भाई बहन को मारा पीटा था और मां को जलाकर मारने की कोशिश की थी।

छह जुलाई की रात भी उसने शराब पीकर मुझे और मेरे परिवार वालों से मारपीट की। गणेश ने मेरे सिर पर डंडे से वार किया, जिससे उसका सिर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वह छोटे भाई को भी जान से मारने की धमकी देता है।

उसने सबको जान से मारने की धमकी दी है। उसके इसी व्यवहार के कारण उत्तराखंड पुलिस से बर्खास्त कर दिया गया । ममता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी गणेशके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

किच्छा में आयोजित शिविर में रक्तदान करते एक ही परिवार के सदस्य एवं उपस्थित टीम। ● अमृत विचार

# 132 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान, हुए सम्मानित

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** उम्मीद ब्लड फाउंडेशन के बैनर तले एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 132 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव जीवन बचाने का संकल्प लिया। नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित होटल में उम्मीद ब्लड फाउंडेशन के तत्वाधान में याद-ए- हुसैन ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पहुंचे व्यापारी नेता गुलशन सिंधी ने करीब दो दर्जन रक्तवीरों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सिंह संधू, समाजसेवी छोटेलाल कोहली, कांग्रेस प्रदेश सचिव राजेश प्रताप सिंह, संस्था अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा, प्रदीप सिंह, पूर्व सभासद दानिश मलिक, तौसीफ मलिक एवं हसीब अहमद आदि ने उम्मीद ब्लड फाउंडेशन टीम के सदस्यों की सराहना कर उनका उत्साह बढ़ाया।

### एक ही परिवार के सात सदस्यों का रक्तदान बना चर्चा का विषय

**किच्छा।** आयोजित रक्तदान शिविर में समाजसेवी नबी हसन ने परिवार के सात सदस्यों के साथ शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया। नबी हसन के अलावा उनकी पत्नी आयशा बेगम, पुत्र समीर एवं अरमान, छोटा भाई मोहम्मद हसन एवं भतीजे जुनैद, अनस एवं फिरोज खान ने रक्तदान किया। एक ही परिवार के सात सदस्यों द्वारा रक्तदान किए जाने का मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## काशीपुर को बेहतर बनाएंगे आईआईएम के विद्यार्थी

▸▸ केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने शहर को स्वच्छ, स्वस्थ व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों से अवगत कराया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** केडीएफ एवं आईआईएम काशीपुर ने काशीपुर क्षेत्र को विकसित करने को हाथ मिलाया है। काशीपुर को स्वच्छ स्वस्थ एवं आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिये देश की जानी मानी संस्था आईआईएम काशीपुर के साथ मिल कर योजनाबद्ध रूप से कार्य प्रारंभ कर दिया है। आईआईएम ने द्वितीय वर्ष के एमबीए के कार्यक्रम में काशीपुर के विकास की संभानाओं और योजनाओं पर रिर्सच करेंगे।

इस वर्ष एस.नंधा चेन्नई, मो. असमार आसनसोल, निखिल कुमार पटना व आशीष कुमार ( दिल्ली ) छात्र इस पर विषय अध्ययन करेंगे। केडीएफ के साथ पहली बैठक केडीएफ के कार्यालय में हुई। केडीएफ अध्यक्ष राजीव घई ने उन्हें केडीएफ के काशीपुर को खुशहाल रखने के उद्देश्यों में काशीपुर को स्वच्छ स्वस्थ व आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्यों से अवगत कराया। अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये काशीपुर के जीवन स्तर को उच्चस्तर तक पहुंचाने के लिये नगर निगम की कार्यप्रणाली को प्रबंधन परीक्षण देते हुए और अधिक प्रभावी बनाने में सहयोग, काशीपुर को शिक्षा का केन्द्र, पर्यटक के आकर्षण का केन्द्र बनाने योजना बनाने में सहयोग करेंगे। इस दौरान केडीएफ़ के संरक्षक योगेश जिंदल, सचिव शर्त गोयल, कोषाध्यक्ष डा. बीएम गोयल, चक्रेश जैन, अतुल आसवा, सीए नवीन अरोड़ा, डा. तरुण सोलंकी उपस्थित रहे।

# बारिश के बावजूद ग्रामीणों ने जारी रखा धरना-प्रदर्शन

भारी वाहनों के आवागमन को लेकर धरना प्रदर्शन करते ग्राम ब्रह्मनगर के लोग। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

▸▸ एसडीएम ने मौके पर पहुंचकर सुनी समस्याएं, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** ग्राम ब्रह्मनगर के भारी वाहनों के संचालन के विरोध में ग्रामीणों ने भारी बारिश के चलते भी धरना प्रदर्शन जारी रखा।

क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन संचालन के खिलाफ ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। रविवार को ग्राम ब्रह्म नगर में अवैध खनन को लेकर चल रहे धरना प्रदर्शन को 15 दिन हो चुके हैं। इस दौरान एसडीम अभय प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्या को सुना। आंदोलित लोगों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप बताया कि यहां से स्टोन क्रशर माफिया बड़े-बड़े वाहनों को निकालने का काम कर रहे हैं। लापरवाही व तेज रफ्तार चल रहे इन अवैध खनन वाहनों से हादसों का खतरा बना रहता है। जिससे लोगों में रोष है। उन्होंने इस मार्ग से अवैध खनन व भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस दौरान भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष अजय गौतम, विपिन जाटव, मीनाक्षी, नितेश, गुरबचन सिंह, गणेश सिंह, राहुल, शुभम, ऋषिपाल सिंह, मोहित कुमार, विकास, उमेश, चंद्रा देवी, मुनेश कुमारी, धर्मावती, सीमा, सरोज, शोभा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## प्रियम सीआरपीएफ में बने असिस्टेंट कमांडेंट

**खटीमा।** जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय के जूनियर रिसर्च फेलो और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन में पीएचडी कर रहे प्रियम गंगवार ने केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के असिस्टेंट कमांडेंट (क्लास ए) की परीक्षा आल इंडिया रैंक 74 के साथ शानदार प्रदर्शन कर पास की है। नगर पालिका वार्ड संख्या 18 टीचर्स कलोनी निवासी प्रियम गंगवार के परिवार में उनके पिता एमआर गंगवार उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम में एकाउंट ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं जबकि माता पदमा गंगवार अध्यापिका हैं। जबकि बड़ा भाई शुभम गंगवार, अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कंपनी में एसोसिएट डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। प्रियम अपनी सफलता का श्रेय परिजनों और गुरुजनों को देते हैं।

प्रियम गंगवार।

## सार-संक्षेप

### पत्रकार प्रेस परिषद की कार्यकारिणी का विस्तार

**काशीपुर।** पत्रकार प्रेस परिषद (राष्ट्रीय) द्वारा काशीपुर में कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी के नेतृत्व में मीटिंग का आयोजन किया गया, इस दौरान सर्व सहमति से प्रकाश चंद जोशी महानगर अध्यक्ष की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश कश्यप, उपाध्यक्ष संजय भल्ला, महासचिव आरिफ खान, सचिव अजहर मलिक, सदस्य योगेश कश्यप को बनाया गया। शीघ्र ही संगठन में अन्य लोगों को भी जोड़ा जाएगा। बैठक में कुमाऊं मंडल प्रभारी अशोक गुलाटी ने कहा कि पत्रकार प्रेस परिषद (राष्ट्रीय) पत्रकार साथियों को 2 लाख का बीमा उपलब्ध कराता है। साथ ही पत्रकारों की समस्या का समाधान के लिए तत्पर रहता है। वहीं उन्होंने कहा कि पत्रकारों पर उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शीघ्र ही जनपद में हुए पत्रकारों के ऊपर फर्जी मुकदमों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी ने कहा कि निष्पक्ष और स्वच्छ पत्रकारिता करना हमारे संगठन का मुख्य उद्देश्य है। बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि संगठन को मजबूत करने के लिए अन्य शहरों में भी कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

### विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री से मिले सुखीजा

**गदरपुर :** भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की और जिला काशीपुर सहित गदरपुर विधानसभा के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। शनिवार को भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके कार्यालय में मिले इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड मशीन लगवाने, ग्रामसभा जयनगर में प्राइमरी हेल्थ सेंटर पीएचसी बनवाने, गूलरभोज डाम अंदर प्राइमरी हेल्थ सेंटर को पीएचसी बनवाने और वहां स्थित विद्यालय के उच्चीकरण करवाने, धार्मिक स्थलों के निकट निर्माण कार्य एवं क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण जैसे कार्यों को लेकर चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विकास कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी प्रदेश के सर्वांगीण विकास को लेकर तत्पर हैं और इसी वजह से उत्तराखंड देश के अग्रणी प्रदेशों में शामिल है।

देहरादून में मुख्यमंत्री के साथ भाजपा जिलाध्यक्ष।

### जहरीले कीड़े के काटने से युवक की हालत गंभीर

**बाजपुर।** तहसील टांडा जिला रामपुर उप्र निवासी अरविंद सिंह (50) पुत्र ध्यान सिंह को किसी जहरीले कीट ने काट लिया है जिसे बेहोशी की हालत में परिजनों द्वारा बाजपुर के उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है और उसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

### गोशाला में 10 बीमार पशुओं की मौत

**खटीमा।** दिया गांव स्थित गोशाला में रविवार को 10 बीमार पशुओं की मौत हो गई। यह पशु पहले से ही बीमार बताए जा रहे हैं। बारिश के चलते पशुओं की बीमारी अधिक बढ़ने से इनकी मौत हो गई। मृत पशुओं को गोशाला के निकट ही भूमि में दफनाया गया। गोशाला के प्रबंधक बिपिन पांडेय ने बताया कि बीमारी के चलते 10 पशुओं की मौत हो गई है। कीचड़ की समस्या के कारण बीमार पशु यदि एक बार जमीन पर बैठ रहा तो फिर उठ नहीं पा रहा है। मृत पशुओं को दफना दिया गया है। उन्होंने बताया कि रविवार को रास्ते में कीचड़ होने के कारण पशुओं को गोशाला से राइस मिल में शिफ्ट नहीं किया जा सका था।

# सर्विस रोड पर नाली का स्लैब टूटा, दूसरे मार्ग से जा रही बसें

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** सर्विस रोड पर नाली का स्लैब टूटने से सड़क संकरी हो गई है, जिसके चलते वहां से रोडवेज डिपो के लिए आवागमन करने वाली रोडवेज बसों को दूसरी रास्ते से निकलना पड़ रहा है। दरअसल, रोडवेज डिपो के बाहर ही आरओबी बना हुआ है, जो बाजपुर रोड पर उतर रहा है।

डिपो के बाहर से दो सर्विस रोड निकल रही हैं, जिसमें एक से बस डिपो में आती है और दूसरे से निकलती है। बीते दिनों निर्माण कार्य के चलते बड़ा पत्थर नाले के ऊपर गिर गया, जिस से नाले के ऊपर रखी स्लैब नीचे गिर गई। इसके चलते यहां पर बड़ा गड्ढा हो गया है। इससे यह रोड बसों के लिए बंद हो गई है। इस रोड से बसें निकल नहीं पा रही हैं। वहीं यह गड्ढा आने-जाने वालों के लिए भी एक समस्या बना हुआ है। रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि बस नहीं निकल पा रही है।

सर्विस रोड पर खुला पड़ा नाली का स्लैब। ● अमृत विचार

### मतदाता अभिनंदन समारोह कल मनेगा

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक में विधानसभा प्रभारी दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता ने कहा कि नौ जुलाई को मतदाता अभिनंदन समारोह मनाया जायेगा, जिसमें नैनीताल ऊधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट द्वारा भाजपा के सभी बूथ अध्यक्षों एवं शक्ति केंद्र संयोजकों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, जिला महामंत्री सतीश गोयल, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य किशन सिंह किन्ना, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भुवन भट्ट, सतीष भट्ट, गोपाल बोरा, मोहनी पोखरिया, राहुल चौहान, सोमनाथ मौर्य, विक्रम भट्ट, हरीश चुफाल, मनोज चुफाल, संजय पिलखवाल, रिंकू सिंह, अमित, सावित्री आदि थे। संचालन मनोज वाधवा ने किया।

### लायंस क्लब ने पौधरोपण कर शुरू किया हरेला सप्ताह

**खटीमा।** हरेला बुवाई के अवसर पर लायंस क्लब द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' पर हरेला सप्ताह की शुरुआत आवास विकास कॉलोनी के पार्क में पौधरोपण कर किया गया। संस्था द्वारा कॉलोनी के पार्क में फूलदार, छायादार, औषधीय, अशोक, बेलपत्र, गुलमोहर, नीम आदि के पौधे लगाकर किया। जिन्हें कॉलोनी वासियों को समर्पित कर उन पौधों को संरक्षित करने का भी संकल्प दिलाया गया। संस्था द्वारा पूरे सप्ताह अलग अलग क्षेत्रों में पौधरोपण कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष जीडी जोशी, सचिव अजय त्रिवेदी, रंजन अग्रवाल, अंकित पाण्डेय, सुनील रैदानी, बाबू राम अरोड़ा, अजय अग्रवाल, नरेश गुप्ता, सुदर्शन वर्मा, जितिन ग्रोवर, रमेश अग्रवाल, धीरेन्द्र वर्मा, मुरारी लाल शर्मा, शरद सक्सेना, संदीप देवल, ज्ञानेंद्र मिश्रा, संदीप शंखधर, प्रियांशु बंसल, दिनेश सिंह उपस्थित रहे।

### युवक को लौटाया खोया हुआ पर्स

**बाजपुर।** नेशनल हाइवे-74 बाइपास रोड केलाखेड़ा में एक मैरिज पैलेस के सामने पूर्व चेयरमेन मोहम्मद सफी अंसारी के छोटे भाई याकूब उर्फ भूरा को पर्स मिला जिसमें आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड आदि दस्तावेजों के अलावा काफी रुपये भी थे। चेयरमेन व परिवार के लोगों ने इसकी जानकारी इंटरनेट मीडिया के जरिये अन्य लोगों से साझा की जिसके चलते पर्स के मालिक केलाखेड़ा के ही जैनुल तक सूचना पहुंच गई और उसने मोहम्मद सफी अंसारी से संपर्क करके पर्स को अपना बताया। रविवार की सुबह इमानदारी का परिचय देते हुए जैनुल को उसका पर्स लौटा दिया गया है। पर्स प्राप्त होने पर जैनुल ने आभार व्यक्त किया है। बताया कि पर्स में सभी आवश्यक दस्तावेज रखे हुए थे और वह मुंबई में अपना निजी कार्य करता है तथा उसे जल्द ही मुंबई जाना है।

काशीपुर के बाजार में जलभराव के बाद सड़क से गुजरते वाहन चालक व राहगीर। ● अमृत विचार

जसपुर के पास से बहने वाली लपकना नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी आसपास के क्षेत्र में फैल गया। ● अमृत विचार

# लगातार भारी बारिश से संपर्क मार्ग और पुल क्षतिग्रस्त

## नदी और नाले उफान पर होने से लोग परेशान, सताने लगी सुरक्षा की चिंता, अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लोगों को जरूरी कार्यों के लिए बारिश से जूझना पड़ा और उन्हें परेशानी हुई। नदी नाले उफान पर चल रहे हैं। वहीं कई संपर्क मार्ग व पुल भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। लगातार हो रही बारिश से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त होने लगा है।

मौसम वैज्ञानिकों ने अभी दो दिन यानि मंगलवार तक बारिश होने की संभावना जताई है। जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शनिवार से हो रही बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। 72.8 मिमी अब तक बारिश हो चुकी है। मंगलवार तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। रविवार को अधिकतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 23.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

नदी क्षेत्र का निरीक्षण करते तहसीलदार। ● अमृत विचार

कॉलोनी में जलभराव के बाद स्थिति का जायजा लेते तहसीलदार। ● अमृत विचार

### घरों में घुसा दो फीट तक पानी, सांप और जहरीले कीड़ों का भय सताने लगा

**काशीपुर** : शनिवार से लगातार हो रही बारिश से जसपुर खुर्द क्षेत्र की शिव शक्ति कॉलोनी के गली नंबर दो में जलभराव हो गया है। कॉलोनी वासियों को कहना है कि बारिश के कारण कॉलोनी में दो-दो फीट तक पानी भर गया है, जिससे लोगों को घरों से बाहर निकलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही कॉलोनी में पानी भरने से घरों में सांप व जहरीले कीड़ों के घुसने की लोगों को चिंता होने लगी है। वहीं घरों तक पहुंचे पानी से कॉलोनीवासी भी घरों से बाहर आ गये। क्षेत्र के पूर्व पार्षद अनिल कुमार ने बताया कि कॉलोनी में हर वर्ष जलभराव की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है। जलभराव की समस्या के लिए एसडीएम, नगर निगम व तहसीलदार से वार्ता कर निजात दिलाने की मांग भी की है। उधर तहसीलदार पंकज चंदोला ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और उचित कार्रवाई का कॉलोनी वासियों को आश्वासन दिया। बाद में जेसीबी की मदद से पानी निकासी का अस्थाई रास्ता बनाया गया। इस दौरान सचिन अग्रवाल, मदन गोले, अजय कुमार, राधा बिष्ट, विजय कुमार, मंगतराम शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं निरीक्षण के बाद जानकारी देते हुए तहसीलदार पंकज चंदोला ने कहा कि ढेला व बहला पर लगातार बाढ़ चौकियों से नजर रखी जा रही है। जलस्तर की बात करें तो बढ़ोत्तरी तो हुई है, लेकिन अभी खतरे जैसे कोई बात सामने नहीं आ रही है। आने वाले दिनों में पूरी तरह से नदी के जलस्तर पर चौकस नजर बनाई रखी जा रही है।

### जलभराव से नाला सफाई अभियान की पोल खुली

**काशीपुर** : बारिश के कारण शहर में कई जगह जलभराव हो गया, जिसने नगर निगम की नाला सफाई अभियान की पोल खोल दी है। निचले हिस्सों में दो से तीन फीट तक सड़कों पर पानी खड़ा हो गया है। लोगों को मजबूरन गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। वहीं कई जगह दुकानों में पानी भर जाने से व्यापारियों को नुकसान होने की सूचना भी है। शनिवार शाम से रुक-रुककर शुरू हुई बारिश रविवार को भी दिनभर जारी रही, जो देर शाम तक होती रही। मानसूनी बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है, वहीं दुश्वारी भी बढ़ गई है। शहर में कई जगह जैसे मोहल्ला काजीबाग में हाइडिल के पास, अल्लीखां, थाना साबिक, बांसफोड़ान, महेशपुरा, मुंशीराम चौराहा, आर्यनगर व कटोराताल के साथ ही मुख्य चौराहा के आसपास जलभराव से लोग जूझते देखे गए।

### जसपुर में फीका और लपकना नदी का जलस्तर बढ़ा

**जसपुर** : क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में हुई वर्षा से फीका में ढेला नदी का जलस्तर बढ़ गया। वर्षा से गांव राजपुर व नादेही चीनी मिल के पास से बहने वाली फीका नदी का जलस्तर सुबह के समय बढ़ गया, जो बाद में कम हो गया। भारी वर्षा होने पर फीका नदी में सन 2007 मे बाढ़ आई थी। जिस में राजपुर निवासी भोपाल सिंह का नदी किनारे बना घर बह गया। पिछले वर्ष भी भारी वर्षा होने पर फीका नदी का जलस्तर काफी बढ़ गया था, जिससे नादेही चीनी मिल परिसर से सटा इस नदी का तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया था और फौरी तौर पर उसकी मरम्मत करके बामुश्किल स्थिति पर काबू किया गया था। रविवार को शाम शुरू हुई वर्षा से गांव राजपुर निवासी फीका नदी का जल स्तर बढ़ने की आशंका से घबराए हुए थे। बाढ़ आने की आशंका से प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। वहीं वर्षा से जसपुर नगर के बिल्कुल पास से बहने वाली लपकना नदी का जलस्तर भी बढ़ गया। इस नदी के पुल के पास गहरा कुंड है, जिस में डूब कर करीब 25 वर्ष पूर्व मोहल्ला भूप सिंह, जसपुर निवासी कपिल त्यागी पुत्र रघुवीर सिंह त्यागी की मौत हो गई थी। इधर वर्षा से में बाजार व नगरके गहरे तल वाले कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति पैदा हो गई। जल भराव के दौरान आवा गमन काफी प्रभावित वह और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में कई किसानों द्वारा हाल ही में गहरे तल वाले खेतों में रोपी गयी धान की फसल जलमग्न हो गई।

### प्रशासन अलर्ट मोड पर, वर्तमान में स्थिति कंट्रोल में

काशीपुर : मानसून के दौरान ढेला और बहला नदी में जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। रविवार को एसडीएम अभय प्रताप सिंह व तहसीलदार पंकज चंदोला ने बाढ़ चौकियों का निरीक्षण कर नदियों के जलस्तर को देखकर कर्मियों को तैयार रहने के निर्देश दिए। वहीं नगर क्षेत्र के शक्ति नगर व मालवा फार्म क्षेत्र में जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की। ढेला व बहला नदी में जलस्तर बढ़ने को लेकर तहसीलदार पंकज चंदोला हेमपुर इस्माइल क्षेत्र में नदी के कटान क्षेत्र को देखा। शक्ति नगर कॉलोनी में जलभराव की समस्या को लेकर उन्होंने स्थानीय लोगों से मिले। इस दौरान जेसीबी के जरिये कॉलोनी क्षेत्र में बहाव क्षेत्र को ठीक कराया गया।

खटीमा में जलभराव वाले क्षेत्र का भ्रमण करते ईओ और भाजपा कार्यकर्ता।

### ईओ के साथ किया जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण

**खटीमा** : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने जल भराव की समस्या को लेकर नगर पालिका के अधिकार अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला के साथ नगर के विभिन्न खेतों का भ्रमण किया। उन्होंने कंजाबाग रोड, डिग्री कॉलेज रोड, राजीव नगर, राम गुलाम वाली गली, अमाऊं, अल्केमिस्ट रोड और खेतलसंडा खां आदि के जल भराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया। नगर पालिका द्वारा जल भराव वाले स्थान पर जेसीबी एवं पोकलैंड मशीन से जल भराव की समस्या का निराकरण स्थानीय अधिकारियों के सहयोग से किया गया। अल्केमिस्ट रोड और खेतलसंडा खां के बीच बहने वाले नाले की वजह से दोनों तरफ के निवासियों की आवाजाही पूर्ण रूप से बंद हो गई है। इसके निराकरण की मांग स्थानीय जनता द्वारा की गई। जिसके लिए रमेश चंद्र जोशी ने मुख्यमंत्री के दिवस अधिकारी दिनेश यादव से पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में मुलाकात कर तुरंत पुलिया निर्माण की मांग की ताकि स्थानीय निवासियों को होने वाली दिक्कत से छुटकारा मिल सके। इस मौके पर भाजपा नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, भवानी भंडारी, ईओ नगरपालिका दीपक शुक्ला, सफाई इंस्पेक्टर विजय भारती, तारिक मलिक, प्रकाश आर्य, मानस बत्रा, कामिल खान आदि थे।

### खेतलसंडा के सात परिवारों को पहुंचाया राहत शिविर

**खटीमा** : पिछले 36 घंटे से भी अधिक समय से चल रही लगातार वर्षा से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। तहसीलदार हिमांशु जोशी ने राजस्व टीम के साथ बाढ़ ग्रस्त ग्राम भगचुरी, नौसर, बड़िया, दाह ढाकी क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को सतर्कता बरतने के लिए कहा। खेतलसंडा में जल भराव की समस्या के बाद रविवार को सात परिवारों के 25 लोगों को प्राइमरी स्कूल में बनाए गए राहत शिविर में पहुंचाया गया। जहां उनके लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इस दौरान हल्का पटवारी नवनीत सिंह, मंडल अध्यक्ष मोहन सिंह चुफाल आदि थे।

### बारिश से प्रभावित हुआ दिल्ली रूट की बसों का संचालन

**काशीपुर** : लगातार हो रही बारिश का असर रोडवेज बसों के संचालन पर भी पड़ा। रोडवेज डिपो की दिल्ली रूट पर चलने वाली दो बसों को सवारी नहीं मिलने के कारण दूसरे रूट पर भेजा गया। जिससे रोडवेज डिपो को आर्थिक नुकसान भी हुआ है। शनिवार से हो रही बारिश ने काशीपुर डिपो की दिल्ली रूट पर चलने वाली बसों का संचालन प्रभावित किया। शनिवार और रविवार को दिल्ली रूट पर सवारी नहीं मिलने के कारण दो बसों का संचालन इस रूट पर रोकना पड़ा और इन बसों को हल्द्वानी रूट पर लगाया गया। जिससे आर्थिक नुकसान को कम किया जा सकें। काशीपुर डिपो के प्रभारी हरेंद्र नितवाल ने बताया कि रामनगर से आगे पुल गिरने के कारण दिल्ली, चंडीगढ़ जाने वाली सवारी रामनगर नहीं पहुंच पाई। जिस कारण यहां से संचालित बसों को दिल्ली रूट से हटाकर हल्द्वानी रूट पर लगाना पड़ा। रोजाना दिल्ली के लिए 12 बसों का संचालन होता है। रविवार को दिल्ली के लिए रामनगर से छह और काशीपुर से चार बसों का संचालन हुआ।

### सुखापुल गांव में झोपड़ी पर गिरा पेड़, परिवार सुरक्षित

**खटीमा** : नगला तराई ग्राम सभा के सुखापुल गांव में बारिश के दौरान पेड़ और झोपड़ी पर गिर गया। झोपड़ी में सो रही महिला और उसके बच्चे बाल बाल बचे। पुलिस टीम ने रास्ते पर गिरे पेड़ को काटकर हटवाया।

दिनेशपुर के वार्ड-9 में घरों के आसपास जमा बारिश का पानी। ● अमृत विचार

### दिनेशपुर में सड़कों पर बारिश का पानी भरा

**दिनेशपुर** : विगत तीन दिनों से लगातार हो रही झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों एवं सड़कों पर बारिश का पानी रुकने से जगह-जगह जल भराव की स्थिति बनी हुई है। बारिश लगातार होने से बाजार में सन्नाटा छाया रहा। रविवार को तीसरे दिन वारिश के चलते जगह-जगह जल भराव की स्थिति बनी हुई है। नगर के वार्ड -9 में वारिश का पानी रुकने से घरों के आसपास बारिश का पानी रुकने से जलमग्न हो गया है। इधर खेतों से बारिश के पानी की निकासी के लिए बने बरसाती नाले व नालियां बंद होने से ग्राम -ललपुरी, चक्कीमोड़, मदनपुरा व चरनपुर के खेतों में जल भराव होकर खेतों से बह रहा है। जल भराव होने से तैयार वेमौसमी धान की फसल डूबी हुई, कई खेतों में जलमग्न होने से बेमौसमी धान की फसल जमीन पर लेट गई है। लोनिवि के मुख्य मार्ग व लिंक मार्गों पर पानी की निकासी न होने से बारिश का पानी जगह-जगह पर रुका हुआ है। जिससे राहगीरों व वाहनों को आने-जाने में परेशानी कासामना करना पड़ रहा है। फिलहाल लगातार हो रही बारिश से किसानों ने मौसमी धान की रोपाई रोक दी है।

### वर्ग पहेली-124

**बाएं से दाएं**

3. निवास स्थान, रहने का स्थान।

4. दूसरों की आंख बचाकर छोटी-मोटी चीज़ें उठा या चुरा लेने वाला।

6. कश्मीर तथा अफ़गानिस्तान और फ़ारस आदि पश्चिमी एशियाई क्षेत्रों में पाया जाने वाला एक सीधा छतनार पेड़ जो बगीचों में शोभा के लिए लगाया जाता है, बनझाऊ।

7. 1. उम्मीद, आस, आशा 2. सहारा, अवलंब 3. शरण 4. सहायक 5. आश्रय, आधार।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. ऊपर चढ़ना, आरोहण 2. सवार होना 3. धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाना।

2. वह धन जो किसी वस्तु के लिए या किसी को कोई काम करने के लिए पहले ही दे दिया जाए, अग्रिम धनराशि, बयाना, (एडवांस)।

3. 1. घुड़सवार सेना का नायक या अफ़सर 2. एकत्रित किए गए राजस्व को राजकीय कोषागार तक ले जाने वाले दल का प्रमुख।

5. 1. हंस, राजहंस 2. परमात्मा, ईश्वर 3. एक समवर्णिक छंद 4. श्रेष्ठ राजा।



### वर्ग पहेली -123 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 गा | | 2 अ |
| 3 प | रि | सी | मा | | नु |
| ली | | | कि | | क |
| द | | | र | | थ |
| | 4 घू | र् | ण | 5 मा | न |
| 6 ख | | | | शू | |
| ज | | 7 लु | ढ़ | का | ना |

### सुडोकू -37

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 5 | 4 | | |
| 5 | | | | 3 | 1 | | 2 | 8 |
| | | 2 | | | | | 3 | 6 |
| | | | | 8 | 3 | | 9 | |
| | 1 | | 4 | | 2 | | 5 | |
| | 3 | | 7 | 5 | | | | |
| 4 | 8 | | | | | 2 | | |
| 9 | 5 | | 2 | 6 | | | | 1 |
| | | 1 | 3 | | | | 7 | |

### सुडोकू -36 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 1 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 7 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 6 | 1 | 8 | 9 | 4 | 5 | 2 |
| 8 | 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 7 | 1 |
| 4 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 6 | 9 | 5 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 |
| 9 | 3 | 2 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 जुलाई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया पूर्ण रात्रि तक।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।

चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-पुष्य 06.03 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** — आज आप आर्थिक मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। लगातार प्रयासरत रहने और मेहनत करने की प्रवृत्ति से आपको लाभ होगा। आप अपने निजी कार्यों को बहुत समय देंगे। आप अपने घर में बोरियत महसूस करेंगे, थोड़ा तनाव हो सकता है।

**वृष** — आज का दिन परिवार में उत्सव का माहौल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको प्रसिद्धि मिल सकती है। जीवनसाथी की बातें आपके ऊपर काफी असर डालेगी। व्यापार में नए संपर्क विकसित होने की संभावना है।

**मिथुन** — आज आपको करियर में अच्छे मौके मिल सकते हैं। आप अपने कार्यक्षेत्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। धन की बचत करने का विचार बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में रोमांटिक भाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**कर्क** — आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के दम पर आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आपकी व्यवहार कुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह** — आज धार्मिक कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। परिवार की समस्याओं को सुलझाने में सफलता मिलेगी। मनोरंजन पर आप धन खर्च कर सकते हैं। शासन की योजनाओं का लाभ उठाएंगे।

**कन्या** — आज पैतृक व्यवसाय में आप काफी सक्रिय रहेंगे। सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। एकाग्रचित्त होकर आपको काम करना चाहिए। आय में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के प्रति आपकी निकटता बढ़ेगी। वैवाहिक जीवन के लिए शुभ नहीं है।

**तुला** — आज के दिन पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहने वाला है। आपको अपनी कार्यशैली पर काफी ध्यान देने की आवश्यकता है स, जिसके कारण आप भविष्य में काफी लाभ उठाएंगे। आप किसी सामाजिक और धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आयात-निर्यात संबंधी कार्यों में सफलता मिलेगी। नए संबंध आपको आगे बढ़ने में काफी मदद करेंगे। नया कारोबार शुरू करना चाह रहे हैं तो सरकारी एजेंसियों और बैंकिंग संस्थाओं का सहयोग आपको प्राप्त हो सकता है।

**धनु** — आज आपकी निजी जीवन की समस्याओं का निवारण होगा। आपकी वाणी में मिठास बढ़ेगी। व्यक्तिगत जीवन बहुत आनंदमय रहेगा। इस महीने प्रियजन आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को बहुत बड़ा लाभ हो सकता है।

**मकर** — आज का दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहने वाली है। घर की साज-सजावट में आप काफी धन खर्च कर सकते हैं। माता-पिता का विशेष आशीर्वाद आपको प्राप्त होगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कारोबार से जुड़ी यात्राओं के होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — आज सामाजिक कार्यों में आप बहुत सक्रिय रहने वाले हैं। निर्माण कार्यों से जुड़ी परियोजनाओं में बड़ा धन लाभ हो सकता है। दूसरों के विवादों में आप मध्यस्थ हो सकते हैं। अटके हुए कानूनी मामलों पर निर्णय आपके पक्ष में आ सकता है।

**मीन** — आज आपकी कार्यकुशलता की लोग प्रशंसा करेंगे व प्रेरणा भी लेंगे। जीवनसाथी का व्यवहार आपके प्रति बेहद सहयोगात्मक और रोमांटिक हो सकता है। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी लापरवाह हो सकते हैं।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- मजाल — सुबह : 09.55
- जो बोले सो निहाल — रात : 07.38

**&pictures**
- एतराज — सुबह : 10.45
- गुडबाय — रात : 08.00

**SONY PIX**
- जॉन विक — सुबह : 11.41
- रैमपेज — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
- बागी — सुबह : 09.03
- महाबली — शाम : 05.30

**colors CINEPLEX**
- आर...राजकुमार — सुबह : 10.51
- हिडिंभा — रात : 07.57

### आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- जरा किचन से आलू लेते आना।
पति- यहां तो कहीं आलू दिख नहीं रहे हैं।
पत्नी- तुम तो हो ही अंधे, कामचोर हो, एक काम ढंग से नहीं कर सकते, मुझे पता था कि तुम्हें नहीं मिलेंगे, इसलिए मैं पहले ही ले आई थी।
अब आदमी की कोई गलती हो तो बताओ!

पिता - पेपर कैसा गया?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था, चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया।
पिता - और सवाल दो?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यत् सुखं सेवमानोपि धर्मार्थाभ्यां न हीयते।
कामं तदुपसेवेत न मूढव्रतमाचरेत्। ॥

व्यक्ति को यह छूट है कि वह न्यायपूर्वक ओर धर्म के मार्ग पर चलकर इच्छानुसार सुखों का भरपूर उपभोग करें ,लेकिन उनमें इतना आसक्त न हो जाए कि अधर्म का मार्ग पकड़ ले।

## संपादकीय

# पीएम का महत्वपूर्ण दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार व मंगलवार को मास्को में रहेंगे। वे वहां भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की यात्रा को रूस-भारत संबंधों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। फरवरी 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद से यह भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली रूस यात्रा है। उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन में रूस-यूक्रेन संघर्ष पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। खास बात है कि रूस-यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति लगातार बातचीत, कूटनीति और दोनों पक्षों को शामिल करने वाले समझौते के पक्ष में है। जानकारों के मुतबिक बातचीत में रक्षा, तेल और गैस प्रमुख एजेंडा होंगे। रूस के साथ अपने संबंधों को लेकर भारत पश्चिमी देशों के दबाव के आगे झुका नहीं है और घरेलू हितों का हवाला देते हुए रियायती दरों पर रूस से तेल खरीद रहा है। ऐसे में दोनों देशों के बीच व्यापार घाटे को हल करना भी नेताओं के एजेंडे में प्राथमिकता में होगा। यूक्रेन युद्ध के बाद से तेल खरीद में वृद्धि के कारण रूस से भारत का आयात लगभग 60 बिलियन डॉलर था, जबकि रूस को भारत का निर्यात लगभग 4 बिलियन डॉलर है। गौरतलब है कि भारत और रूस के संबंध काफी पुराने हैं। शीत युद्ध के दौरान, भारत और सोवियत संघ के बीच एक मजबूत रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक संबंध थे। सोवियत संघ के विघटन के बाद, रूस को भारत के साथ अपने घनिष्ठ संबंध विरासत में मिले, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देशों ने एक विशेष सामरिक संबंध साझा किया। रूस ने कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र भारत में बनाया है। जबकि भारत ने कई देशों के साथ कई असैन्य परमाणु समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, रूस अब तक भारत में परमाणु ऊर्जा संयंत्र संचालित करने वाला एकमात्र विदेशी देश है। रूस भारत के लिए सबसे बड़े हथियार निर्यातकों में से एक रहा है। पूर्वी लद्दाख के सीमावर्ती क्षेत्रों में चीनी आक्रमण ने भारत-चीन संबंधों को एक मोड़ पर ला दिया, इससे यह भी प्रदर्शित हुआ कि रूस चीन के साथ तनाव को कम करने में योगदान दे सकता है। यानि रूस और अमेरिका के बीच बिगड़ते संबंध और रूस की चीन के प्रति बढ़ती निर्भरता के दौर में पीए मोदी का दौरा रूस के चीन की ओर आ रहे झुकाव को संतुलित करना है। दौरे का सीधा संदेश है कि भारत के अपने हित सर्वोपरि है और वह किसी के दबाव में आने वाला नहीं है। कहा जा सकता है यह दौरा अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक स्तर पर भारत की स्थिति को और मजबूत करने में अहम भूमिका निभाएगा।

# भारत के नजरिए से ब्रिटेन का सत्ता परिवर्तन

डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया।

ब्रिटेन में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनावों के परिणामों ने अचानक मौसम को गर्मा दिया है। वहां राजनीति में इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेन वासियों ने तकरीबन-तकरीबन एक तरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली 'लेबर पार्टी' ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले हैं। रिजल्ट देखकर 'कीर स्टार्मर' फूले नहीं समा रहे। समाना चाहिए भी नहीं? आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। ब्रिटेनी नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया, काफी प्रभावित और आकर्षित भी हुए। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें लंदन के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे।

भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय'नॉर्थलेरटन'सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरुआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे।

> भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है। क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधान मंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय' नॉर्थलेरटन 'सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो।

ताज्जुब वाली बात ये है कि 'नॉर्थलेरटन' वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग-समर्थक भी उनसे झिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कईयों की तो जमानतें भी जब्त हुई हैं। लंदन और भारत के मौजूदा चुनावों ने एक बात ये बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं? कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे हैं कि फला समुदाय या मतदाता उनका है?

बहरहाल, ब्रिटेन में आए चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। कमोबेश, फाइनल नतीजे उसके आसपास ही रहे हैं। आए नतीजों को देखकर लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। ब्रिटेन चुनावों की सूनामी में ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी की एकदम उड़ गई। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना? इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी लंदन के चुनाव में खूब उछला।

बहरहाल, ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह खड़ा हो चुका है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं? बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए? किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें? हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता 'कीर स्टार्मर ब्रिटेन' के अगले शासक बनने के लिए दिल खोलकर बधाई दी है।राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए।

निसंदेह लेबर पार्टी के लिए ये जीत करिश्माई है। उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा। पनपते नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिलावजह दखलदांजी को रोकना, उर्जा स्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है जिसमें उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लड़ूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

## प्रसंगवश

# लुप्त न हो जाए यह शब्दावली



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

राजधानी की पाश कालोनी में अपने 'विला'के द्वार पर बैठे रिमझिम बारिश का आनंद ले रहा था, तो अपनी गांव वाली बरसातें सहसा याद आ गईं। जाहिर है कि तब उससे जुड़ी तमाम चीज़ें और शब्दावली भी जेहन में गूंजेंगे ही। तत्समय इला बिला नहीं, कच्चा घर था और पोर्टिको की जगह अपना छप्पर। छप्पर का सृजन बांस, फूस और अरहर की लगों से होता था। लगों की छोटी टहनियों को भिगोकर उनसे बॉधने का काम लिया जाता था;इन्हें फलसा कहते थे। ऊपर तो छप्पर दीवाल पर रखकर खूंटों से बांध दिया जाता,किंतु चौड़ाई अधिक होने के कारण आगे की ओर जिन लकड़ी के दुबग्घे लट्ठों को गाड़कर उन पर छप्पर रोका जाता था,उन्हें थुनकी कहा जाता था। पानी बरसते में उसकी ढलान से जो जल धाराएं नीचे आती थीं,उन्हें 'ओरौती'कहते थे। हालांकि कवि नरेन्द्र शर्मा ने उसे परिष्कृत करके अपनी कविता में "औलाती"लिखा है-दीवारों से लगे खड़े होंगे चुप छान और छप्पर।/ झरती होगी खामोशी से औलाती भी किनमिन कर।।

कच्चे घर के अग्रभाग के अलावा अन्य खुली दीवालों की रक्षार्थ लगों का एक छोटे आकार का छाजन तैयार किया जाता था,जिसे 'लदुवा'कहते थे। अंग्रेज़ लेखकों ने अपने वर्णनों में इसे कोपिंग'कहा है। वे लदुवा क्या जाने! घर की पटान में जो लकड़ी के मोटे लट्ठे इस्तेमाल होते थे,उन्हें धन्नी और कुछ पतले बेड़े रखे जाने वाले काष्ठ खंड बेड़का कहे जाते थे। छतों का पानी नीचे गिराने के लिए पनारी होती थी और वर्तमान ड्रेनेज तब का 'नर्दवां है। यह साहित्य में भी स्थान पा चुका है।"तुलसी बुरा न मानिए जो गॅवार कहि जाय।जै से घर का नरदवां भला बुरा बहि जाय"।। छोटे लाल मखमली पीठ वाले कीड़े 'राम की बिलैयां'कही जातीं,जो बरसात की शोभा बढ़ातीं। साहित्यकार इन्हें 'वीर बधूटी'नाम देते हैं। थोड़ी देर का तेज पानी 'झाला'और देर तक रुक जाय तो 'भरनि'कही जाती।'पद्मावत'में नागमती कहती है,"सावन बरस मेह अति पानी भरनि परी हौं विरह झुरानी"।। लगातार बरसे तो 'झड़ी'। यह पसंद नहीं की जाती थी। अगली पीढ़ियां यह लोक शब्दावली विस्मृत न करने पाएं। इसे सम्हाल कर रखना होगा। हमारी पुरातन और मूल संस्कृति का हिस्सा है यह सब।

# अग्निवीर का पुनर्निरीक्षण करने की आवश्यकता

ग्रुप कैप्टन प्रमोद गुप्ता
भारतीय वायु सेना (वेटरन)
शाहजहांपुर

भारतीय रक्षा सेनाओं के लिए कुछ वर्ष पूर्व घोषित अग्निवीर योजना लीक से हट कर कही जा सकती है। इस योजना का उद्देश्य साढ़े सत्तरह से 21 वर्ष की उम्र तक शारीरिक रूप से सक्षम युवकों को 4 साल की अवधि के लिए (शॉर्ट टर्म करियर) भारतीय सशस्त्र सेनाओं में विशेष टर्म्स एंड कंडीशंस के अंतर्गत रोजगार उपलब्ध कराना था। ऐसा माना गया था कि इस योजना से भारतीय सेनाओं में युवाओं की संख्या बढ़ेगी, सरकारी खजाने पर पेंशन का बोझ कम होगा तथा 4 वर्ष के पश्चात जब ये अग्निवीर सेवा निवृत्त होंगे तो वे अपनी तकनीकी दक्षता व सेना के प्रशिक्षण का सदुपयोग भविष्य में नौकरी या स्वरोज़गार के लिए कर सकेंगे।

इस योजना की मंशा तो अच्छी थी परंतु अपने देश की सामरिक, भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए योजना में व्यावहारिकता की कमी थी। हमारी स्थितियां उन देशों से भिन्न हैं जैसे कि इज़राइल , ब्रिटेन, अमेरिका व अन्य छोटे यूरोपीय देश जहां इस प्रकार की योजनाएं सफल रही हैं। इन देशों की आबादी कम होने के कारण सैन्य सेवाएं अनिवार्य है, उनके पड़ोसी देश शत्रुवत व्यवहार नहीं करते, कोई सीमा विवाद नहीं है और वहां रोजगार के अन्य विकल्प भी उपलब्ध है। अतः ऐसे देशों के इस शॉर्ट-टर्म मॉडल को भारतीय परिप्रेक्ष्य में उतारना व्यावहारिक नहीं कहा जा सकता।

योजना के चार साल बीत जाने व फील्ड अनुभव के पश्चात इस योजना की समीक्षा आवश्यक प्रतीत होती है। राजनीतिक या सामाजिक दृष्टिकोण से हटकर विशुद्ध सैनिक दृष्टिकोण से योजना पर व्यावहारिक मंथन होना चाहिए। ऐसे हजारों पूर्व एवं वर्तमान सैन्य कर्मी व आम नागरिक हैं जिनका मानना है कि यह योजना अपने वर्तमान स्वरुप में सेना के मानकों पर पूर्णरूप से खरी नहीं उतरती। यह एक शॉर्ट-कट है जो आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक कारणों से अपनाया गया था और सुरक्षा की दृष्टि से यह एक कमजोर कड़ी है जो देशहित में नहीं है। यहां यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है कि अग्निवीर सेवा इस उद्देश्य से नहीं है कि उनको चार साल बाद सिविल सेक्टर में पुनर्वास के लिए तैयार किया जाए। मूल उद्देश्य यह है कि वे एक हार्ड-कोर, प्रोफेशनल सिपाही बन सके जो छह महीने की ट्रेनिंग या चार साल की सेवा अवधि में संभव नहीं है।

> इस योजना की मंशा तो अच्छी थी परंतु अपने देश की सामरिक, भौगोलिक व सामाजिक परिस्थितियों को देखते हुए योजना में व्यावहारिकता की कमी थी।

आज का युद्ध जमीन से आसमान तक तकनीकी एवं बहुआयामी है। कुछ देशों द्वारा अंतरिक्ष में स्थाई स्टेशन बना लेना एक सच्चाई है जिससे आने वाले समय में युद्ध की विभीषिका का अनुमान लगाया जा सकता है । अतः यह कैसे संभव है कि हमारे अग्निवीर मात्र 4 साल की सेवा व 6 महीने की ट्रेनिंग में इतने प्रशिक्षित हो जाएंगे कि वे आज के युद्ध को सफलतापूर्वक लड़ सकेंगे। यही नहीं, वैश्विक परिपेक्ष में युद्ध अब देश की सीमाओं के पार अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधनों के द्वारा लड़ा जा रहा है जिसके लिए अनुभवी व पूर्णतया प्रशिक्षित सैनिक होना आवश्यक है।

इसलिए अग्निवीर योजना का पुनर्निरीक्षण करने की त्वरित आवश्यकता है ताकि देश का सुरक्षा ढांचा प्रभावित न हो। कुछ मूलभूत सुझाव निम्नवत हैं: अग्नि वीर की पात्रता आयु 18 वर्ष से 23 वर्ष तक किया जाना व्यावहारिक होगा।, कार्यकाल की अवधि कम से कम 8 वर्ष और प्रारंभिक प्रशिक्षण 10 महीने का किया जाए। इससे न सिर्फ मिलिट्री कौशल में दक्षता आएगी बल्कि काफी हद तक सेनाओं में सैनिक संख्या की कमी पर विराम लग सकेगा। साथ ही अग्निवीर अपने को सैन्य सेवा की मुख्य धारा में महसूस करेंगे, उनके मनोबल में वृद्धि होगी और वे अपने को दोयम दर्जे का सैनिक नहीं समझेंगे। सैनिक/युद्ध दक्षता के लिए समय-समय पर भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार रेगुलर सैनिक की भांति अग्निवीर को भी रिफ्रेशर या सप्लीमेंट्री ट्रेनिंग दी जाए। सेना में तकनीकी ट्रेड की भारी कमी है और इसका प्रशिक्षण भी महंगा व समय लेने वाला है, अतः अग्निवीर का रेगुलर सैनिक के रूप में 100 प्रतिशत समायोजन किया जाए। इसी प्रकार गैर-तकनीकी ट्रेड में भी कम से कम 50 प्रतिशत सैनिकों को रेगुलर किया जाय । अग्निवीर को पूर्ण सैनिक का दर्जा मिले । सरकारी नौकरियों में भी अग्निवीर के लिए आरक्षण का प्रावधान किया जाए। साथ ही युद्ध अपंगता या बलिदान की स्थिति में अग्निवीर व उनके आश्रितों को वही सहायता, वही मान-सम्मान प्राप्त हो जो सरकारी, अर्धसरकारी या प्राइवेट क्षेत्र में एक रेगुलर सैनिक को मिलता है।

## सोशल फोरम

# जिंदगी जीने का दर्शन

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हर व्यक्ति अलग है और अपने लिहाज से उसे एक जीवन दर्शन बनाना और उसे जीना चाहिए। जिंदगी जीना ही ज़िंदगी का मुख्य मक़सद मानता हूं। पूरी तरह होश में रहते, एक किरदार की तरह , बिना किसी अवांछित प्रतिक्रिया के जीवन के हर मोड़ का लुत्फ लेना ही असली जीवन जीना है।

मैं यह नहीं मानता कि दर्शन को जीना कठिन होता है वरन मेरे लिहाज़ से दर्शन जिंदगी को बहुत आसान बना देता है। कुछ भी ऐसा पढ़ना लिखना नहीं चाहता जो मुझे जीने में मदद न करे , मुझे समृद्ध न करे।

बुद्ध और बौद्ध दर्शन से प्रभावित हूं। प्रभावित इसलिए हूं कि मुझे लगा कि यही तो मेरा पसंदीदा दर्शन है और ऐसा ही कुछ मैं भी सोचता था, होश में जीने का शुरू से प्रयास कर रहा था।

मैं बुद्ध को दुनिया का सबसे बड़ा शिक्षक मानता हूं। मानता हूं कि उनके बताए रास्ते पर चलना ही बहुत महत्वपूर्ण है। जिंदगी में कोई कामना, कोई अपेक्षा, कोई तृष्णा भी सामने नहीं दिखती है। बुद्ध ने इसे ही दुख का कारण बताया था। बुद्ध की शिक्षा कि संसार अनित्य है, संसार दुःखमय है, इसे पूरी तरह मानता समझता हूं। बुद्ध की बतायी सम्यक् दृष्टि बहुत महत्वपूर्ण है। दृष्टि सम्यक होनी चाहिए।

वही देखना है जो सम्यक है, सत्य है ।

कोई बात/ तथ्य समस्या बनती है तो आपकी प्रतिक्रिया से। आपकी प्रतिक्रिया ही उसे समस्या बनाती है। प्रेम तो स्वाभाविक है। आनर किलिंग प्रतिक्रिया स्वरूप ही तो हो रही है। अब कम हो रही है , मतलब कम प्रतिक्रियाएं हो रही है। उन्हें स्वीकृतियां मिल रही हैं। साफ है प्रतिक्रिया समस्या है। बदलते समय के साथ बहने में यक़ीन रखता हूं। स्वीकृतियों का पक्षधर हूं। ज़िंदगी जीने का दर्शन है : मर मर कर जीना छोड़ दिया / बंधन में बंधना छोड़ दिया। / हर क़दम रहा सोचा समझा ,/ अफ़सोस मनाना छोड़ दिय । / जिस बीज से पैदा दुख होता ,/ उस बीज का बोना छोड़ दिया।

**-फेसबुक वॉल से**

# चीटियों ने जटिल व्यवहार कैसे विकसित किया होगा

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मानव को अपनी उपलब्धियों पर सर्वथा उचित ही गर्व रहता है। किंतु जीव जगत में के कई ऐसे दृष्टांत कभी कभार सामने आते हैं कि आश्चर्यचकित होना पड़ता है। दरअसल कुदरत ने अपनी सृष्टि में किसी भी जीव के साथ भेदभाव नहीं किया है। सभी को अपने अस्तित्व रक्षा और उत्तरजीविता के साजो सामान और युक्तियां दी हैं। किसी से कुछ छीना है तो उसे कुछ और देने का वरदान भी दिया है।

ताजा उद्घाटित घटना फ्लोरिडा की कारपेंटर (बढ़ई) चींटियों का है जिनका जीवन बहुत संघर्षमय है।'द न्यूयार्क टाईम्स' के हाल के अंक में शल्य चिकित्सक चीटियों की हैरतअंगेज गाथा छपी है जिसने मेरा ध्यान इसलिए भी आकर्षित किया कि इस रिपोर्ट को मशहूर ब्रितानी आनलाइन विज्ञान जर्नल 'नेचर ब्रीफिंग' ने विगत सप्ताह छापा है। आधे इंच की बढ़ई चींटियां प्रतिद्वंद्वी कॉलोनियों की चींटियों के साथ हिंसक मुठभेड़ करने के लिए कुख्यात हैं । किंतु अनवरत चलने वाली लड़ाईयों के कारण चींटियों के पैर में चोट लगती रहती है। लेकिन जैसा कि वैज्ञानिकों ने हाल ही में पाया है, इन चींटियों ने चोट को ठीक करने के लिए एक प्रभावी उपचार विकसित किया है यानि ये शल्यक्रिया अपनाती हैं। यानि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की शल्य चिकित्सा केवल मनुष्य की ही कुशलता नहीं है। चीटियां भी एक दक्ष शल्य चिकित्सक हैं। सबसे पहले यह शोधपत्र करंट बायोलॉजी पत्रिका में विगत 2 जुलाई को प्रकाशित हुआ जिसमें शोधकर्ताओं ने बताया कि चींटियां संक्रमण को रोकने के लिए अपने घोसले के साथियों के घायल अंगों को काट देती हैं। हालांकि अन्य चींटियों की प्रजातियां भी अपने घायलों के घावों की देखभाल करने के लिए जानी जाती हैं और आमतौर पर उन्हें चाटकर साफ करती हैं, लेकिन यह पहली बार देखा गया कि फ्लोरिडा की चींटियों की बढ़ई प्रजाति अपने साथियों के चोट के उपचार के लिए शल्य क्रिया - विच्छेदन का तरीका अपनाती हैं।

> अध्ययन में चींटियों ने केवल कुछ चोटिल पैरों का विच्छेदन किया बल्कि यह भी देखा गया कि उनकी शल्य चिकित्सा पद्धति काफी व्यवस्थित है।

अध्ययन में चींटियों ने केवल कुछ चोटिल पैरों का विच्छेदन किया बल्कि यह भी देखा गया कि उनकी शल्य चिकित्सा पद्धति काफी व्यवस्थित है। मनुष्यों के इतर किसी अन्य जानवर को इस तरह के विच्छेदन करने के कौशल के लिए नहीं जाना जाता है। यह व्यवहार फ्लोरिडा की बढ़ई चींटियों के बीच सामाजिक व्यवहार की श्रेष्ठता, उनकी बुद्धिमत्ता और दर्द महसूस करने की उनकी क्षमता का भी संकेत करता है ।

वर्ष 2020 की शुरुआत में, जर्मनी के वुर्जबर्ग विश्वविद्यालय में स्नातक छात्र डैनी बफ़ैट अपनी प्रयोगशाला में फ़्लोरिडा बढ़ई चींटियों की एक कॉलोनी का निरीक्षण कर रहे थे, जब उन्होंने कुछ अजीब नज़ारा देखा। बफ़ैट अब स्विटज़रलैंड के लॉज़ेन विश्वविद्यालय में जीव विज्ञानी हैं और इस अध्ययन के लेखक हैं। उनके अनुसार वे यह देखकर विचित्र सा लगा कि एक चींटी दूसरी चींटी के पैर को काट रही थी। फिर शुरु हुआ अंग-भंग चींटियों के जीवित रहने की दर पर नज़र रखना। अप्रत्याशित रूप से, कटे हुए अंग वाली चींटियां 90 प्रतिशत समय तक जीवित रहीं। इससे भी अधिक आश्चर्य की बात यह पाई गई कि रुग्ण चींटियों के अंग-विच्छेदन उनकी सहमति से किए गए थे। डॉ. फ्रैंक ने बताया कि रुग्ण चींटी पहले तो अपने घायल पैर को साथियों को दिखाती है और शांति से वहीं बैठ जाती है, फिर कोई शल्य चिकित्सक चींटी उसे कुतर डालती है। जैसे ही कटा पैर गिरता है घायल चींटी नए कटे हुए घाव को परिचारक चीटियों को दिखाती है और वे उसे साफ करके काम पूरा करती है। ऐसे दर्जनों अंग-विच्छेदन की घटनाओं को देखने के बाद, शोधकर्ताओं ने पाया कि चींटियां केवल जांघ की चोटों वाले साथियों पर ही यह प्रक्रिया अपनाती हैं। यह आश्वस्त होने के लिए कि चींटियां केवल घायल जांघों वाली चींटियों पर ही अंग-विच्छेदन क्यों करती हैं, शोधकर्ताओं ने अन्य पैरों का प्रायोगिक अंग-विच्छेदन किया। प्रायोगिक अंग-विच्छेदित चींटियों की जीवित रहने की दर केवल मात्र 20 प्रतिशत पाई गयी । डॉ. फ्रैंक इस नतीजे पर पहुंचे कि जब घाव शरीर से दूर होता है तो अंग-विच्छेदन की शल्य चिकित्सा काम नहीं करती, लेकिन जब यह शरीर के करीब होता है, तो कारगर है। अनुमान यह लगाया गया कि मुठभेड़ों में जांघ के हिस्से वाले पैर ही ज्यादा चोटिल होते हैं।

किंतु क्या सचमुच ऐसा ही था? डॉ. फ्रैंक और उनकी टीम द्वारा घायल विकलांग चीटियों पर माइक्रो-सीटी स्कैन किया। पाया गया कि चींटियों के शरीर में कई मांसपेशियां होती हैं जो हीमोलिम्फ - उनके रक्त को प्रवाहित करती हैं। कारपेंटर चींटियों की जांघों में ऐसी कई मांसपेशियां होती हैं। जब उनकी जांघ में चोट लगती है, तो हीमोलिम्फ का प्रवाह कम हो जाता है, जिससे बैक्टीरिया के लिए घाव से शरीर में जाना मुश्किल हो जाता है। ऐसे मामलों में, यदि पूरा पैर जल्दी से काट दिया जाता है, तो संक्रमण की संभावना बहुत कम होती है।

नतीजतन, सफल विच्छेदन के लिए समय सीमा कम होती है और इसके सफल होने की संभावना भी बहुत कम होती है। डॉ. फ्रैंक कहते हैं कि चींटियाँ, किसी न किसी स्तर पर, इस बात से भिज्ञ रहती हैं। न्यूयॉर्क में रॉकफेलर यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर डैनियल क्रोनॉयर भी चींटियों और अन्य सामाजिक जीवों का अध्ययन करते हैं। उनकी टिप्पणी कि यह सोचना बहुत ही अजीब है कि चींटियों जैसे क्षुद्र जानवरों ने इतना जटिल व्यवहार कैसे विकसित किया होगा।

# रामानुजाचार्य से क्या सीखें

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

रामानुजाचार्य का जन्म दक्षिण भारत के कांचीपुरम् के निकट श्रीपेरूपुथुर नामक स्थान में ग्यारहवीं शताब्दी के मध्य में हुआ। जिस समय शंकराचार्य के विचारों की चारों धूम मची हुई थी उस समय रामानुजाचार्य ने उनके मूल विचारों को अपनी आलोचना के निशाने पर रखा।

शंकर का ब्रह्म निर्गुण था,उ समें कोई विशिष्ट गुण नहीं था, इसके विपरीत रामानुजाचार्य ने ब्रह्म की जो धारणा पेश की उसमें वह विशिष्ट गुणों से युक्त था, वह सर्वज्ञ, सर्वशक्तिमान और सर्वव्यापी था। उसमें ज्ञान, कल्याण, दीप्ति आदि गुणों की मौजूदगी को माना। साथ ही रामानुजाचार्य ने दार्शनिक भौतिकवाद की धारणा का प्रतिपादन किया। रामानुजाचार्य की सबसे प्रमुख धारणा यह थी कि भौतिक जगत ही एकमात्र यथार्थ है। साथ ही तांत्रिक आदर्शवाद की इस धारणा को एकसिरे से ठुकरा दिया कि चेतना से परे किसी भी यथार्थ का अस्तित्व नहीं है। उनके लिए ब्रह्म यथार्थ था साथ ही जगत भी उतना ही मूल्यवान यथार्थ था जैसाकि ब्रह्म। शंकर के लिए जगत मिथ्या था लेकिन रामानुजाचार्य के लिए जगत मिथ्या नहीं था। उनके लिए ब्रह्म और जगत दोनों ही यथार्थ थे। इसके अलावा रामानुजाचार्य का मानना था कि ज्ञाता और ज्ञात, ज्ञान और यथार्थ के बीच कोई ऐसा अन्तर्विरोध नहीं है जिसे सुलझाया न जा सके। लेकिन वे यह नहीं मानते थे कि यथार्थ का पूर्ण ज्ञान हो सकता है। वे मानते थे कि यथार्थ के कुछ ही पहलुओं का ज्ञान हो सकता है। जबकि अन्य पहलू संज्ञान से परे हैं। उन्होंने भक्ति पर जोर दिया। ज्ञान,कर्म और भक्ति में वे भक्ति को सर्वोपरि मानते थे। वैदिक सूक्तों, मंत्रों और उपनिषदों के रट लेने से ज्ञान प्राप्त नहीं होता। बल्कि ईश्वर भक्ति से ज्ञान प्राप्त होता है। भक्ति के जरिए उन्होंने जातिभेदों पर हमला किया। उनके अनुसार भक्ति सभी जातिभेदों से ऊपर है। सभी भक्त समान हैं।

# 24 घंटे बंद रहा टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग

## चम्पावत जिले में एनएच के साथ ही पांच स्टेट हाईवे और 30 ग्रामीण सड़कों पर नहीं चले वाहन, शाम को एनएच से हटाया मलबा

▸▸ भारी वर्षा और मलबा गिरने से बंद सड़कों को खोलने में हो रही दिक्कत

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** चम्पावत जिले में पिछले चार दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा से जनजीवन पूरी तरह पटरी से उतर गया है। मैदानी क्षेत्र टनकपुर और बनबसा और पर्वतीय इलाकों में पिछले 36 घंटों से मूसलधार वर्षा का सिलसिला जारी है। टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग 24 घंटे बाद भी सुचारू नहीं हो पाया। इससे पिथौरागढ़ और चम्पावत जिलों का सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है। इससे पहाड़ और मैदानी क्षेत्र को आने जाने वाले यात्रियों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

रविवार को पांच राज्य मार्ग और 30 ग्रामीण सड़कें मलबा आने से दिनभर बंद रहीं। राष्ट्रीय राजमार्ग के स्वाला के पास लगातार गिर रहे मलबे के कारण दूसरे दिन भी हाईवे सुचारू नहीं हो पाया। स्वाला के पास शनिवार की शाम 5:30 बजे मलबा आने से सड़क बंद हो गई थी। रविवार को दिन भर टनकपुर से चम्पावत, लोहाघाट और पिथौरागढ़ के लिए वाहनों की आवाजाही ठप रही। कई वाहन हल्द्वानी से देवीधुरा-लोहाघाट होते हुए पिथौरागढ़ को रवाना हुए। रविवार को लोहाघाट-पिथौरागढ़ हाईवे पर सिंगदा के पास मलबा आने से कई घंटों तक आवागमन बंद रहा। पांच राज्य मार्ग सहित 30 ग्रामीण सड़कों पर भी वाहन नहीं चल पाए। ग्रामीण सड़कें बंद होने से गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क कटा हुआ है। इधर मां पूर्णागिरि धाम के पास तीन दिन पूर्व गिरे चट्टान से आवाजाही यहां बंद है भारी बरसात होने के कारण चट्टान और मलवे को अभी तक नहीं हटाया जा सका है। हालांकि प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन को आ रहे श्रद्धालुओं को ककरालीगेट से आगे नहीं जाने दिया जा रहा है।

टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग में आए मलबे को हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

### बूढ़ाधार में कई घरों के आंगन हुए क्षतिग्रस्त

**अल्मोड़ा।** ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर जिला मुख्यालय तक वर्षा अब आफत बनकर बरस रही हैं। 2013 में आपदा की मार झेल चुके बूढ़ाधार के ग्रामीण वर्षा से सहम गए हैं। गांव में एक बार फिर आपदा जैसे हालात पैदा होने लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि वर्षा के बाद आनंद राम के आंगन की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त हो गई है। सांईबाबा मंदिर की दीवार भी ढह गई है। जबकि तरमोली मोटर मार्ग का मलबा भी लोगों के घरों तक पहुंच गया है। ग्रामीणों ने अब शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगाई हैं। प्रधान पूजा देवी और भाजपा के अनुसूचित जाति मंडल अध्यक्ष संतोष राम ने बताया कि भारी बारिश से लोग सहमे हुए हैं।

### हुड्डी नदी के उफनाने से जंगली कटरवा लेने गई महिलाएं फंसीं, एसडीआरएफ ने निकाला

**टनकपुर :** नगर के दूरस्थ गांव छीनीगोठ के सामने जंगल में सब्जी के लिए जंगली कटरवा बीनने गई करीब 20 महिलाएं और दो पुरुष हुड्डी नदी के उफान में आने से फंस गए। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर सभी को सुरक्षित निकाला। कोतवाल योगेश उपाध्याय ने बताया कि महिलाएं जंगली सब्जी (कटरवा) लेने जंगल गई थी, जो हुडडी नदी के उफान में आने से छीनीगाड़ नाले के पास फंस गई। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा गया जिन्होंने सकुशल सभी को निकाल लिया। सभी महिलाएं घसियारा मंडी की हैं। इस समय बरसात के दिनों में जंगल में कटरवा सब्जी बड़ी मात्रा में पाई जाती है। इस समय टनकपुर क्षेत्र में यह सब्जी 400 से 500 रुपया प्रति किलो तक बेची जा रही है जबकि इसके खरीदार पीलीभीत, बरेली आदि मैदानी क्षेत्रों में एक हजार से 1200 रुपये प्रति किलो तक बिक्री कर रहे हैं।

### मेडिकल कॉलेज की दीवार झुकी, 25 मरीज शिफ्ट

**अल्मोड़ा :** लगातार हो रही बारिश लोगों के साथ अब मरीजों के लिए भी आफत बनकर बरस रही है। रविवार को मेडिकल कॉलेज के 'ए' ब्लॉक की सुरक्षा दीवार झुकने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में सुरक्षा की दृष्टि से अस्पताल प्रशासन ने 'ए' ब्लॉक में भर्ती 25 से अधिक मरीजों को 'बी' ब्लॉक भर्ती किया गया। भारी बारिश से जगह-जगह अब भूस्खलन होने लगा हैं। रविवार तड़के बेस अस्पताल के 'ए' वार्ड के समीप बनी दीवार झुक गई। दीवार में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई। जिसके बाद एहतियातन 'ए' वार्ड में भर्ती मरीजों को वहां से 'बी' वार्ड में शिफ्ट करना पड़ा। एमएस डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि वार्ड के समीप की दीवार झुक गई है। इससे एहतियातन वार्ड एक में भर्ती करीब 25 से अधिक मरीजों को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया गया है।

# अल्मोड़ा में बारिश से जनजीवन पटरी से उतरा

अल्मोड़ा के खत्याड़ी में रविवार को भारी बारिश के बीच सुरक्षा दीवार गिरने से आवासीय भवन खतरे की जद में आया। ● अमृत विचार

▸▸ मलबा, बोल्डर आने से जिले के एक स्टेट हाइवे और 6 ग्रामीण सड़कें हैं बंद

▸▸ तीन दिन से हो रही भारी बारिश से सहमे लोग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले में बीते तीन दिन से हो रही आफत की बारिश ने लोगों की दुश्वारियां बढ़ा दी हैं। लगातार हो रही बारिश से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की दिनचर्या पटरी से उतर गई है। कई क्षेत्रों में भूस्खलन और बिजली-पानी की समस्या बढ़ गई है। जबकि कई आवासीय भवनों की सुरक्षा दीवार ढहने से भवन खतरे की जद में आ गए हैं।

जिले में भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। सड़कों में मलबा और बोल्डर आने से यातायात प्रभावित हो गया है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ते जा रही है। रविवार को जिले की एक स्टेट हाइवे खैरना-रानीखेत-रामनगर और छह ग्रामीण सड़कें बंद रही। इससे कई गांवों के ग्रामीण अलग-थलग पड़ गए हैं।

### इन 6 ग्रामीणों सड़कों में आवाजाही बाधित

पोखरी-बैगनिया, खूट-धामस-बसर गांव, अल्मोड़ा घाट मोटर मार्ग के तलेट बैंड से बिरकोला से भैसोड़ी मल्ली मोटर मार्ग, जैंती-नया संग्रोली मोटर मार्ग, जैंती-पिपली-सेल्टा-चापड़, चायखान-धारखोला मोटर मार्ग में मलबा और बोल्डर आने से बाधित रही। हालांकि प्रशासन की ओर से इन मार्गों को खोलने के लिए जेसीबी लगाई गई है।

वहीं, जिला मुख्यालय में सड़कों पर पानी बहने से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को अवकाश के बीच भारी बारिश के चलते अधिकांश समय लोग घरों पर ही रहे।

टनकपुर में उफनाई शारदा से घाट क्षेत्र में बढ़ा खतरा। ● अमृत विचार

सल्ट के मनगांव-बूढ़ाकोट सड़क पर आया मलबा।

रानीखेत में सड़क पर गिरे पेड़ को काटकर हटाते पुलिसकर्मी।

### चम्पावत व बागेश्वर जिलों में आज भी बंद रहेंगे स्कूल

**टनकपुर :** चम्पावत जिले में इस बार मानसूनी वर्षा ने जुलाई माह में सबसे अधिक वर्षा का रिकार्ड कायम किया है। 4 जुलाई से 7 जुलाई तक महज चार दिन में चम्पावत में 423 मिमी वर्षा हो चुकी है। बारिश को देखते हुए डीएम नवनीत पांडेय ने सोमवार 8 जुलाई को जिले में 12वीं कक्षा तक के स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया है। उधर बागेश्वर में भी भारी बारिश की आशंका को देखते हुए सोमवार को 12वीं तक के सभी स्कूलों में छुट्टी घोषित की है।

### रानीखेत में सड़क पर गिरा विशाल पेड़, यातायात बाधित

**रानीखेत :** रविवार सुबह सेना के सप्लाई डिपो के पास बांज का विशाल पेड़ बारिश के कारण भरभरा कर सड़क पर गिर गया। सड़क खाली होने से कोई अनहोनी नहीं हुई। लेकिन सड़क के दोनों ओर जाम लग गया। दमकल विभाग की टीम ने पेड़ काटकर यातायात सुचारू कराया। इस दौरान कोतवाली पुलिस टीम भी मौजूद रही। दमकल विभाग कर्मचारियों में उमेश सिंह, ईश्वर सिंह, संदीप, दयाधर, कासिम अली, देवेन्द्र आदि शामिल थे।

### शारदा नदी उफनाई, घाट क्षेत्र में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा

**बनबसा/टनकपुर :** टनकपुर की शारदा नदी भी उफान पर है। प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से शारदा घाट व उसके आसपास रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने को कहा है। शारदा घाट से करीब दो दर्जन दुकानों को हटा दिया गया है। एसडीएम आकाश जोशी ने शारदा नदी के घाट क्षेत्र और उसके आसपास रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा है। उधर शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने से बनबसा में शारदा बैराज पर बड़े वाहनों की आवाजाई रोक दी गई है। यहां रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है। रविवार को शारदा बैराज का जल स्तर 1.65 लाख क्यूसेक से अधिक हो गया। शारदा नदी से भू कटाव भी शुरू हो गया है।

### खत्याड़ी में आवासीय भवन की सुरक्षा दीवार गिरी

**अल्मोड़ा।** भारी बारिश से नगर के खत्याड़ी निवासी राजेंद्र सिंह कनवाल के भवन की सुरक्षा दीवार भारी बारिश के चलते ढह गई है। जिससे मकान को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने शासन-प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। इधर, नगर के ढुबकिया मोहल्ले में भूस्खलन से निर्मला देवी का मकान खतरे की जद में आ गया है। वहीं, तून और खड़क का पेड़ भी आसपास के आवासीय कॉलोनी के लिए खतरा बना हुआ है। लोगों ने प्रशासन से जल्द पेड़ों को काटने की मांग की है।

अल्मोड़ा के बूड़ाधार में रविवार को बारिश से कई घरों की सुरक्षा दीवार ढह गई। ● अमृत विचार

# खत्याड़ी में बार के खिलाफ प्रदर्शन जारी

▸▸ शराब बार बंद नहीं होने पर राजनीतिक पार्टियों का बहिष्कार करने का निर्णय

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** नगर से सटे ग्राम पंचायत खत्याड़ी के मुख्य मार्ग में खुले शराब बार के विरोध में ग्रामीण मुखर हो गए हैं। रविवार को ग्राम सभा के देवी मंदिर में बैठक कर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई। ग्रामीणों ने शराब बार बंद नहीं होने पर बुधवार को राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करने की चेतावनी दी। वहीं, सोमवार से बार के बाहर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि लगातार विरोध के बाद भी ग्राम सभा के मुख्य मार्ग में शराब बार खोल दिया गया। कहा कि मुख्य मार्ग में बार खुलने से ग्रामीणों और महिलाओं को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से जल्द ग्रामीण क्षेत्र से बार बंद करने की मांग उठाई। इसके अलावा बैठक में ग्रामीणों ने शराब बार के विरोध में सहयोग नहीं देने वाले राजनैतिक पार्टियों का सामूहिक बहिष्कार का निर्णय लिया।

नगर के ग्राम पंचायत खत्याड़ी में रविवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ● अमृत विचार

### बैठक में ये लोग रहे मौजूद

पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख आनंद कनवाल, प्रधान राधा देवी, पूर्व प्रधान हरीश कनवाल, हर्ष कनवाल, कमला कनवाल, प्रेमा देवी, गंगा देवी, विमला देवी, जीवंती देवी, सरस्वती, पुष्पा कनवाल, नीमा कनवाल, लीला देवी, नंदन सिंह कनवाल, प्रताप सिंह, राजेंद्र सिंह, अर्जुन सिंह, बसंत कनवाल, श्याम सिंह, जीवन सिंह, उमेद सिंह, गोपाल सिंह, रोहित, कमल, अभिषेक कनवाल, बीएस कनवाल, देव सिंह, शेर सिंह, तेज सिंह, राम सिंह, सुरेंद्र सिंह, हिमांशु कनवाल, राहुल कनवाल, रोहित सिंह, मनीष, रजत समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# भाजपा नेता को जान से मारने की धमकी दी

▸▸ आरोपी पर 1200 रुपये नगदी छीनने का भी आरोप

▸▸ तहरीर पर पुलिस ने आरोपी हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** भाजपा नेता के गले में चाकू रखकर जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। मामले में भाजपा नेता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के नरसिंहबाड़ी निवासी भाजपा नेता गोपाल सिंह जीना ने अल्मोड़ा कोतवाली में तहरीर सौंपी है। तहरीर में कहा कि बीते शनिवार को वह जौहरी बाजार में अपनी पत्नी के साथ एक दुकान पर गए थे। इसी बीच प्रदीप वर्मा वहां पहुंचा और उनसे छाता मांगी।

मना करने पर आरोपी गुस्सा हो गया और जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोप है कि प्रदीप वर्मा ने उनके गले में चाकू रख दिया और अपने आप को हिस्ट्रीशीटर बताते हुए जेब में रखी 1200 रुपये की नगदी भी निकाल ले गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने गर्भवती महिला को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया

**अल्मोड़ा :** जिलेभर में लगातार हो रही बारिश अब लोगों के लिए मुसीबत बनने लगी है। प्रसव पीड़ा से कराह रही महिला के लिए दन्या पुलिस मददगार बनी। बारिश के चलते सड़क बाधित होने से पुलिस ने गर्भवती महिला को सरकारी वाहन से अस्पताल पहुंचाया। जिससे महिला को समय पर उपचार मिल सका। जानकारी अनुसार धौलादेवी के फल्याट गांव निवासी गर्भवती महिला सरीता को शनिवार देर शाम प्रसव पीड़ा शुरू हुई। परिजन गर्भवती को लेकर अस्पताल के लिए चले, लेकिन उन्हें कोई वाहन नहीं मिल सका। जबकि 108 एबुलेंस दूसरे मरीज को लेकर गई थी। इससे परिजनों की दिक्कतें बढ़ गई। मामले की सूचना पुलिस को मिली। इस पर थानाध्यक्ष विजय नेगी ने महिला आरक्षी व पुलिस बल को मौके पर भेजा। जिसके बाद प्रसव पीड़ा से कहरा रही गर्भवती महिला को सरकारी वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया।

बागेश्वर में केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा का स्वागत करते हुए भाजपाई। ● अमृत विचार

### केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा का बागेश्वर पहुंचने पर भव्य स्वागत

**बागेश्वर :** लगातार तीसरी बार सांसद बने केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा शनिवार देर सायं गरुड़ पहुंचे जहां उनका कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। श्री टम्टा रविवार सुबह गरूड़ से कपकोट पहुंचे तथा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। उन्होंने भाजपा के बूथ अध्यक्षों व शक्ति केंद्र के संयोजकों को सम्मानित किया। कार्यकर्ताओं ने उन्हें ज्ञापन भी सौंपे। इस दौरान विधायक सुरेश गड़िया, जिपं अध्यक्ष बसंती देव, जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी व संजय परिहार, मंडल अध्यक्ष मंगल राणा, ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट, नंदन सिंह अल्मियां, देवेंद्र गोस्वामी, महेश बिष्ट, रमेश जोशी, जनार्दन लोहुमी आदि रहे।

### केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा आज पहुंचेगे रानीखेत

**रानीखेत :** क्षेत्रीय सांसद अजय टम्टा के केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री बनने के बाद पहली बार सोमवार को रानीखेत पहुंच रहे हैं। उनके स्वागत की तैयारियों को लेकर विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने एक बैठक में स्वागत को लेकर पदाधिकारियों को दायित्व सौंपे। बैठक में नगर अध्यक्ष मनीष चौधरी, नगर महामंत्री उमेश पंत, वरिष्ठ नेता मोहन नेगी, मंडल अध्यक्ष राम सिंह, हर्षवर्धन पंत, रामेश्वर गोयल, तनुजा साह, भावना पालीवाल, दीप्ति बिष्ट, मोहित शर्मा रहे।

# 336 परीक्षार्थियों ने दी यूपीएससी की परीक्षा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से रविवार को ईपीएफओ और ईसीआईसी की लिखित परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा में कुल पंजीकृत अभ्यर्थियों 645 में से 336 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। 309 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

नगर के दो केंद्रों में परीक्षा दो पालियों में हुई। ईपीएफओ की पहली पाली की परीक्षा में कुल पंजीकृत 269 में से 62 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 207 अनुपस्थित रहे। ईसीआईसी की दूसरी पाली की परीक्षा में कुल 376 में से 274 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 102 ने परीक्षा छोड़ी। परीक्षा से पूर्व जिले के सभी केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किये गये थे। मुख्य शिक्षा अधिकारी अंबा दत्त बलोदी ने बताया कि सभी केंद्रों में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की निगरानी में परीक्षा संपन्न कराई गई।

# मांगों को लेकर राज्य आंदोलनकारी मुखर

▸▸ सरकार से क्षैतिज आरक्षण का विधेयक पास करने की भी उठाई मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** मांगों के निराकरण को लेकर राज्य आंदोलनकारी मुखर हो गए है। रविवार को मनिआगर में बैठक कर राज्य आंदोलनकारियों ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया। क्षैतिज आरक्षण के विधेयक पास करने की मांग उठाई।

बैठक में राज्य आंदोलनकारियों ने कहा कि बार-बार मांग के बावजूद सरकार उनको जीवन यापन योग्य पेंशन नहीं दे रही है। उनके क्षैतिज आरक्षण के विधेयक को लटकाया जा रहा है, राज्य बनने के 24 वर्ष बाद भी चिन्हीकरण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। कहा कि आश्रितों को पेंशन देने की घोषणा को तीन वर्ष हो गए हैं, लेकिन अभी तक पेंशन नहीं दी गई है। राज्य आंदोलनकारियों ने बीस हजार रुपये मासिक पेंशन देने की मांग उठाई। आंदोलनकारियों ने मनिआगर-नगरखान सड़क में डामरीकरण करने, दशों-बमनस्वाल मोटर मार्ग के चौड़ीकरण व डामरीकरण करने आदि मांगें भी उठाईं।

मनीआगर में रविवार को नारेबाजी करते राज्य आंदोलनकारी और ग्रामीण।

### ये लोग रहे मौजूद

बैठक में ब्रह्मानंद डालाकोटी, जिपं सदस्य शिवराज बनौला, दौलत सिंह बगड़वाल, नवीन डालाकोटी, गोपाल बनौला, शंकर दत्त, बसंत जोशी, तारादत्त, बहादुर राम, दीवान सिंह, कैलाश राम, कुंदन सिंह, लछम सिंह, सुंदर सिंह, गोपाल गैड़ा आदि रहे।

## एक नजर

### तेलंगाना में 2.98 करोड़ रुपये का सोना जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद जोन यूनिट के राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) अधिकारियों ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2,98,90,780 रुपये मूल्य का 3.982 किलोग्राम सोना जब्त किया। डीआरआई की ओर से रविवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार, अधिकारियों ने विदेश से तस्करी कर लाये गये सोने को कोलकाता से बस से लाये जाने के संबंध में विशिष्ट खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए शनिवार को कोलकाता से हैदराबाद की बस में यात्रा कर रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा। जांच से पता चला कि तस्करी का सोना दोनों व्यक्तियों द्वारा पहने गए कपड़े में बड़ी चालाकि से छुपाया गया था। डीआरआई अधिकारियों ने बताया की मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में पांच नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार को जगरगुंडा पुलिस थाना क्षेत्र में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी), बस्तर फाइटर्स और जिला बल ने संयुक्त अभियान चलाया था। अभियान के दौरान सुरक्षा दल ने नक्सलियों को गिरफ्तार किया। नक्सलियों की पहचान चिंतलनर पुलिस थाना क्षेत्र निवासी हेमला पाला (35), हेमला हुंगा (35), सोडी देवा (25), नुप्पो (20) और कुंजम मासा (28) के रूप में हुई है, और सभी सुरपंगुडा क्षेत्र में मिलिशिया सदस्य के रूप में सक्रिय थे। अधिकारियों ने बताया कि उनके पास से दो देसी बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) गोले, एक टिफिन बम, सात जिलेटिन छड़ें, नौ डेटोनेटर, विस्फोटक पाउडर और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बनाने में इस्तेमाल होने वाले अन्य सामान बरामद किए गए।

### जम्मूः मंदिर में तोड़फोड़ आरोपी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू के बाहरी इलाके में एक गांव में कथित तौर पर एक मंदिर में तोड़फोड़ की गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना होने के कुछ घंटों के भीतर आरोपी को पकड़ लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि कुछ अज्ञात लोगों ने शनिवार देर रात जम्मू के पास नगरोटा के नारायण खू इलाके में पूजा स्थल में तोड़फोड़ की। स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, जम्मू और कश्मीर पुलिस ने जम्मू जिले में कल शाम नगरोटा में हुई धार्मिक स्थल की तोड़फोड़ और आगजनी के मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है।

# भव्य रथयात्रा के लिए पुरी में लाखों श्रद्धालु उमड़े, गूंजा जय जगन्नाथ

## 53 वर्षों के बाद नेत्र उस्तव, देवताओं के नबजौबन दर्शन और रथ यात्रा जैसे अनुष्ठान एक ही दिन हुए

पुरी, एजेंसी

ओडिशा की इस तीर्थ नगरी पुरी के जगन्नाथ मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्री जगन्नाथ और उनके भाई-बहन श्री बलवद्र और देवी सुभद्रा की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा देखने के लिए देश भर से लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े। बारहवीं शताब्दी के मंदिर और तीन किलोमीटर लंबी भव्य सड़क के चारों ओर जय जगन्नाथ, हरोबोल के नारे और झांझ की ध्वनि गूंज उठी।

मंदिर के सेवकों - दैतापतियों द्वारा अपने-अपने रथों को मंदिर के गर्भगृह से जोड़कर देवताओं को रत्न सिंहासन से बाहर निकाले जाने के कारण इसे बड़ा डंडा के नाम से जाना जाता है। इस बार लगभग 53 वर्षों के अंतराल के बाद, नेत्र उस्तव, देवताओं के नबजौबन दर्शन और रथ यात्रा जैसे अनुष्ठान सात जुलाई को एक ही दिन में किए गए। चूंकि सभी तीन प्रमुख अनुष्ठान रविवार को एक ही दिन में किए गए है इसलिए सड़क पर कुछ मीटर नीचे लुढ़कने के बाद रथों को खींचने की प्रक्रिया निलंबित होने की पूरी संभावना है। यात्रा सोमवार सुबह अपने अंतिम गंतव्य जगन्नाथ मंदिर से तीन किलोमीटर दूर स्थित गुंडिचा मंदिर के लिए फिर से शुरू होगी। मंदिर के सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु न केवल रथ यात्रा के दौरान मौजूद रहेगी बल्कि रथ भी खींचेंगी।

श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र और देवी सुभद्रा की मूर्तियों को ले जाते रथ। ● एजेंसी

सेवकों ने सुबह-सुबह देवताओं को गोपाल भोग (नाश्ता) चढ़ाया, जिसके बाद उन्हें रत्नवेदी से एक औपचारिक पहांडी बिजे में मंदिर के बाहर खड़े उनके संबंधित सुसज्जित रथों पर ले जाया गया। मंदिर के सैकड़ों सेवक शंख ध्वनि के बीच देवताओं को अपने कंधों पर उठाकर आनंद बाजार और बैशी पहाचा (मंदिर की बाईस सीढ़ियाँ) से होते हुए मंदिर से लायंस गेट तक ले गए। इस दौरान सोलह पहियों वाला श्री जगन्नाथ का लाल रथ और पीला नंदीघोष, 14 पहियों वाला बलभद्र का लाल और हरा तालध्वज और एक दर्जन पहियों वाला देवी सुभद्रा का लाल और काला देवदलन, मंदिर के मुख्य दरवाजे के बाहर पंक्तिबद्ध खड़े रहे। परम्परा के अनुसार श्री बलवद्र को सबसे पहले रत्न वेदी से बाहर निकाला गया और औपचारिक पहांडी बिजे के माध्यम से तालध्वज नामक रथ में स्थापित किया गया। उसके बाद देवी सुभद्रा को दर्पदलन रथ पर स्थापित किया गया। अंत में श्री जगन्नाथ जिन्हें लाखों भक्त प्यार से कालिया भी कहते हैं, को नंदीघोष रथ में स्थापित किया गया।

भक्तों ने जैसे ही देखा कि देवता गुंडिचा की नौ दिवसीय यात्रा शुरू करने के लिए रथों पर चढ़ने के लिए मंदिर से बाहर आ रहे हैं तो उन्होंने हरिबोल और जय जगन्नाथ के नारों से आसमान गुंजायमान कर दिया और मंदिर के सिंह द्वार की ओर दौड़ पड़े। लायंस गेट से गुंडिचा मंदिर तक ग्रैंड रोड के दोनों ओर स्थित सभी इमारतों की छतें सुबह से ही भक्तों से भरी हुई हैं। सभी गलियां और गलियां भी श्रद्धालुओं से खचाखच भरी रहीं।

### रथयात्रा में ममता बनर्जी ने खींची रथ की रस्सी

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को श्री जगन्नाथ के दर्शन करने के बाद इस्कॉन द्वारा आयोजित रथयात्रा में रथ की रस्सी खींची। बारिश के बावजूद हजारों लोग इस उत्सव में भाग लेने के लिए एकत्रित हुए। वे अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े श्रद्धालुओं के साथ जय जगन्नाथ के नारे लगा रहे थे और नृत्य एवं कीर्तन कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, इस शुभ दिन पर विश्व भर के आप सभी इस्कॉन भाइयों और बहनों एवं भक्तों को जय जगन्नाथ। बनर्जी ने श्रद्धालुओं और साधु-संतों के साथ रथयात्रा की शुरुआत में रथ की रस्सी खींचने से पहले इस्कॉन मंदिर के सामने रथ पर श्री जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा-अर्चना की। हर साल इस्कॉन रथयात्रा में शामिल होने वाली बनर्जी ने कहा, हम सभी धर्मों के साथ मिलजुलकर रहते हैं। जगन्नाथ देव हम सभी के लिए बहुत पवित्र हैं। बनर्जी ने कहा कि समुद्र तटीय पर्यटन शहर दीघा में पुरी के जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर मंदिर लगभग बनकर तैयार हो गया है और इसका उद्घाटन दुर्गा पूजा के बाद किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा, अगले वर्ष से रथयात्रा दीघा में आयोजित की जाएगी।

# आंध्र और तेलंगाना मेरी दो आंखों के समानः चंद्रबाबू

हैदराबाद, संवाददाता

● पदभार संभालने के बाद मुख्यमंत्री ने पहली बार नन्दमूरि तारक रामाराव भवन का दौरा किया

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना उनके लिए उनकी दो आंखों के समान हैं। नायडू ने मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने के बाद पहली बार आज यहां नन्दमूरि तारक रामाराव (एनटीआर) भवन का दौरा किया।

उन्होंने आंध्र प्रदेश में पार्टी की जीत में योगदान देने वाले तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के तेलंगाना कैडर की कड़ी मेहनत की सराहना की और उनके प्रति आभार व्यक्त किया। नायडू ने कहा कि उन्हें बिना किसी कारण जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने हैदराबाद के लोगों द्वारा उनके प्रति व्यक्त की गयी चिंता लिए आभार व्यक्त किया। नायडू ने दावा किया कि वाईएसआरसीपी शासन की वजह से हुई क्षति राज्य के विभाजन से हुई क्षति से अधिक है।

## जेपी नड्डा ने जम्मू में रघुनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

**जम्मू।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने रविवार को यहां ऐतिहासिक रघुनाथ मंदिर में दर्शन किए। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव व जम्मू कश्मीर के प्रभारी तरुण चुघ तथा सांसद जुगल किशोर और पूर्व मंत्री प्रिया सेठी ने नड्डा का मंदिर में स्वागत किया। नड्डा भाजपा की विस्तारित कार्यसमिति बैठक में भाग लेने शनिवार दोपहर जम्मू पहुंचे।

# अहमदाबाद में श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू

अहमदाबाद, एजेंसी

श्री जगन्नाथ की 147वीं रथ यात्रा रविवार सुबह गुजरात के अहमदाबाद शहर में शुरू हुई, जहां उनके दर्शन के लिए यात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। श्री जगन्नाथ, उनके भाई बालभद्र और बहन सुभद्रा का रथ दशकों पुरानी परंपरा के अनुसार खलासी समुदाय के सदस्यों ने खींचा। यह रथ यात्रा हर साल आषाढ़ माह के दूसरे दिन निकाली जाती है।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मंगला आरती की और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पाहिंद विधि संपन्न की। यह विधि जमालपुर इलाके में श्री जगन्नाथ के 400 वर्ष पुराने मंदिर से रथ यात्रा शुरू होने पर सोने की झाड़ू से यात्रा मार्ग को साफ करने की परंपरा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने पहले बताया था कि इस कार्यक्रम के लिए 22,000 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया जाएगा और लोगों की आवाजाही पर नजर रखने के लिए 20 ड्रोन के साथ-साथ कैमरे लगे कुछ गुब्बारे का भी उपयोग किया जाएगा। इनमें से 4,500 जवान पूरे 16 किलोमीटर लंबे मार्ग पर रथ यात्रा के साथ चलेंगे, जबकि 1,931 जवान यातायात प्रबंधन के लिए तैनात किए जाएंगे। दशकों पुरानी परंपरा के अनुसार, रथ यात्रा शहर के विभिन्न इलाकों से गुजरते हुए रात आठ बजे तक लौटेगी, इनमें साम्प्रदायिक रूप से कुछ संवेदनशील इलाके भी शामिल हैं। यात्रा में आम तौर पर 18 सुसज्जित हाथी, 100 ट्रक और 30 अखाड़ों के लोग शामिल होते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में रथ यात्रा उत्सव पर मंदिर में पूजा की।

# इमारत ढहने की घटना में मृतकों की संख्या हुई सात

सूरत, एजेंसी

गुजरात के सूरत शहर में छह मंजिला इमारत ढहने की घटना में रात में छह और शव बरामद होने के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इमारत के किराएदारों से किराया वसूलने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है और उस पर तथा इमारत के दो मालिकों पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार पाल इलाके में स्थित यह आवासीय इमारत जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थी और शनिवार दोपहर करीब 2:45 बजे ढह गई। सूरत पुलिस ने एक बयान में कहा कि बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम, राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो टीम, पुलिसकर्मी और दमकलकर्मी शामिल थे। करीब तीन घंटे के अभियान के बाद वे कशिश शर्मा नाम की 20 वर्षीय महिला को निकालने में सफल रहे और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। एक अधिकारी ने पहले बताया था कि शनिवार रात को एक व्यक्ति का शव निकाला गया। पुलिस के अनुसार बचाव दल ने बाद में मलबे से छह और शव निकाले।

सूरत में एक इमारत गिरने के बाद जारी बचाव अभियान। ● एजेंसी

# लोको पायलटों को लेकर सरकार को घेरा

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोको पायलटों के जीवन की रेल को पटरी से उतार दिया है और उनके जीवन को बहुत कठिन बना दिया है इसलिए वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे।

गांधी दो दिन पहले नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों से मिले थे और उन्होंने लोको पायलट की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोको पायलेट्स ने उन्हें अपनी दिक्कतें बताई और कहा कि उनका जीवन बहुत कठिन हो गया है। उनसे बहुत ज्यादा काम लिया जाता है, छुट्टी नहीं दी जाती है और उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिलता जो रेल दुर्घटनाओं की भी एक वजह है। गांधी के लोको पायलट से मुलाकात का वीडियो कांग्रेस ने रविवार को अपने ट्विटर हैंडल पर जारी किया जिसमें पायलेट अपनी समस्या गांधी को बता रहे है।

कांग्रेस नेता ने उनकी समस्याएं सुनने के बाद कहा कि मोदी सरकार में लोको पायलटों का जीवन बेहद मुश्किल हो चुका है। कांग्रेस नेता ने कहा, लगातार और बिना छुट्टी के काम करने की वजह से लोको पायलटों शारीरिक और मानसिक रूप से बीमार हो रहे हैं।

● कांग्रेस नेता राहुल गांधी बोले- मुद्दे को संसद में उठाएंगे

## कारोबार/कृषि

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5700 मसूरी- 5300 बासमती- 9500-10500 परमल- 3700-4000 **दाल दलहन :** काला चना- 7500 साबुत चना दाल- 7500-8600 मूंग साबुत- 10800 राजमा- 14000-16000 दाल उड़द- 10800 साबुत मसूर दाल- 7400- 7600 मसूर दाल- 8500 उड़द साबुत- 11500 काबुली चना- 11500-12800 अरहर दाल- 16000-17000 लोबिया/ करमानी- 9000 सोयाबीन- 4500 मूंगफली- 11500 मटर (सूखी)- 5400 मक्का- 2700

### बजट से आस

#### बजट में बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा चाहता है होटल उद्योग

**नई दिल्ली।** आतिथ्य क्षेत्र की कंपनियां चाहती हैं कि सरकार आगामी आम बजट में होटल क्षेत्र को बुनियादी ढांचा क्षेत्र का दर्जा प्रदान करे, इससे नई संपत्तियों में निवेश अधिक आकर्षक बन सकेगा। उनका कहना है कि होटल क्षेत्र देश की वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसे 'लक्जरी' के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जाना चाहिए।

#### प्रभावी आईपीआर व्यवस्था चाहता है फार्मा उद्योग

**नई दिल्ली।** घरेलू फार्मास्युटिकल उद्योग चाहता है कि सरकार आगामी बजट में क्षेत्र में शोध एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए कॉरपोरेट कर में रियायत दे और एक प्रभावी बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) व्यवस्था स्थापित करने के लिए कदम उठाए। ऑर्गेनाइजेशन ऑफ फार्मास्युटिकल प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया के महानिदेशक अनिल मताई बजट को लेकर उद्योग की मांग रखते हुए कहा कि सरकार शोध एवं विकास को बढ़ावा देने के कदम उठाए।

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में लोगों का उत्साह, उत्कृष्ट कार्य सबसे बड़ी ताकतः मोदी

## इनक्यूबेशन इनोवेशन फंड के सातवें स्थापना दिवस पर मोदी का लिखित संदेश

नयी दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करने को कहा

● विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना उपलब्धियां

● वार्षिक इनोवेशन कॉन्क्लेव का विषय प्रभावकारी विचारः नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में भारतीयों का उत्कृष्ट कार्य तथा भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का उत्साह देश की सबसे बड़ी ताकत है। जैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन (जेआईटीओ) के इनक्यूबेशन इनोवेशन फंड के सातवें स्थापना दिवस पर लिखित संदेश में मोदी ने कहा कि भारत के प्रति दुनियाभर में जिस तरह का आशावाद और भरोसा देखा जा रहा है, वह देश की ताकत को दिखाता है।

मोदी ने कहा, भारत अपार संभावनाओं वाला देश है। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हमारे देशवासियों की भागीदारी और देश के विकास के लिए उनका उत्साह हमारी सबसे बड़ी ताकत है। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है।

उन्होंने कहा कि विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करना और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक है।

मोदी ने कहा, आज का आशावाद और हमारी क्षमताओं में अटूट विश्वास अंतरिक्ष विज्ञान, रक्षा और व्यापार सहित सभी क्षेत्रों तक फैला हुआ है। जेआईटीओ जैसे संगठनों ने पिछले दशक में इन उपलब्धियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण में योगदान दिया है। जेआईटीओ इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फंड (जेआईआईएफ) ने छह और सात जुलाई को अपना वार्षिक इनोवेशन कॉन्क्लेव आयोजित किया। इसका विषय था प्रभावकारी विचारः नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना। जेआईटीओ की अनुषंगी कंपनी जेआईआईएफ ने 80 कंपनियों में 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है और 25 से अधिक जैन उद्यमियों को प्रशिक्षित किया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर घटकर 651.9 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार और विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में जबरदस्त गिरावट आने से 28 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.7 अरब डॉलर कम होकर 651.9 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 28 जून को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.3 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 572.9 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 42.7 करोड़ डॉलर कम होकर 56.53 अरब डॉलर पर आ गया।

# 100 नई शाखाएं खोलेगा पंजाब एंड सिंध बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

● 2024-25 के अंत तक शाखाओं की कुल संख्या 1,665 होगी

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने चालू वित्त वर्ष में देशभर में 100 नई शाखाएं खोलने की योजना बनाई है। इस दौरान बैंक की अपने नेटवर्क में 100 नए एटीएम जोड़ने की भी योजना है। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंध निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने एजेंसी से कहा, सौ शाखाओं के जुड़ने से 2024-25 के अंत तक बैंक की शाखाओं की कुल संख्या 1,665 तक पहुंच जाएगी और एटीएम की संख्या भी 1,135 हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि बैंक शाखा विस्तार पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा और उत्तरी क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी नई शाखाएं खोली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बैंक का बैंकिंग प्रतिनिधि (बीसी) के माध्यम से अपनी पहुंच बढ़ाने का भी विचार है। उन्होंने कहा कि बैंक की योजना चालू वित्त वर्ष के दौरान अपने बीसी नेटवर्क को दोगुना करने की है। उन्होंने कहा कि बैंक इस नेटवर्क को वर्तमान के 1,700 से बढ़ाकर चालू वित्त वर्ष (2024-25) के अंत तक 4,000 तक करने का प्रयास कर रहा है। साहा ने कहा कि बैंक ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए अधिक उत्पादों और प्रक्रियाओं को अनुकूलित करने पर काम कर रहा है।

## तिमाही नतीजों का बाजार पर रहेगा असर

**मुंबई।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल की टिप्पणी से ब्याज दर में कटौती शुरू होने की एक बार फिर उम्मीद जगने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह एक प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह वैश्विक रुख के साथ ही कंपनियों की पहली तिमाही के नतीजे का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 963.87 अंक की छलांग लगाकर 79996.60 अंक व निफ्टी 313.25 अंक मजबूत होकर 24323.85 अंक हो गया।

# दिल्ली एनसीआर, मुंबई में घरों की कीमतें बढ़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी

● एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक पांच वर्षों में लगभग 50 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई

दिल्ली एनसीआर और मुंबई महानगर क्षेत्र में घरों की औसत कीमतें पांच वर्षों में 50 प्रतिशत बढ़ी हैं। संपत्ति सलाहकार एनारॉक ने कहा है कि यह वृद्धि उच्च मांग से प्रेरित है। एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली एनसीआर में आवासीय संपत्तियों की औसत कीमत जनवरी-जून, 2024 में 49 प्रतिशत बढ़कर 6,800 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई है, जो 2019 की समान अवधि में 4,565 रुपये प्रति वर्ग फुट थी। इसी तरह, एमएमआर में समीक्षाधीन अवधि के दौरान आवास की औसत कीमतें 10,610 रुपये प्रति वर्ग फुट से 48 प्रतिशत बढ़कर 15,650 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं।

एनारॉक ने कहा कि निर्माण लागत में भारी बढ़ोतरी और अच्छी बिक्री के कारण कीमतों में वृद्धि हुई। इसने बताया कि 2016 के अंत से 2019 तक दोनों क्षेत्रों में कीमतें स्थिर रहीं थीं। कोविड-19 महामारी के कारण इन दोनों आवासीय बाजारों में मांग नई ऊंचाइयों पर पहुंच गई।

## सिग्नेचर ग्लोबल की पहली तिमाही की बिक्री बुकिंग 3,120 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग अप्रैल-जून की पहली तिमाही में 3.5 गुना होकर 3,120 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। कंपनी की आवासीय परियोजनाओं में भारी मांग की वजह से बिक्री बुकिंग में यह उछाल दर्ज हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी की बिक्री बुकिंग 820 करोड़ रुपये रही थी। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में उसने 968 आवासीय इकाइयां बेचीं। एक साल पहले समान अवधि में उसकी बिक्री 894 इकाई रही थी।

# प्रकाशन से दो माह पहले अडाणी से संबंधित रिपोर्ट साझा की : सेबी

नयी दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने हिंडनबर्ग रिसर्च को लेकर दावा किया

अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट की एक अग्रिम प्रति इसके प्रकाशन से लगभग दो महीने पहले न्यूयॉर्क स्थित हेज कोष प्रबंधक मार्क किंग्डन के साथ साझा की थी और समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाया था। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने यह दावा किया है।

सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजे अपने 46 पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में विस्तार से बताया है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट सेलर, न्यूयॉर्क के हेज कोष और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े ब्रोकर को समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद आई 150 अरब डॉलर की गिरावट से लाभ हुआ। वहीं सेबी के इस कारण बताओ नोटिस के जवाब में हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि यह भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने और डराने-धमकाने का प्रयास है।

## नेक्सजेन एनर्जिया की 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना

**नोएडा।** हरित ऊर्जा क्षेत्र की कंपनी नेक्सजेन एनर्जिया ने अगले 10 साल में देश में 5,000 ग्रीन डीजल और संपीड़ित बायोगैस पंप खोलने की योजना बनाई है। कंपनी इसके लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। नोएडा स्थित कंपनी ने हाल में उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में अपने पहले सीबीजी पंप का उद्घाटन किया, जो स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण सेवाओं को बढ़ावा देने की उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नेक्सजेन एनर्जिया के चेयरमैन पीयूष द्विवेदी ने बताया, स्वच्छ ऊर्जा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता इस एक पंप से कहीं आगे तक जाती है।

# रोहित जिताएंगे चैंपियंस ट्रॉफी और डब्ल्यूटीसी : शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

फाइल फोटो ● एजेंसी

- बीसीसीआई सचिव बोले- भारत की टी20 विश्वकप जीत कोच राहुल विराट, रोहित और जडेजा को समर्पित
- चैंपियंस ट्रॉफी से पहले श्रीलंका और इंग्लैंड के खिलाफ खेलते दिखेंगे भारतीय दिग्गज

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी-20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट भारत की अगुआई जारी रखेंगे। उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतेगा।

कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। शाह ने वीडियो संदेश में कहा अगले चरण में डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है। मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे। अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 8 साल बाद (ब्रिटेन में 2017 के बाद से) किया जाएगा। इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है। समझा जा रहा है कि बीसीसीआई 2023 एकदिवसीय एशिया कप की तरह हाईब्रिड मॉडल लागू करने पर जोर देगा। इस मॉडल के तहत भारत ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले सहित अपने सभी मैच श्रीलंका में खेले थे। शाह के इस संदेश ने इन अटकलों पर विराम लग गया है कि क्या रोहित अन्य प्रारूपों में कप्तान की भूमिका छोड़ेंगे?

रोहित की अगुआई में भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीसी और एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय विश्व कप के फाइनल में भी जगह बनाई थी। भारत लगातार 10 मैच जीतने के बाद एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। शाह ने कहा टी-20 विश्व कप की इस जीत को कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविंद्र जडेजा को समर्पित करना चाहता हूं। यह पिछले एक साल में हमारा तीसरा फाइनल था। हम जून 2023 में डब्ल्यूटीसी फाइनल में हारे। नवंबर 2023 में हमने 10 जीत के साथ दिल जीता लेकिन खिताब नहीं जीत पाए। मैंने राजकोट में कहा था कि हम जून 2024 में दिल भी जीतेंगे और कप भी और अपना राष्ट्रीय ध्वज लहराएंगे, हमारा कप्तान भारतीय ध्वज लहराएगा। भारत चैंपियंस ट्रॉफी से पहले छह एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेलेगा जिसमें से तीन श्रीलंका के खिलाफ उसकी सरजमीं खेले जाएंगे जबकि फरवरी की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला घरेलू सरजमीं पर खेली जाएगी।

## आईपीएल और टेस्ट के बीच टकराव से बचने के लिए कार्यक्रम सुव्यवस्थित हो

लंदन, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि टेस्ट मैचों के लिए एक विशेष विंडो की जरूरत है ताकि आईपीएल जैसी फ्रेंचाइजी आधारित लीग खेलने की इच्छा रखने वाले खिलाड़ी व्यक्तिगत कार्यक्रम तय कर सकें और उसके अनुसार तैयारी करें।

आईपीएल के लिए अब हर साल अप्रैल और मई में एक विशेष विंडो होती है जिस दौरान बहुत ज्यादा टेस्ट मैच नहीं होते। सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने कमिंस के हवाले से कहा, कुछ देशों के लिए फ्रेंचाइजी क्रिकेट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से अधिक आकर्षक है। उन्होंने कहा अगर मैं जाकर फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलूं तो मैं शायद ऑस्ट्रेलिया के लिए जितना खेलता हूं, उसके आधे या एक तिहाई मैच में बाहर रहूंगा।

ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट नवंबर से जनवरी तक खेला जाता है तो इस समय में हमारे बीच कोई अन्य क्रिकेट नहीं आएगा। अगर हम आईपीएल के लिए विशेष विंडो बना सकते हैं तो टेस्ट के लिए भी विंडो हो सकती है। इससे खिलाड़ियों के लिए फैसला करना काफी आसान हो जाएगा।

## किसी खिलाड़ी पर सवाल नहीं उठने चाहिए : गिलेस्पी

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने स्पष्ट किया कि वह फिटनेस से किसी भी तरह से समझौता नहीं करेंगे और यह साबित करना खिलाड़ियों की जिम्मेदारी होगी कि वे राष्ट्रीय टीम के लिए क्यों महत्वपूर्ण हैं।

पाकिस्तान पहुंचने के कुछ देर बाद ही ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी ने कहा कि एक बार जब खिलाड़ी को राष्ट्रीय टीम के लिए चुना जाता है तो फिर उसकी फिटनेस, कौशल और मानसिक रवैये को लेकर सवाल नहीं उठने चाहिए। गिलेस्पी ने कहा राष्ट्रीय टीम वह जगह नहीं है जहां आप किसी खिलाड़ी के महत्व पर सवाल उठाएं। अगर किसी खिलाड़ी के स्थान को लेकर कोई धारणा है तो उसे अपने प्रदर्शन और रवैये से इसे बदलना होगा। मेरा मंत्र है कि टेस्ट टीम में फिट, मजबूत और सशक्त होने चाहिए क्योंकि क्रिकेट में किसी भी प्रारूप में फिटनेस महत्वपूर्ण होती है।

## खेल डायरी

### कोच पर छेड़छाड़ का आरोप, केसीए से मांगा जबाव

**तिरुवनंतपुरम।** केरल राज्य मानवाधिकार आयोग ने खुद ही संज्ञान लेकर रविवार को केरल क्रिकेट संघ (केसीए) के एक पूर्व कोच के खिलाफ युवा महिला खिलाड़ियों के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना में मामला दर्ज किया। आयोग ने लड़कियों द्वारा लगाए गए आरोपों और ऐसी घटनाओं को लेकर केसीए को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है। आधिकारिक बयान के अनुसार पैनल ने मीडिया रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में खुद ही संज्ञान लिया और आरोपी कोच के खिलाफ मामला दर्ज किया। आरोपी मनु पिछले 10 वर्षों से केसीए में कोच था। बताया गया है कि उसे पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम के तहत रिमांड पर लिया है। आयोग ने बताया कि केसीए ने कहा कि उन्हें इन घटनाओं की जानकारी नहीं थी। एक पीड़िता द्वारा शिकायत दर्ज करने के बाद कई अन्य लड़कियों ने भी क्रिकेट कोच के खिलाफ इसी तरह के आरोप लगाए हैं।

### राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में हारे

**कैलगरी।** भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को कनाडा ओपन में पुरुष एकल के सेमीफाइनल मुकाबले में रविवार को फ्रांस के एलेक्स लैनियर से हार का सामना करना पड़ा। बैडमिंटन रैंकिंग में 39वें स्थान पर मौजूद प्रियांशु 45 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के एलेक्स लैनियर से सीधे गेम में 21-17, 21-10 से हार गए। इस हार के साथ टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

### स्क्वाश चैंपियनशिप में अभय ने जीते दो स्वर्ण

**जोहोर (मलेशिया)।** प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किए। एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता। अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की। अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में ओंग साई हुंग और सियाफिक को शिकस्त दी।

### अविनाश साबले ने राष्ट्रीय स्टीपलचेस रिकॉर्ड तोड़ा

**पेरिस।** ओलंपिक दल के सदस्य अविनाश साबले ने रविवार को यहां पेरिस में डायमंड लीग प्रतियोगिता में आठ मिनट 9 .91 मिनट का समय निकालकर छठे स्थान पर रहकर 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। साबले ने 8 :11 .20 सेकेंड का अपना पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया जो उन्होंने 2022 में बनाया था। इस तरह पेरिस में उन्होंने डेढ़ सेकेंड से बेहतर समय निकाला।

### विनेश ने जीता ग्रां प्री ऑफ स्पेन का खिताब

**मैड्रिड।** पेरिस ओलंपिक 2024 से भारत की स्टार महिला पहलवान विनेश फोगाट ने एक बार फिर अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्पेन में आयोजित ग्रैंड प्रिक्स कुश्ती टूर्नामेंट में महिलाओं की 50 किग्रा वर्ग का खिताब जीत लिया हैं। विनेश ने शनिवार देर रात खेले गए टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में इंडिविजुअल नेचुरल एथलीट मारिया तिउमेरेकोवा को 10-5 से हराया। शुरुआती मुकाबले में विनेश ने मौजूदा पैन अमेरिकन चैंपियन क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराकर जीत के साथ अभियान की शुरुआत की थी। भारतीय पहलवान ने क्वार्टरफाइनल में राष्ट्रमंडल खेल 2022 की रजत पदक विजेता कनाडा की मैडिसन पार्क्स को हराया। सेमीफाइनल में कनाडा की कैटी डचक को 9-4 से शिकस्त दी थी।

# अभिषेक के शतक से जीता भारत

## जिम्बाब्वे को 100 रन से हराकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की, मुकेश-आवेश को 3-3 विकेट

सिकंदर रजा का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते आवेश खान। ● एजेंसी

टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपना पहला शतक जड़ने के बाद अभिषेक ने कुछ इस अंदाज में मनाया जश्न। ● एजेंसी

हरारे, एजेंसी

भारतीय टीम ने युवा खिलाड़ी अभिषेक शर्मा की 47 गेंद में 100 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से रविवार को यहां दूसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे पर 100 रन की जीत से पांच मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की। बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण पहले मैच में मिली 13 रन की हार से वापसी करते हुए अभिषेक के आठ छक्के और सात चौके जड़ित शतक से रविवार को टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने दो विकेट पर 234 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। यह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत का सर्वोच्च स्कोर है, इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 186 रन का था।

इसके बाद भारत के मुकेश कुमार (37 रन देकर तीन विकेट), आवेश खान (15 रन देकर तीन विकट) और रवि बिश्नोई (11 रन देकर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी से जिम्बाब्वे को 18.4 ओवर में 134 रन पर समेट दिया। भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की। जिम्बाब्वे के लिए सलामी बल्लेबाज वेस्ले माधेवेरे ने 43 रन, ल्यूक जोंगवे ने 33 रन और ब्रायन बेनेट ने 26 रन की पारी खेली। इनके अलावा जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कैंपबेल के बेटे जोनाथन कैंपबेल (10 रन) ही दोहरे अंक में पहुंचे। पिछले मैच में पदार्पण के दौरान चार गेंद में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक ने सूझबूझ से खेलते हुए रूतुराज गायकवाड़ (47 गेंद में नाबाद 77 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी निभाई। इन दोनों के अलावा रिंकू सिंह ने 22 गेंद में पांच छक्के जड़ित नाबाद 48 रन की पारी खेली। गायकवाड़ और रिंकू ने तीसरे विकेट के लिए नाबाद 87 रन की भागीदारी निभाई। वेलिंगटन मास्काद्जा और ब्लेसिंग मुजारबानी को एक एक विकेट मिला। भारत ने पहले 10 ओवर में एक विकेट पर 74 रन बनाए। फिर अगले पांच ओवर में टीम ने युवराज सिंह के शिष्य की बदौलत 78 रन जोड़े। खराब क्षेत्ररक्षण का भी जिम्बाब्वे को नुकसान पहुंचा जिन्होंने गायकवाड़ का कैच भी छोड़ दिया था। इसके बाद गायकवाड़ और रिंकू ने 36 गेंद में 87 रन की भागीदारी निभाई।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरूआत अच्छी नहीं रही जिसने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए। मुकेश और आवेश ने जिम्बाब्वे के शीर्ष क्रम को आउट किया जिससे जिम्बाब्वे ने पावरप्ले में अपने चार विकेट गंवा दिये थे। माधेवेरे एक छोर पर डटे थे लेकिन दूसरे छोर पर विकेट गिरते रहे और महज औपचारिकता बची थी। माधेवेरे ने 39 गेंद का सामना करते हुए तीन चौके और एक छक्का जड़ा। उन्होंने जोंगवे के साथ आठवें विकेट के लिए 32 गेंद में 41 रन जोड़े। इसके अलावा कोई महत्वपूर्ण भागीदारी नहीं बनी। पहले मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले स्पिनर रवि बिश्नोई ने दो और वाशिंगटन सुंदर ने एक विकेट झटका।

### स्कोर बोर्ड

**भारत** 234/2 (20 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शुभमन गिल का बेनेट बो मुजारबानी | 2 | 4 | 0/0 |
| अभिषेक शर्मा का मेयर्स बो मास्काद्जा | 100 | 47 | 7/8 |
| रूतुराज गायकवाड़ नाबाद | 77 | 47 | 11/1 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 48 | 22 | 2/5 |

**अतिरिक्त** : 7, **गेंदबाजी** : ब्रायन बेनेट 2-0-22-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 4-1-30-1, टेंडाई चतारा 4-0-38-0, सिंकदर रजा 3-0-34-0, ल्यूक जोंग्वे 4-0-53-0, डायन मेयर्स 1-0-28-0, वेलिंगटन मास्काद्जा 2-0-29-1

**जिम्बाब्वे** 134/10 (18.4 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इनोसेंट काइया बो मुकेश | 4 | 3 | 1/0 |
| वेस्ली माधेवेरे बो रवि बिश्नोई | 43 | 39 | 3/1 |
| ब्रायन बेनेट बो मुकेश | 26 | 9 | 1/3 |
| डायन मेयर्स का रिंकू बो आवेश | 0 | 1 | 0/0 |
| सिंकदर रजा का जुरेल बो आवेश | 4 | 4 | 1/0 |
| जोनाथन कैम्पबेल का बिश्नोई बो सुंदर | 10 | 18 | 0/0 |
| क्लाइव मडांडे पगबाधा बो रवि बिश्नोई | 0 | 4 | 0/0 |
| वेलिंगटन मास्काद्जा रन आउट | 1 | 3 | 0/0 |
| ल्यूक जोंगवे का गायकवाड़ बो मुकेश | 33 | 26 | 4/0 |
| ब्लेसिंग मुजारबानी का सुंदर बो आवेश | 2 | 4 | 0/0 |
| टेंडाई चतारा नाबाद | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 11, **गेंदबाजी** : मुकेश 3 .4-0-37-3, अभिषेक शर्मा 3-0-36-0, आवेश खान 3-0-15-3, रवि बिश्नोई 4-0-11-2, वाशिंगटन सुंदर 4-0-28-1, रियान पराग 1-0-5-0

# द. अफ्रीका ने भारत को दिया 178 रन का लक्ष्य

चेन्नई, एजेंसी

**संक्षिप्त स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका महिला** : 177/6, 20 ओवर, लॉरा 22, बिट्स 52, बुच 40, काप 20, डर्कसन 12 नाबाद। **विकेट** : पूजा 2, दीप्ति 2, श्रेयंका पाटिल 1, राधा 1।

तेजमिन ब्रिट्स के लगातार दूसरे अर्धशतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद भारत के खिलाफ दूसरे महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में रविवार को यहां छह विकेट पर 177 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

ब्रिट्स ने शुरू में मिले जीवनदान का फायदा उठाकर 39 गेंद पर 52 रन बनाए जिसमें छह चौके और एक छक्का शामिल है। उनके अलावा अन्नेका बोश ने 32 गेंद पर छह चौकों की मदद से 40 रन का योगदान दिया। दीप्ति (20 रन देकर दो विकेट) और पूजा वस्त्राकर (37 रन देकर दो विकेट) सबसे सफल गेंदबाज रही। ऑफ स्पिनर सजीवन सजना ने ब्रिट्स को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहला मैच खेल रही उमा छेत्री के हाथों स्टंप आउट करा दिया था लेकिन विकेटकीपर ने गेंद को स्टंप के आगे से पकड़ा था जिससे यह नोबॉल हो गई और बल्लेबाज को जीवनदान मिला। सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी की। पूजा ने वुलफार्ट को आउट किया। इसके बाद स्पिनरों ने लगाम कसी और अगले नौ ओवर में 55 रन ही बनाने दिए। दीप्ति ने मारिजान काप (20) को लंबी पारी नहीं खेलने दी। ब्रिट्स इस बीच रन बटोरती रहीं। उन्हें उमा ने दीप्ति की गेंद पर स्टंप आउट किया। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से क्लोई ट्राइऑन (12), नडीन डि क्लर्क (14) और अनरी डर्कसन (नाबाद 12) ने भी उपयोगी योगदान दिया।

विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

# उरूग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील को 4-2 से हराया

**कोपा अमेरिका 2024**

लास वेगास, एजेंसी

जीत के बाद जश्न मनाती उरूग्वे की टीम ● एजेंसी

मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा जिससे उरूग्वे ने ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की। दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं। इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं। इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए।

उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी। शूट आउट में गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने एडेर मिलिताओ का शॉट रोका जबकि डगलस लुई की पेनल्टी किक गोल पोस्ट से टकराई जिससे उरूग्वे ने 3-1 की बढ़त दिलाई। गोलकीपर एलिसन बेकर ने चौथे प्रयास में उरूग्वे के जोस मारिया गिमिनेज की पेनल्टी किक रोककर ब्राजील को मुकाबले में बनाए रखा लेकिन अगले प्रयास में उगार्ते ने गोल दागकर टीम की जीत सुनिश्चित की। उरूग्वे की टीम बुधवार को सेमीफाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगी। दूसरा सेमीफाइनल मंगलवार को अर्जेन्टीना और कनाडा के बीच खेला जाएगा।

### कोलंबिया ने पनामा को 5-0 से हराया

**ग्लेनडेल (एरिजोना)।** कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस जीत के साथ कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया। जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलाई। रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को 2-0 से आगे किया। लुई डियाज ने रोड्रिग्ज के पास पर गोल दागकर कोलंबिया की बढ़त 3-0 की। मध्यांतर तक कोलंबिया की टीम 3-0 से आगे थी। दूसरे हाफ में 70वें मिनट में रिचर्ड रायोस और फिर मिगुएल बोर्जा ने इंजरी टाइम में पेनल्टी किक पर गोल करके कोलंबिया की 5-0 से जीत सुनिश्चित की। कोलंबिया बुधवार को सेमीफइनल में उरूग्वे से भिड़ेगा।

## पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में

**यूरो कप 2024**

डसेलडोर्फ (जर्मनी), एजेंसी

हेडर का प्रयास करते स्विट्जरलैंड और इंग्लैंड के खिलाड़ी। ● एजेंसी

इंग्लैंड ने पेनल्टी शूट आउट में स्विट्जरलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूट आउट में 5-3 से जीत दर्ज की। ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे।

बुकायो साका की ने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था। एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड और साका के अलावा पेनल्टी शूट आउट में इंग्लैंड के लिए कोल पाल्मर, ज्यूड बेलिंघम और इवान टोनी ने भी गोल किए। इंग्लैंड अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को डोर्टमंड में नीदरलैंड से भिड़ेगा।

### तुर्की को हराकर नीदरलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा

**बर्लिन।** नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। नीदरलैंड की टीम बुधवार को डोर्टमंड में दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी। पहला सेमीफाइनल मंगलवार को स्पेन और फ्रांस के बीच खेला जाएगा।

# नोवाक जोकोविच प्री क्वार्टर फाइनल में, स्वियातेक हारी

लंदन, एजेंसी


मैच के बाद एक-दूसरे का अभिवादन करते नोवाक और पोपिरिन। ● एजेंसी

सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए एलेक्सेई पोपिरिन को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को शिकस्त का सामना करना पड़ा।

दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। दूसरी तरफ स्वियातेक को पहला सेट जीतने के बावजूद ऑल इंग्लैंड क्लब पर तीसरे दौर के मुकाबले में गैर वरीय यूलिया पुतिंत्सेवा ने 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। स्वियातेक का लगातार 21 मैच में जीत का अभियान भी थम गया। पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक को विंबलडन का ग्रास कोर्ट रास नहीं आता है। पुतिंत्सेवा अगले दौर में 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन और 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंका से भिड़ेंगी। महिला एकल में ही 21वीं वरीय एलेना स्वितोलिना ने 10वें नंबर की ओन्स जेब्युर को 6-1, 7-6 से हराया।

पुरुष एकल में चौथे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कैमरन नोरी को सीधे सेट में 6-4, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी। अमेरिका के 14वें वरीय बेन शेल्टन ने स्थगित किए गए मुकाबले में डेनिस शापोवालोव को 6-7, 6-2, 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। वह रविवार को दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से भिड़ेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।**

## एक नजर

### श्रीलंका में जुलाई के अंत तक राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा

**कोलंबो।** श्रीलंका में निर्वाचन आयोग इस महीने के अंत तक राष्ट्रपति चुनाव की तारीख का ऐलान कर देगा। आयोग ने रविवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष आरएमएएल रत्नायके ने कहा कि राष्ट्रपति चुनाव 17 सितंबर से 16 अक्टूबर के बीच होगा। निर्वाचन आयोग फिलहाल 2024 के चुनावी रजिस्टर को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जो चुनाव का आधार होगा। अधिकारियों ने बताया कि संशोधित सूची के अनुसार एक करोड़ 70 लाख से अधिक मतदाता चुनाव में मतदान करने के पात्र होंगे।

### फिल्म निर्माता जॉन लैंडोउ का 62 वर्ष की उम्र में निधन

**लॉस एंजिलिस।** प्रसिद्ध अमेरिकी फिल्म निर्माता और ऑस्कर पुरस्कार विजेता जॉन लैंडोउ का निधन हो गया। वह 63 साल के थे। लैंडोउ ने निर्देशक जेम्स कैमरन के साथ मिलकर फिल्म टाइटैनिक और अवतार सीरीज पर काम किया था। डिज्नी एंटरटेनमेंट के सहअध्यक्ष एलन बर्गमैन ने शनिवार को एक बयान जारी कर लैंडोउ के निधन की जानकारी दी। हालांकि, यह नहीं बताया कि मृत्यु किस कारण हुई।

### ब्रिटिश रेलवे का जल्द ही पुनर्राष्ट्रीयकरण करेगा

**लंदन।** ब्रिटेन की लेबर पार्टी का इरादा ब्रिटिश रेलवे का जितनी जल्दी हो सके पुनर्राष्ट्रीयकरण करने का है। द टेलीग्राफ अखबार ने ब्रिटेन के नए परिवहन मंत्री लुईस हाई के हवाले से बताया कि लेबर पार्टी ने कथित तौर पर पांच साल के भीतर देश के रेलवे नेटवर्क को पूरी तरह से राष्ट्रीयकृत करने और एक राज्य के स्वामित्व वाली कंपनी, ग्रेट ब्रिटिश रेलवे बनाने का वादा किया है जो निजी स्वामित्व वाले यात्री परिवहन अनुबंधों की समाप्ति के बाद विरासत में मिलेगी। ब्रिटेन लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर 58वें प्रधानमंत्री बन गए। उनकी पार्टी को गुरुवार के आम चुनाव में भारी जीत दर्ज हुई।

### पाकिस्तान-चीन सहयोग का नया युग शुरू : शहबाज

**इस्लामाबाद।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), संचार, खनन एवं ऊर्जा क्षेत्रों में पाकिस्तान-चीन सहयोग का एक नया युग शुरू हो गया है और इससे आर्थिक विकास होगा तथा समय की कसौटी पर खरे उतरे द्विपक्षीय संबंध और प्रगाढ़ होंगे। रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार शरीफ की यह टिप्पणी शनिवार को इस्लामाबाद में चीन की अपनी हालिया यात्रा के दौरान किए गए समझौतों और सहमति ज्ञापनों के क्रियान्वयन पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आई। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन क्षेत्रों में पाकिस्तान-चीन सहयोग को बढ़ावा देने से आर्थिक विकास होगा, क्षेत्रीय संबंधों में मजबूती आएगी और दोनों देशों के बीच संबंध प्रगाढ़ होंगे। उन्होंने पाक-चीन की मित्रता का उल्लेख करते हुए कहा कि चीन ने हमेशा मुश्किल समय में पाकिस्तान का साथ दिया है। उन्होंने कहा चीन सबसे मजबूत आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा है।

# आ गया जोरावर, हांफेगा चीन

## सेना को शुरुआत में 59 टैंक उपलब्ध कराए जाएंगे

चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत स्वदेशी टैंक विकसित कर रहा है। भारत ने हल्के वजन वाले टैंक जोरावर को निर्माण की दिशा में अहम पड़ाव को पार कर लिया है। स्वदेशी टैंक जोरावर लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्रों के काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सेना में जोरावर के शामिल होने से चीन के खिलाफ भारत की स्थिति अधिक मजबूत दिखेगी। पर्वतीय इलाकों में अधिक स्पीड से चल सकता है।

दो साल के रिकॉर्ड समय में विकसित यह टैंक स्वदेशी निर्माण में भारतीय प्रगति का प्रमाण है। यह चीनी सीमा पर तैनात किए जाएंगे। डीआरडीओ की ओर से यह टेस्टिंग के लिए तैयार किया गया है। इनमें से 59 टैंक शुरुआत में सेना को उपलब्ध कराए जाएंगे और यह 295 और बख्तरबंद वाहनों के प्रमुख कार्यक्रम के लिए अग्रणी होगा। भारतीय वायु सेना सी-17 श्रेणी के परिवहन विमान में एक बार में दो टैंकों की आपूर्ति कर सकती है क्योंकि यह टैंक हल्का है और इसे पर्वतीय घाटियों में हाई स्पीड से चलाया जा सकता है। अगले 12-18 महीनों में यह टैंक से जुड़े अन्य परीक्षण पूरा कर इसे सेना में शामिल किए जाने के की उम्मीद है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन डीआरडीओ के प्रमुख ने शनिवार को कहा कि स्वदेशी हल्के टैंक जोरावर को सभी परीक्षणों अगले तीन वर्ष तक पूरा हो जाने की उम्मीद है।

### जोरावर की खूबियां

- फील्ड आर्टिलरी- एफवी433, 105 एमएम
- कॉक्सियल मशीन गन- 7 .62 एमएम
- वजन- 25 टन
- बैठने की क्षमता- 3 लोग
- ताकत- 1000 हॉर्स पावर
- स्पीड-70 किमी/घंटा
- ऑफरोड-35 से 40 किमी/घंटा

"यह हम सबके लिए गर्व की बात है भारत का अपना लाइट टैंक जल्द एक्शन में होगा। टैंक का परीक्षण संबंधी अहम पड़ाव को पार करना चुनौती था। यह मुझे खुश और गौरवान्वित करता है। दो से ढाई साल की छोटी सी अवधि में, हमने न केवल इस टैंक को डिजाइन किया है, बल्कि इसका पहला प्रोटोटाइप भी बनाया है।

-**समीर वी. कामथ**, डीआरडीओ चीफ

### इसलिए खास है जोरावर

रूस और यूक्रेन संघर्ष से सबक सीखते हुए डीआरडीओ ने जोरावर टैंक में घूमने वाले हथियारों के लिए यूएसवी को इंटीग्रेट किया है। लाइट टैंक जोरावर काफी हल्का है। यह पहली बार है कि इतने कम समय में एक नया टैंक डिजाइन करके टेस्टिंग के लिए तैयार किया गया है। जोरावर टैंक की खास बात इसका वजन और साथ ही एक टैंक के मूलभूत मापदंडों का कॉम्बिनेशन है। इस टैंक में फायर, ताकत, मोबिलिटी और सुरक्षा है।

### 2027 तक सेना का होगा हिस्सा

डीआरडीओ प्रमुख ने बताया कि लाइट टैंक को एक्शन में देखना हम सभी के लिए वास्तव में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह मुझे खुश और गौरवान्वित करता है। यह वास्तव में एक मिसाल है। दो साल से ढाई साल की छोटी अवधि में, हमने न केवल इस टैंक को डिजाइन किया है, बल्कि पहला प्रोटोटाइप भी बनाया है। अब पहला प्रोटोटाइप अगले छह महीनों में डेवलपमेंट टेस्ट से गुजरेगा। फिर हम इसे अपने यूजर्स को यूजर टेस्टिंग के लिए पेश करने के लिए तैयार होंगे। सभी टेस्ट के बाद जोरावर को वर्ष 2027 तक भारतीय सेना में शामिल किए जाने की उम्मीद है।

# चुनाव लड़ेंगे या मैदान छोड़ेंगे बाइडेन दो दिन में लेंगे फैसला

## यदि बाइडेन मना करते हैं तो उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को करेंगे नामित

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन और अन्य राज्यों के गवर्नर के साथ हाल में एक बैठक में भाग लेने वाले हवाई के गवर्नर जोश ग्रीन ने कहा कि बाइडेन दो दिन में यह फैसला कर लेंगे कि उन्हें राष्ट्रपति पद के चुनावी मुकाबले में बने रहना है या नहीं।

ग्रीन ने शनिवार को कहा कि उनका मानना है कि यदि राष्ट्रपति जो बाइडेन चुनावी दौड़ से बाहर होने का फैसला करते हैं तो वह चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर अपने स्थान पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को नामित करेंगे। उन्होंने कहा कि अगर राष्ट्रपति को यह लगता है कि वह वास्तव में चुनाव जीत नहीं पाएंगे तो वह दौड़ से बाहर हो जाएंगे। वह इस बात की समीक्षा कर रहे हैं। ग्रीन ने कहा कि दुनिया को जल्द पता चल जाएगा कि बाइडेन के मन में राष्ट्रपति पद को लेकर क्या विचार है।

- राष्ट्रपति व अन्य राज्यों के गवर्नर के साथ बैठक में भाग लेने वाले हवाई के गवर्नर ने दी जानकारी

बाइडेन ने कई बार कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वी एवं पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ मुकाबले में बने रहेंगे। राष्ट्रपति पद के चुनाव की प्रक्रिया के तहत अटलांटा में 27 जून को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई बहस में खराब प्रदर्शन के बाद बाइडेन (81) की लोकप्रियता की रेटिंग गिर गई है, जिसके बाद उन्हीं की पार्टी के कुछ नेताओं ने उनसे राष्ट्रपति पद के चुनाव की दौड़ से बाहर होने का आग्रह किया था।

### बाइडेन के साक्षात्कार के लिए रेडियो होस्ट को भेजी गई सवालों की सूची

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया में वर्ड रेडियो स्टेशन के संवाददाता को उनकी टीम से अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साक्षात्कार के लिए अनुमोदित प्रश्नों की एक सूची भेज दी गई है। वर्ड की मेजबान एंड्रिया लॉफुल-सैंडर्स ने यह जानकारी दी। उन्होंने शनिवार को सीएनएन को बताया प्रश्न मुझे मंजूरी के लिए भेजे गए थे, मैंने उन्हें मंजूरी दे दी... मुझे कई सवाल मिले उनमें से आठ थे और मैंने उन्हें उन्हें चार सवालों की मंजूरी दे दी।

- फिलाडेल्फिया में वर्ड रेडियो स्टेशन के संवाददाता ने आठ में से चार सवालों को दी मंजूरी

यह पुष्टि करने के लिए पूछे जाने पर कि क्या प्रश्नों की सूची व्हाइट हाउस से प्राप्त हुई थी सैंडर्स ने कहा, उसी दिन सिविकमीडिया रेडियो होस्ट अर्ल इंग्राम ने एबीसी न्यूज को बताया कि उन्हें साक्षात्कार के लिए प्रश्न भी दिए गए थे। इंग्राम ने कहा कि उन्हें अमेरिकी नेता की टीम से पांच सवालों की एक सूची मिली और उन्होंने उनमें से चार सवाल चुने।

# फ्रांस में अंतिम चरण के लिए मतदान जारी पहले में दक्षिण कट्टरपंथी पार्टी रही थी आगे

पेरिस, एजेंसी

- नाजी युग के बाद सत्ता की बागडोर दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जाने की संभावना
- बहुमत न मिला तो यूरोपीय नीतियों का विरोध करने वाले दलों के साथ सत्ता साझा करनी पड़ेगी मैक्रों को

फ्रांस में संसदीय चुनाव के लिए रविवार को अंतिम चरण का मतदान जारी है जिसमें नाजी युग के बाद सत्ता की बागडोर पहली बार राष्ट्रवादी एवं धुर-दक्षिणपंथी ताकतों के हाथों में जाने या त्रिशंकु संसद की संभावना जताई जा रही है। फ्रांस की संसद का कार्यकाल 2027 में खत्म होना था लेकिन यूरोपीय संघ में 9 जून को बड़ी हार मिलने के बाद राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों ने समय से पहले संसद भंग कर बड़ा जुआ खेला है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार को संसदीय चुनाव में मतदान किया।

इस मध्यावधि चुनाव के परिणाम से यूरोपीय वित्तीय बाजारों यूक्रेन के लिए पश्चिमी देशों के समर्थन और वैश्विक सैन्य बल व परमाणु शस्त्रागार के प्रबंधन के फ्रांस के तौर-तरीके पर काफी प्रभाव पड़ने की संभावना है। चुनाव में करीब चार करोड़ 90 लाख मतदाता मतदान के लिए पंजीकृत हैं और यह चुनाव तय करेगा कि नेशनल असेंबली पर किसका नियंत्रण होगा तथा प्रधानमंत्री कौन बनेगा। अगर मैक्रों को बहुमत नहीं मिला तो उन्हें यूरोपीय संघ-समर्थक नीतियों का विरोध करने वाले दलों के साथ सत्ता साझा करने को मजबूर होना पड़ेगा। इससे पहले 30 जून को पहले चरण का चुनाव हुआ था। सर्वेक्षणों से पता चला है कि नेशनल रैली 577 सीट वाली नेशनल असेंबली में अधिक सीट जीत सकती है, लेकिन बहुमत के लिए 289 सीट संभवता नहीं जीत पाएगी।

फ्रांस में संसदीय चुनाव के दौरान वोट डालती महिला।

### नस्लवाद व यहूदी-विरोधी भावना से नेशनल रैली का संबंध

नेशनल रैली का नस्लवाद और यहूदी-विरोधी भावना से पुराना संबंध है तथा यह फ्रांस के मुस्लिम समुदाय की विरोधी मानी जाती है। अनेक फ्रांसीसी मतदाता महंगाई और आर्थिक चिंताओं से परेशान हैं। वे राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के नेतृत्व से भी निराश हैं। मरीन ले पेन की आव्रजन विरोधी नेशनल रैली पार्टी ने इस असंतोष को चुनाव में भुनाया है और उसे विशेष रूप से टिकटॉक जैसे ऑनलाइन मंचों के जरिए हवा दी है। नया वामपंथी गठबंधन न्यू पॉपुलर फ्रंट भी व्यापार समर्थक मैक्रों और उनके मध्यमार्गी गठबंधन टुगेदर फॉर द रिपब्लिक' के लिए चुनौती पेश कर रहा है।

# मोदी की यात्रा को लेकर उत्सुक है रूस : दिमित्री

मॉस्को, एजेंसी

रूस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को की बेहद अहम यात्रा को लेकर उत्सुक है और वह इस यात्रा को रूस तथा भारत के संबंधों के लिए अति महत्वपूर्ण मानता है। रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शनिवार को यह बात कही। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वह 8 एवं 9 जुलाई को मॉस्को में रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को नई दिल्ली में इस उच्चस्तरीय यात्रा के बारे में जानकारी दी थी और कहा था कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा करेंगे तथा आपसी हितों के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। पेसकोव रूस के सरकारी टेलीविजन वीजीटीआरके के साथ साक्षात्कार में कहा कि मॉस्को में दोनों नेता अन्य कार्यक्रमों के अलावा अनौपचारिक बातचीत भी करेंगे। उन्होंने कहा जाहिर है कि अगर इसे अति व्यस्त न भी कहा जाए तो भी एजेंडा व्यापक होगा। यह एक आधिकारिक यात्रा होगी और दोनों नेता अनौपचारिक तरीके से भी बातचीत कर सकेंगे।



- 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे मोदी, आज पहुंचेंगे रूस

# हमले में 16 फिलिस्तीनियों की मौत

दोहा, एजेंसी

गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर और फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) स्कूल पर रविवार को इजराइली हमले में 16 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए और 50 घायल हो गए।

स्पूतनिक ने मंत्रालय का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक पत्र में कहा, कब्जे वाले बलों ने नुसीरात में यूएनआरडब्ल्यूए स्कूल में एक नया नरसंहार किया, जहां विस्थापित लोग शरण लिए हुए थे। हमले के बाद 16 से अधिक मारे गए और 50 घायलों को शुहदा अल-अक्सा अस्पताल ले जाया गया। हमास कहा कि जब गोलाबारी हुई तो उसके सैनिक स्कूल में नहीं थे। ऐसी जगहों पर इजराइली बमबारी हो रही थी। हमास ने सात अक्टूबर 2023 को इजराइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया।

### इजराइल ने नुसीरात व फिलिस्तीन शिविर पर बरसाए बम

### इजराइल में नेतन्याहू के खिलाफ फिर विरोध-प्रदर्शन

तेल अवीव। गाजा में युद्ध शुरू होने के नौ महीने पूरे होने पर इजराइल के प्रदर्शनकारियों ने रविवार को देशभर में राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से पद छोड़ने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने संघर्ष विराम का आह्वान किया ताकि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाया जा सके। ये प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहे हैं जब अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने समझौते के लिए नए सिरे से प्रयास शुरू कर दिए हैं। मिस्र और हमास के अधिकारियों ने कहा कि सप्ताहांत में हमास ने युद्ध समाप्त करने के लिए इजराइल की प्रतिबद्धता की प्रमुख मांग छोड़ दी है। इससे नवंबर के बाद पहली बार लड़ाई रुक सकती है तथा आगे की वार्ता के लिए मंच तैयार हो सकता है। पिछले साल सात अक्टूबर को सीमा पार से हुए हमले के बाद फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह द्वारा शुरू किए गए युद्ध में 1,200 लोग मारे जा चुके हैं और 250 अन्य को बंधक बनाया गया है। क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल के जवाबी हवाई और जमीनी हमले में 38 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

# चुनौतियों से पार पाने में ईरान की मदद करना अगली बड़ी परीक्षा

तेहरान, एजेंसी

ईरान के निर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने शनिवार को कहा कि देश को अड़चनों, चुनौतियों और संकटों से पार पाने में मदद करना अगली बड़ी परीक्षा होगी। उन्होंने यह टिप्पणी तेहरान में इमाम खुमैनी के मकबरे पर समर्थकों के साथ बात करते हुए की। पेजेश्कियन को देश के 14वें राष्ट्रपति चुनाव में सिद्धांतवादी उम्मीदवार सईद जलीली के खिलाफ़ दूसरे दौर के मुकाबले में विजेता घोषित किया गया।

उन्होंने ईरान के लोगों की सेवा करने की अपनी तत्परता पर जोर दिया और उनकी चिंताओं को ध्यान से सुनने का वादा किया। उन्होंने अपने प्रशासन के सामने आने वाली चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को स्वीकार किया और तनाव कम करने और कठिनाइयों से निपटने के लिए ईरानी संसद के साथ काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने अपने अभियान के वादों की प्रामाणिकता को रेखांकित किया एवं पुष्टि की कि उन्होंने जो प्रतिबद्धताएं की हैं उन्हें पूरा करने का इरादा है। पेजेश्कियन ने 16,384,403 वोटों के साथ चुनाव जीता जबकि जलीली को 13,538,179 वोट मिले। वह 2016 से 2020 तक संसद के पहले डिप्टी स्पीकर और 2001 से 2005 के बीच स्वास्थ्य मंत्री थे।

- निर्वाचित राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने लोगों की सेवा करने की अपनी तत्परता पर जोर दिया

## बॉलीवुड हलचल

### जस्टिन बीबर ने अनंत-राधिका के समारोह की तस्वीरें की साझा

**मुंबई।** मशहूर अंतर्राष्ट्रीय पॉप गायक जस्टिन बीबर ने जाने-माने उद्योगपति एवं अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट के संगीत समारोह की कई अनदेखी तस्वीरें और वीडियो साझा किए हैं। बीबर शुक्रवार सुबह लॉस एंजिलिस से मुंबई पहुंचे। उन्होंने रात में जियो कन्वेंशन सेंटर में आयोजित अनंत-राधिका के संगीत समारोह में अपने प्रसिद्ध गानों बेबी, सॉरी, लव योर सेल्फ और पीचेस से धूम मचा दी। बीबर (30) अपनी खास प्रस्तुति देने के बाद मियामी रवाना हो गए थे। उन्होंने शनिवार रात इंस्टाग्राम पर अपनी प्रस्तुति की कई तस्वीरें और वीडियो साझा किए। बीबर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर संगीत समारोह के दौरान दी शानदार प्रस्तुति और उनके साथ गाना गाते हुए लोगों की झलकियां साझा कीं। तस्वीरों में बीबर अनंत और राधिका के साथ मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं।

### अक्षरा सिंह के नया गाना मोहिनी का टीजर रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अदाकारा और गायिका अक्षरा सिंह के नये गाने मोहिनी का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर आइकॉन भोजपुरी बवाल के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है, जिसमें अक्षरा सिंह और अंशुमान राजपूत नजर आ रहे हैं। यह गाना कल 8 जुलाई को रिलीज होने वाला है। मोहिनी गाने में अक्षरा सिंह ने अपनी सिंगिंग और अदाकारी का जादू बिखेरा है। टीजर आउट होने के बाद अपने नए गाने को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा, मुझे खुशी हो रही है कि मैं आप सबके सामने अपना नया गाना मोहिनी लेकर आ रही हूं। आप सभी को यह गाना पसंद आएगा। गाना मोहिनी का लिरिक्स विनय बिहारी ने लिखा है, जबकि गाने के संगीतकार मधुकर आनंद हैं। डी ओपी वेंकटेश महेश हैं और कोरियोग्राफर विशाल गुप्ता और सूरज हैं।

### दिलीप कुमार की डेथ एनिवर्सरी पर भावुक हुई सायरा बानो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सायरा बानो अपने दिवंगत पति दिलीप कुमार की पुण्यतिथि पर भावुक हो गईं। दिलीप कुमार का 7 जुलाई 2021 को निधन हो गया था। सायरा ने इमोशनल पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने कुछ प्यार भरी तस्वीरें और एक नोट शेयर किया है। नोट में सायरा बानो ने लिखा है प्रिय यूसुफ जान चाहे कुछ भी हो, हम फिर भी हाथ में हाथ डालकर साथ चलेंगे। जब तक समय का अस्तित्व है, तब तक साथ रहेंगे। हर पल हमारे साथ का गवाह है। मैं अक्सर उस प्यार और जीवन के बारे में सोचती हूं, जो हमने साथ बिताया क्योंकि यह अभी भी हमें पूरा करता है।

# भारत-ब्रिटेन एफटीए पर अगले दौर की वार्ता इसी महीने करेंगे

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में नई सरकार के कार्यभार संभालने के साथ ही भारत और ब्रिटेन के वरिष्ठ अधिकारी प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए लंबित मुद्दों को सुलझाने और वार्ता को अंतिम रूप देने के लिए इस महीने अगले दौर की वार्ता करेंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एफटीए के लिए भारत-ब्रिटेन वार्ता जनवरी, 2022 में शुरू हुई थी। दोनों देशों में आम चुनाव के चलते 14वें दौर की वार्ता रुक गई। अधिकारी ने कहा कि दोनों पक्ष संपर्क में हैं और अगला दौर इसी महीने शुरू होगा। ब्रिटेन के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री स्टॉर्मर ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की और कहा कि वह दोनों पक्षों के लिए लाभकारी एफटीए को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

**सराहनीय** संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर सांसदों में शामिल

# भारत के सोजन जोसेफ बने ब्रिटेन में सांसद

लंदन, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) में मानसिक स्वास्थ्य नर्स सोजन जोसेफ ब्रिटेन के आम चुनाव में ब्रिटेन की संसद के निचले सदन हाउस ऑफ कॉमन्स के लिए चुने गए लेबर सांसदों में शामिल हैं। जोसेफ 22 साल पहले केरल से ब्रिटेन आए थे।

जोसेफ (49) ने अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदाताओं से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक जोर देने का वादा किया था और वह कंजर्वेटिव पार्टी का गढ़ माने जाने वाले दक्षिण-पूर्वी इंग्लैंड की केंट काउंटी के एशफोर्ड में सेंध लगाने में सफल रहे। लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में जोसेफ ने एशफोर्ड निर्वाचन क्षेत्र में जीत हासिल की। उन्होंने वरिष्ठ राजनीतिज्ञ डेमियन ग्रीन को हराया।

मूल रूप से केरल के कोट्टायम जिले के एक छोटे से गांव काइपुझा में जन्मे जोसेफ ने केंट की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा में मानसिक स्वास्थ्य नर्स के रूप में काम किया है। जोसेफ ने अपने संबोधन में कहा आप सभी ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, उससे मैं अभिभूत हूं और साथ ही मैं अपनी जिम्मेदारियों को भी जानता हूं।

उन्होंने कहा कि उन्हें एशफोर्ड और विल्सबोरो को अपना घर कहने में बहुत गर्व महसूस होता है। जोसेफ ने बेंगलुरु के बीआर आंबेडकर मेडिकल कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई पूरी की थी। ब्रिटेन में उन्होंने स्वास्थ्य सेवा नेतृत्व में मास्टर डिग्री के लिए अध्ययन किया, जिसमें उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा में विविधता और समावेश पर ध्यान केंद्रित किया। ब्रिटेन में 4 जुलाई को हुए आम चुनाव में लेबर पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की थी और केअर स्टॉर्मर नए प्रधानमंत्री बने।

- केरल के रहने वाले जोसेफ 22 साल पहले ब्रिटेन पहुंचे थे